रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 165] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 1, 2014/आषाढ़ 10, 1936
No. 165] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 1, 2014/ASADHA 10, 1936

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)
(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 जूलाई, 2014

प्रारम्भिक जांच परिणाम

विषय: चीन जन.गण. के मूल के या वहां से निर्यातित इलैक्ट्रीकल इंसुलटरों के आयातों के बारे में पाटनरोधी जांच–प्रारंभिक जांच परिणाम

सं. 14/11/2013–डीजीएडी : समय–समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम कहा गया है) और समय–समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं का अभिज्ञान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली (जिसे आगे पाटनरोधी नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए :

क. प्रक्रिया

1. निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई गई है :

क. निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे ''प्राधिकारी'' कहा गया है) को उपर्युक्त नियमों के अंतर्गत संबद्ध वस्तु के घरेलू उद्योग के रूप में आदित्य बिड़ला नूवो लि0 (''आदित्य बिड़ला'') भारत हैवी इलैक्ट्रीकल लि0 (''बीएचईएल''), इंसुलेटर्स एंड इलैक्ट्रीकल कं0 (''आईईसी''), मॉडर्न इंसुलेटर्स लि0 (''मार्डन'') और डब्ल्यूएस इंडस्ट्रीज (इंडिया) लि0 (''डब्ल्यू एस आई'') (जिन्हें आगे ''आवेदक'' कहा गया है) से एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें चीन जन.गण. (जिसे आगे ''सम्बद्ध देश'' कहा गया है) के मूल के या वहां से निर्यातित इलैक्ट्रीकल इंसुलेटरों के पाटन का आरोप लगाया गया है।

ख. आवेदन की प्रारंभिक जांच से कुछ कमियों का पता चला जिन्हें बाद में आवेदकों ने सुधार दिया था। आवेदकों ने एक अद्यतित याचिका दायर की, जिस पर प्राधिकारी ने जांच की शुरूआत हेतु विचार किया । अतः आवेदन को समुचित ढंग से प्रलेखित माना गया था।

ग. जांच की शुरूआत को न्यायोचित ठहराने के लिए प्राधिकारी ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के आयातों के खिलाफ जांच शुरू करने का निर्णय लिया ।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के उपनियम 5(5) के अनुसार, जांच शुरू करने से पूर्व आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत स्थित चीन जन.गण. के दूतावास को अधिसूचित किया ।

ड. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के बारे में पाटनरोधी जांच शुरू करते हुए दिनांक 5 सितंबर, 2013 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

च. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(2) के अनुसार सार्वजनिक सूचना की एक प्रति सभी ज्ञात निर्यातकों (जिनके ब्यौरे आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए थे) और उद्योग एसोसिएशनों को भेजी और उनसे लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया।

छ. प्राधिकारी ने सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भारत में सम्बद्ध वस्तु के सभी ज्ञात आयातकों को भी भेजी और उन्हें पत्र की तारीख से चालीस दिन के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने की सलाह दी।

ज. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6 (3) के अनुसार आवेदन के अगोपनीय रूपांतरण की प्रति ज्ञात निर्यातकों तथा भारत स्थित चीन जन.गण. के दूतावासं को उपलब्ध कराई। आवेदन की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई थी।

झ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संगत सूचना मांगने के लिए सम्बद्ध देश में निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजीं।

हुनान लिनिंग हुआक्सिन पोर्सिलेन इंसुलेटर एंड इलैक्ट्रिक एपरेट्स कं0 लि0, पुकोऊ इंडस्ट्रियल पार्क, लिनिंग, हुनान, चीन जन.गण.	डेलियन इंसुलेटर कं0 लि0, 88, ईस्ट लिआओहे रोड, डीडी पोर्ट, डेलियन–116600, चीन जन.गण.
एन जी के इंसुलेटर्स तांगशान कं0 लि0 तंगशान न्यू एंड हाई टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट जोन 3, हुओजू रोड, 188, हेबेई–063020, चीन जन. गण.	जियान एक्सडी हाई वोल्टेज पोर्सिलेन इंसुलेटर कं0 लि0, डेक्विंग रोड, जियान, शांक्सी–710077 चीन जन.गण.
एनकेजी सिरेमिक्स सुझोऊ कं0 लि0 एवं एनजी के टेक्नोसेरा सुझोऊ न्यू डिस्ट्रिक्ट जियांग्सु–215129 चीन जन.गण.	एनकेजी इंसुलेटर्स सुझोऊ कं0 लि0 401, जियानलिन रोड,सुझोऊ न्यू डिस्ट्रिक्ट, जियांग्सु–215151 चीन जन.गण.
चाइना इलैक्ट्रो–सिरेमिक इंप. एंड एक्स., 3/एफ यूनिट 05 सं0 333, हांगवू रोड, ननजिंग '21000 चीन जन.गण.	एमडब्ल्यूबी (शंघाई) कं0 लि0 (ट्रेंच चाइना) सं0 3658, जियानचेंग रोड, इकनॉमिक एंड टेक्नोलॉजिकल डेवलपिंग जोन, मिनहांग/शंघाई, चीन जन.गण.
ट्रेंच हाईवोल्टेज प्रोडक्ट्स लि0, शेनयांग (टीएचवीएस) सं0 2, झेजिलियांग ईआर रोड जिंग शेन xi सान स्ट्रीट, डाओयी इकनॉमिक डेवलपमेंट जोन–110135, शेनयांग, चीन जन.गण.	हुनान लिनिंग गुआओलियान पोर्सिलेन इंसुलेटर, 13/एफ तियानजिन हाउंटिंग बिल्डिंग, 48, काई रोड–410005, चेंगशा, हुनान, चीन जन.गण.
ननजिंग इलैक्ट्रिक ग्रुप कं0 लि0 63, ताइक्सिन रोड, नानजिंग सिटी, जियांग्सु प्रोविंस, चीन–210038	सेवेस सेडिवर इंसुलेटर (बीजिंग) कं0 लि0 , 7वां तल नं0 2, बिल्डिग, चाइना सेंट्रल प्लेस, 79 जियांगुओ रोड, चओयांग डिस्ट्रिट, बीजिंग–100025–चीन
जिगोंग सेडिवर टफंग ग्ला इंसुलेटर कं0 लि0 162, हुतोऊ एसटी, गांगजिंग डिस्ट्रिक्ट, जिगोंग, 643020 चीन	यीबिन ग्लोबल ग्रुप कं0 लि0 ग्लास इंडस्ट्रियल पार्क, यीबिन बुलांगयी ग्रुप, सिचुआन 6444007, चीन

ट. जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना के उत्तर में चीन के निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों ने उत्तर दिया है :–

क. नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कं0 लि0

ख. जिगांग सेडिवर टफंड (शंघाई) कं0 लि0

ग. सेडिवट इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0

घ. डेलियन इंसुलेटर ग्रुप कं0 लि0

ड. लिनिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टेक्नालॉजी कं0 लि0

च. लिनिंग हुआचेंग इंसुलेटर्स कं0 लि0

छ. सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कं0 लि0

ज. चेंग्डु ग्लोबल स्पेशल–ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कं0 लि0

झ. सेडिवर एस.ए. (फ्रांस)

मै0 काम्पटन ग्रीव्स लि0 ए–3, एमआईडीसी, एम्बाद, बीनासिक–422 01 महाराष्ट्र	मै0 अरेवा टी एंड डी इंडिया लि0, सं0 142, वंडालुर–वलजहाबाद रोड, सलामंगलम (गांव) पडप्पाई (पोस्ट), श्रीपेरूम्बदूर (तालुक) जिला कांचीपुरम–601301 तमिलनाडु
मै0 ए बी बी लि0 पीपीएचवी–सी केटी ब्रेकर्स, बड़ोदरा टी एच एस– लि0 (लाइव टैंक ब्रेकर), मनेजावर्क्स, बड़ोदरा 390013, गुजरात	मै0 सीमेंस लि0 ब्रेकर प्रभाग ई–76, वालुज, एमआईडीसी, औरंगाबाद–431136

	महाराष्ट्र
पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि0, सौदामिनी, प्लाट सं0 2, सैक्टर–29, गुड़गांव–122 001	मै. अडानी पावर लि0 शिखर, 9वां तल, मीठाखाली सिक्स रोड्स, नवरंगपुरा, अहमदाबाद–380009 (गुजरात), भारत
मै0 टाटा प्रोजेक्ट्स लि0 ''मिथोना टावर्स–1'' 1–7–80 से 87, वेस्ले को–एड जू.नि. कॉलेज के सामने, पेंडरघास्ट रोड, सिकंदराबाद–500003 (आंध्र प्रदेश), भारत	मै0 कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन लि0, 101, पार्ट–III, जीआईडीसी इस्टेट, सेक्टर–28, गांधीनगर–382028 (गुजरात), भारत
मै0 केईसी इंटरनेशनल लि0 डीएलएफ इनफिनिटी टॉवर्स, 7वां तल, टावर–बी, डीएलएफ सिटी, फेस–।।, गुड़गांव–122002 (हरियाणा), भारत	मै0 रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 धीरूभाई अम्बानी नॉलेज सिटी, विंग–6, भूतल, डी–ब्लॉक, महाराष्ट्र, भारत

ठ. संबद्ध वस्तु के किसी भी आयातक/प्रयोक्ता ने न तो प्रश्नावली के उत्तर के रूप में कोई उत्तर दिया है और न ही जांच की शुरूआत पर टिप्पणियां उपलब्ध कराई हैं ।

ड जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना की प्रति विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित भारतीय उत्पादकों/एसोसिएशन को भी भेजी गई थीं :

इंडियन इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, रिस्यामोक बिल्डिंग, प्रथम तल, 85 ए, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली–110001	पी आर इंडस्ट्रीज सी–4, इंडस्ट्रियल इस्टेट एन एच 91, जी.टी. रोड, खुर्जा–203131
एलाइड सेरेमिक्स प्रा0 लि0 91, लेनिन सरनी, कोलकाता 7000013	तरूना डेकहोम प्रा0 लि0 एफ–51, बिचवाल इंडस्ट्रियल एरिया फेज–II, बीकानेर–33006
भटिंडा सेरेमिक्स प्रा0 लि0 गांव–जोधपुर रोमाना, डाबवाली रोड, भटिंडा, पंजाब–151001	बीकानेर सेरेमिक्स प्रा0 लि0 रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया, बीकानेर–334001
ब्कानेर पोरसीलेन प्रा0 लि0 एफ–179/180, बिचवाल इंडस्ट्रियल एरिया, बीकानेर–334 006	सीजेआई पोर्सिलेन (प्रा0) लि0, एम–17, धोहिल हाऊस, चौथी मंजिल, एम ब्लॉक मेन मार्किट, ग्रेटर कैलास–II, नई दिल्ली–110048
डेक्कन इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0 बी–58,59 एवं 60 एपीआईई, बालननगर, हैदाबाद–500037	गोल्डस्टोन टेलीसर्विसेज लि0, अमरचंद शर्मा कॉम्पलैक्स, एस डी रोड, सिकंदराबाद–500037
मयूर इलेक्ट्रो सेरेमिक्स प्रा0 लि0 पो.आ. प्रतापगढ़, रायरंगपुर, जिला–मयूरभंज, मयूरभंज–757 050	सरवाना ग्लोबल एनर्जी लि0 विरूद्धाचलम रोड, पी.एन. कुप्पम, कुरिंजीपाडी पोस्ट–कुड्डालोरेन जिला–607 302
प्रेसगेल इंसुलेशन प्रा0 लि0 डी–52, सरदार इंडस्ट्रियल इस्टेट अजवा रोड, रोड नं0 5, वदोदरा–390019	श्रीजी पावर एंड इंसुलेटर्स प्रा0 लि0, सर्वे नं0 321 नानी चिराई जिला, भचाऊ, गुजरात
रविकिरन सेरेमिक्स प्रा0 लि0 स्टेशन रोड, क्रनी–387325	ए के इंडिया सेरेमिक्स (प्रा0) लि0 एनएच 15, 15 केएम स्टोन, जयपुर रोड, गांव रायसाई, बीकानेर

त. इसके प्रत्युत्तर में निम्नलिखित ने याचिका का समर्थन करते हुए अपने पत्र दायर किए हैं :–

क. इंडियन इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन
ख. श्रीजी पावर एंड इंसुलेटर्स प्रा0 लि0
ग. बीकानेर सेरामिक्स प्रा0 लि0
घ. ए.के. सेरामिक्स प्रा0 लि0

ड. बीकानेर पोरसीलिन प्रा0 लि0
च. एलाइड सेरेमिक्स प्रा0 लि0
छ. तरूणा डिकोप प्रा0 लि0
ज. प्राइम इंसुलेटर्स
झ. सर्वाना ग्लोबन एनर्जी लि0
ट. जयपुरिया ब्रदर्स
ठ. जर्नल पावर कंपनी प्रा0 लि0
ड. हिंदुस्तान कैमिकल्स
ढ. राष्ट्रीय इलैक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कार्पोरेशन

ध. प्राधिकारी ने विभिन्न इच्छुक पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का अगोपनीय रूपांतरण इच्छुक पार्टियों द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रखी गई सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध कराई । सभी इच्छुक पक्षकारों द्वारा की गई प्रस्तुति को वर्तमान निष्कर्षों में ध्यान मे रखा गया है ।

न. गोपनीय आधार पर इच्छुक पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई । संतुष्ट होने पर जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को प्राधिकारी ने स्वीकार कर लिया है और वह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा दूसरे इच्छुक पक्षकारों को नहीं बताई गई है । जब भी संभव होता है गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर फाइल की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतरण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे ।

प. आवेदक से और अन्य इच्छुक पक्षकारों से आवश्यक समझी जाने वाली और भी सूचना मांगी गई थी । प्रारंभिक जांच परिणामों के प्रयोजन से आवश्यक समझा जाने वाला घरेलू उद्योग का सत्यापन किया गया था ।

ब. सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों (जी ए ए पी) के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर भारत में उत्पादन लागत तथा निर्माण लागत और विषयगत सामान को बेचने की लागत के आधार पर गैर हानिकारक (इसके बाद ''एनआईपी'' लिखा गया है) निकाली गई है ताकि घरेलू उद्योग को होने वाला नुकसान हटाने के लिए यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाटनरोधी शुल्क पाटन मार्जिन से कम है । चूंकि ग्लास इंसुलेटर्स भारत में उत्पादित नहीं किए जाते अतः पोर्सलेन इंसुलेटर की एनआईपी मानी गई है । साथ ही विभिन्न उत्पाद किस्मों के लिए अलग एनआईपी निर्धारित की गई है ।

भ. 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 (12 माह) की अवधि के लिए जांच की गई (इसके बाद इसे ''जांच की अवधि'' अथवा पीओआई) कहा गया है । हाल ही के विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्ति की जांच में 2009–10, 2010–11, 2011–12 तथा पीओआई शामिल है ।

म. अमरीकी डॉलर को रूपए में बदलने के लिए विनिमय दर सीमाशुल्क के आंकड़ों के अनुसार 54.65 रूपए के रूप में पीओआई के लिए मानी गई है ।

य. *** गोपनीय आधार पर आवेदकों द्वारा दी गई सूचना इस अनंतिम निष्कर्ष को दर्शाती है और इसीलिए नियमों के अधीन प्राधिकारी ने इसे माना है ।

ख. विचाराधीन उत्पाद तथा समान वस्तु

2. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्लास के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स, अथवा सिरामिक्स/पोर्सलेन है, वह चाहे असेंबल किया हुआ हो अथवा असेम्बल न किया हुआ हो जिसमें (क) टेलीफोन अथवा 1 केवी तक की वोल्टेज के टेलीग्राफ इंसुलेटर्स, (ख) 1 केवी तक की वोल्टेज के इलैक्ट्रिकल या इलैक्ट्रोनिक उपकरण/डिवाइस इंसुलेटर्स तथा (ग) कंपोजिट इंसुलेटर्स (जिन्हें इसके बाद ''इलैक्ट्रिक इंसुलेटर्स'' अथवा ''विचाराधीन उत्पाद'' कहा गया है) शामिल नहीं है ।

निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य इच्छुक पक्षकारों के विचार

3. इच्छुक पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित मुद्दे उठाए हैं :

क. याचिका के भाग 2 में डी आई द्वारा उत्पादित विषयगत सामान के आकार, किस्म, रेंज, मॉडल के संबंध में सूचना उपलब्ध नहीं है । डीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना विश्वसनीय नहीं है क्योंकि इसे डीआई द्वारा किसी भी समय बदला जा सकता है, क्योंकि इस पर नियंत्रण अथवा मानीटरिंग के लिए कोई तंत्र नहीं है । डीआई की वैबसाइट अविश्वसनीय है क्योंकि उनकी वैबसाइट पर उनकी क्षमताओं के संबंध में बढ़ाने–चढ़ाने के लिए कंपनियों के लिए बहुत सामान्य बात है ।

ख. भाग 2 के पैरा 5 में उत्पाद सूची बिना किसी सहायक साक्ष्य के दी गई है जिस पर डी आई वास्तव में इन उत्पादों का उत्पादन करता है । प्राधिकारी पाटनरोधी नियमों के नियम 5 (3) (ख) के अनुसार डीआई द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य की पर्याप्तता और शुद्धता पर विचार करने के लिए बाध्य है ।

ग. आवेदक को जांच के तहत शामिल किए गए सामानों के आयात का विश्लेषण करने के लिए विषयगत उत्पाद के 8 अंक तक के स्तर तक आंकडे वर्गीकृत करते हुए पंक्ति दर पंक्ति निर्यात के आंकड़े प्रदान करने चाहिए ताकि प्राधिकारी और इच्छुक पक्षकारों को विषयगत उत्पाद की स्पष्ट और समुचित समझ हो ।

घ. याचिकाकर्ता ने याचिका के पृष्ठ 67 पर एच एस कोड 854610 और 854620 के लिए चीनी सीमाशुल्क से निर्यात आंकड़ों का विवरण प्रदान किया है तथा बाद में एच एस कोड 854620 1000, 854620 9001 और 854620 9090 भी दिया है जिसमें पारेषण और वितरण दोनों के लिए तथा प्रत्येक किस्म के ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स के लिए इलैक्ट्रिक इंसंलुटर्स शामिल हैं और उन निर्यात आंकड़ों का विश्लेषण करना अत्यधिक कठिन है जो सारांश रूप में प्रदान किए गए हों ।

ड. अलग किए गए उत्पादों के आंकड़े अधूरे हैं, क्योंकि वे पीओआई के अनुसार भी नहीं हैं । अतः इन अधूरे आंकड़ों पर विश्वास नहीं किया जा सकता । यूएन कामट्रेड के आंकड़े दर्शाते हैं कि ग्लास इंसुलेटर्स भारत से पुनः निर्यात किए जा रहे हैं जबकि यह एक स्वीकृत तथ्य है कि घरेलू उद्योग उनका विनिर्माण नहीं करता । यह अनुरोध किया जाता है कि चीन से आयात और भारत का बाजार आकार ऐसे आयातित सामानों के पुनः निर्यात के लिए केवल समायोजन करने के बाद ही निर्धारित किया जाए ।

च. मै0 नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कंपनी लि0 (चीन में उत्पादक और निर्यातक) और सीसीसीएमई का दावा है कि इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर समान नहीं है क्योंकि सभी इंसुलेटर्स का भिन्न–भिन्न अंतिम प्रयोग है और भौतिक विशेषताएं हैं । यथा आकार, क्षमता आदि । तथा प्रत्येक प्रकार के इंसुलेटर के लिए व्यापक रूप से भिन्न हैं । इंसुलेटर निम्नलिखित में इस्तेमाल होते हैं :

i. विद्युत पारेषण एवं वितरण लाइनें
ii. विद्युत उप पारेषण लाइनें
iii. सर्किट ब्रेकर
iv. डिस्कनेक्टर
v. पावर सब–स्टेशन
vi. इंस्ट्रुमेंट्स एवं ट्रांसफामर
vii. रेलवे

छ. पाटन, क्षति एवं आकस्मिक संपर्क की वस्तुपरक जांच में, जो कि घरेलू कानूनों के तहत तथा डब्ल्यू टी ओ पाटनरोधी करार के तहत अनिवार्य है, उत्पादों के एक समूह की दूसरे समूह के साथ तुलना के बजाए एक मद की दूसरे मद के साथ तुलना किए जाने की आवश्यकता है । यह तर्क दिया जाता है कि क्षमता में महत्वपूर्ण अंतरों तथा विषयगत उत्पाद के अन्य अभिलक्षणों की दृष्टि से एक पीयूसी के रूप में सभी क्षमताओं के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स को एक साथ इकट्ठा करना अनुचित और गलत है ।

ज. उनके तर्कों का आधार बनाने के लिए इच्छुक पक्षकार ई यू तथा यूएसए जैसे अन्य देशों में चल रही परिपाटियों पर विश्वास करते हैं जहां विशेष रूप से इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स से संबंधित पाटनरोधी जांचें की जाती हैं, पीयूसी उत्पाद की भौतिक, तकनीकी तथा रासायनिक विशेषताओं पर आधारित थीं, उनका मुख्य उपयोग तथा अनुप्रयोग एक–दूसरे के स्थान पर लाए जाने की मात्रा तथा उपभोक्ता की संकल्पना पर आधारित थी । उदाहरण के लिए इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के संबंध में अमरीकी पाटनरोधी जांच संख्या 731–टीए–1023 में उत्पाद क्षेत्र "उच्च एवं अतिरिक्त उच्च वोल्टेज सिरामिक स्टेशन पोस्ट इंसुलेटर्स" तक सीमित थी । रिलायंस भी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को प्रभावित करने वाले इंडोनेशिया के कतिनस उपायों में डीएस 54/55/59/64 में डब्ल्यूटीओ पैनल रिपोर्ट में रखा गया है जहां डब्ल्यू टी ओ पैनल ने यह मानते हुए सभी छोटे–मोटों को मिलाकर एक जगह रखने से इंकार किया है कि यद्यपि, ये छोटे–मोटे उत्पाद आधारभूत भौतिक विशेषताओं और अंतिम प्रयोग में हिस्सा ले सकते हैं । तथापि, वे बहुत भिन्न प्रकार के उत्पाद हैं जो आकार, वजन, ईंधन पावर, प्रौद्योगिकी और अभिलक्षणों की दृष्टि से अत्यधिक भिन्न हो सकते हैं ।

झ. सभी इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स को एक ही छत के नीचे इकट्ठा करना अनुचित है क्योंकि वस्तु निर्धारण, सामान्य मूल्य का भारित औसत लेते हुए पाटन मार्जिन का निर्धारण तथा निर्यात लागत, क्षति दावों का समाधान आदि जैसी घरेलू उद्योग की स्थिति पर इच्छुक पक्षकारों के लिए अपनी बात रखना संभव नहीं है । यहां तक कि घरेलू उद्योग विभिन्न इलैक्ट्रिक इंसुलेटर्स को अपने ब्रॉशरों में और अपनी वैबसाइटों पर भिन्न बताते हैं । निर्यातक और इच्छुक पक्षकारों ने भी विभिन्न इलैक्ट्रिकल इंसुलेटरों के संबंध में विस्तृत लेख दिए हैं ।

ट. इलैक्ट्रिकल इंसुलुटर्स समान नहीं हैं क्योंकि सभी इंसुलेटरों का अलग–अलग अंतिम प्रयोग, भौतिक विशेषताएं–जैसे आकार क्षमता आदि और प्रत्येक प्रकार के इंसुलेटर व्यापक रूप से भिन्न है । वे तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से एक–दूसरे का स्थान लेने योग्य भी नहीं हैं ।

ड 765 केवी की क्षमता के इलैक्ट्रिक इंसुलेटर्स और एचवीडीसी लाइनों के लिए इंसुलेटर्स को जांच के क्षेत्र से अलग कर दिया जाए क्योंकि घरेलू उद्योग के कुछ ही घटक उपर्युक्त इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर का उत्पादन करते हैं । मै0 मॉर्डन इंसुलेटर्स और मै0 आईइसी ने उपर्युक्त इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के उत्पादन के संबंध में अपनी योग्यता की पुष्टि करने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य नहीं दिया है ।

ढ. प्राधिकारी ने उत्पादों की किस्म, अंतिम प्रयोगों, भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, उपभोक्ता अवधारणा आदि जैसे कारकों पर आधारित एकल जांच में उत्पादों को पृथक रूप से परिभाषित करने की निरंतर अच्छी परिपाटी अपनाई है और यही परिपाटी इस मामले में भी अपनाई जाए । रिलायंस को निम्नलिखित जांचों में रखा गया है जिनमें पीयूसी में विभिन्न सामान पूर्णतः भिन्न थे और तकनीकी अथवा वाणिज्यिक रूप से परस्पर परिवर्तनीय नहीं थे । उदाहरण निम्नलिखित हैं :

i. चीन जन.गण. तथा यूरोपियन यूनियन से निर्यातित अथवा वहां से आने वाले रासायनिक मिश्रणों पर आधारित कतिपय फॉस्फोरस के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच ।
ii. चीन से एमबीटी, सीबीएस, टीडीक्यू, पीवीआई और टीएमटी जैसे रबड़ रसायन तथा चीन और कोरिया जन.गण. से पीएक्स–13 के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच
iii. डेनमार्क से उत्प्रेरकों के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

ण. इन जांचों में पीयूसी का क्षेत्र विभिन्न उत्पादों में अलग कर दिया गया था और पाटन, क्षति तथा उत्पादों के आयात तथा घरेलू उद्योग को क्षति के बीच आकस्मिक संपर्क की पृथक जांच की गई ।

त. मै0 ट्रेंच हाइवोल्टेज प्रोडक्टस लि0 (टीएचवीएस), शेनयांग, चीन बशिंग का उत्पादक है और मै0 एमडब्ल्यूबी (शंघाई) कं0 लि0, शंघाई, चीन (एमडब्ल्यूबी) चीन जन.गण. से गैस इंसुलेटेड स्विच गियर्स के लिए एसएफ 6 इंसुलेटेड वोल्टेज ट्रांसफार्मर का उत्पादक है । टीएचवीएस और एमडब्ल्यूबी याचिका में विषयगत उत्पादों के प्रसिद्ध उत्पादक/निर्यातक के रूप में सूचीबद्ध किए गए थे । दोनों कंपनियों ने विषयगत जांच के संबंध में प्राधिकारी से 9 सितंबर, 2013 का पत्र प्राप्त किया ।

थ. प्राधिकारी से पत्र प्राप्त होने पर दोनों कंपनियों ने पीओआई के दौरान भारत को निर्यातित अपनी उत्पादों की बारीकी से समीक्षा की और निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुंचे :

i. टीएचवीएस ने भारत को कोई इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर निर्यात नहीं किए परंतु पीओआई के दौरान भारत को केवल बुशिंग का निर्यात किया । टीएचवीएस ने अपनी वह उत्पाद सूची दी है जो पीओआई के दौरान भारत को निर्यात की गई ।
ii. एमडब्ल्यूबी ने भारत को कोई इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर निर्यात नहीं किया परंतु पीओआई के दौरान भारत को केवल वोल्टेज ट्रांसफार्मर निर्यात किए । एमडब्ल्यूबी ने अपनी वह निर्यात सूची दी है जो पीओआई के दौरान उसने भारत में निर्यात की ।

द. टीएचवीएस और एमडब्ल्यूबी ने सामूहिक रूप से 15 जनवरी, 2014 की अपनी बात रखते हुए विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र से उनके उत्पादों को खास तौर पर हटाए जाने तथा विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है ।

ध. इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर बुशिंग के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले घटक हैं । जिस तथ्य को भी घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका में स्वीकार किया जाता है । दूसरी ओर वोल्टेज ट्रांसफार्मर इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स से पूरी तरह भिन्न हैं । इसके अतिरिक्त वोल्टेज ट्रांसफार्मरों में प्रयुक्त किए जाने वाले इंसुलेटर खोखले संयुक्त इंसुलेटर हैं जिन्हें प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विचाराधीन उत्पाद से पहले ही अलग कर दिया गया है ।

न. विषयगत उत्पाद, बुशिंग और एसएफ–6 वोल्टेज ट्रांसफार्मरों के बीच विस्तृत अंतर टीएचवीएस और एमडब्ल्यूबी द्वारा दे दिए गए हैं । चर्चा से यह स्पष्ट है कि इलैक्ट्रिकल इंसुलेटरों का प्रयोग बुशिंग्स और वोल्टेज ट्रांसफार्मरों के विनिर्माण के लिए आवश्यक घटक के रूप में किया जाता है तथा उनके बिना बुशिंग्स तथा वोल्टेज ट्रांसफर्मरों का विनिर्माण करना संभव नहीं है ।

प. प्रयोग, अंतिम उपभोक्ता, निवेश, उत्पादन प्रक्रियाआदि में महत्वपूर्ण अंतरों के आलोप में यह स्पष्ट है कि बुशिंग्स और वोल्टेज ट्रांसफार्मर इलैक्ट्रिकल इुसंलेटरों से भिन्न हैं और तकनीकी या वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं हैं । टीएचवीएस और एमडब्ल्यूबी का अनुमान है कि सीमाशुल्क प्राधिकारियों ने उस समय उनके उपर्युक्त उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है जब वे भारत को निर्यात किए गए थे । अतः उन्होंने प्राधिकारी से अनुरोध किया है कि वे विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र से बुशिंग्स और वोल्टेज ट्रांसफार्मरों को विशेष रूप से अलग कर दें ।

फ. साथ ही पक्षकारों ने तर्क दिया है कि प्राधिकारी पीयूसी में संशोधन करने अथवा स्पष्ट करने के लिए एक शुद्धिपत्र जारी करे । पिछले जिन उदाहरणों में पीयूसी कार्यक्षेत्र को स्पष्ट करने के लिए शुद्धि पत्र जारी किए गए थे, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

i. चीन जन.गण. से फॉस्फोरिक एसिड के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच

ii. रूस, चीन जन.गण. और यूक्रेन से कतिपय ग्रेड की मिश्र धातु तथा गैर–मिश्र धातु इस्पात बिलेट्स, छड़ें और राउंड के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

iii. पोलेंड, साउथ कोरिया, इंडोनेशिया, सउदी अरब, रूस, ईरान, अमरीका तथा यूरोपियन यूनियन से ऑक्सोअल्कोहल के आयात से संबंधित पाटनरोधी समीक्षा जांच ।

iv. रूस और चीन जन.गण से कतिपय किस्म/ग्रेड की मिश्र धातु तथा गैर मिश्र धातु इस्पात बिलेट, छडें तथा राउंड के आयात से संबंधित मध्यावधि समीक्षा पाटनरोधी जांच

ब. गोल्ड स्टोन इन्फ्राटेक लि0 ने दावा किया कि पोलीमर/कंपोजिट इंसुलेटर का कार्य एक समान है और ग्लास तथा पार्सलेन इंसुलेटर का प्रयोग करते हैं तथा इसीलिए बाजार में उपभोक्ताओं द्वारा एक–दूसरे के स्थान पर उपयोग में लाए जा रहे हैं । कंपोजिट/पॉलीमर इंसुलेटर्स के घरेलू विनिर्माता चीन से इस प्रकार के आयातों के कारण भी पीड़ित हैं । अतः चाहे पोर्सलिन हो अथवा ग्लास हो अथवा कंपोजिट/पॉलीमर हो, चीन से सभी इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगना चाहिए ।

भ. सिलेमिक और ग्लास इंसुलेटर्स कच्ची सामग्री, उत्पादन प्रकिया, इंसुलेटर का उत्पादन करने में लिए जाने वाले समय, कच्ची सामग्री की लागत (ग्लास इंसुलेटर के लिए लगभग 600 आरएमबी/टन है, जबकि पोर्सलेन इंसुलेटर की लागत लगभग 910–1160 आरएमबी/टन है), भार, निष्पादन, टनेज, जीवनकाल, सीमाशुल्क वर्गीकरण, आदि में अंतरों के कारण समान वस्तु नहीं है। । सिरामिक और ग्लास इंसुलेटर निम्नलिखित कारणों से डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छे 2.6 में दी गई परिभाषा के अर्थ के अंतर्गत ''समान वस्तु'' नहीं हैं :

(i.) प्रयोग में लाई गई कच्ची सामग्री भिन्न है ।

(ii.) उत्पादन प्रक्रियाभिन्न है । पोर्सलेन इंसुलेटर्स का उत्पादन शेपिंग–ड्राइंग–ग्लेलिंग–सिंटरिंग प्रक्रियाके माध्यम से किया जाता है । कच्ची सामग्री को 14 दिन तक 850 डिग्री सेल्सियस पर गर्म किया जाता है, पिघलाया नहीं जाता और इसकी विनिर्माण प्रक्रियामें 45 दिन लगते हैं ।

ग्लास इंसुलेटर्स : कच्ची सामग्री को 1450 डिग्री सेल्सियस पर पिघलाया जाता है, फ्यूजन मोल्ड प्रेसिंग, टफनिंग और उच्च दाब की वायु शीतलन में रखा जाता है । कोई क्योरिंग प्रक्रियानहीं होती । एक दिन में उत्पादन किया जा सकता है ।

भौतिक रूप से देखने पर दो भिन्न उत्पादक प्रकियाओं के कारण क्रिस्टल रूप में अंतर साफ हो जाता है ।

(iii.) लागत, तुलना तथा तकनीकी विशेषताओं की तुलना अंतर बता देती है ।

(iv.) सीमाशुल्क वर्गीकरण ग्लास : एचएस कोड 854610: सिरामिकः एचएस कोड 854620

(v.) ग्लास इंसुलेटर्स का विनिर्माण भारत में नहीं किया जाता ।

(vi.) अतः उत्पाद तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं हैं ।

य. कतिपय उत्पादों को अलग करने के लिए प्राधिकार चीन, जापान, कोरिया, ईयू, साउथ अफ्रीका, ताइवान, थाइलैंड और यूएसए के स्टेनलैस स्टील के कोल्ड रोल्ड फ्लैट स्टील प्रोडक्ट्स में पाया जाता है जहां निम्नलिखित व्यापक सिद्धांत अपनाए जाते हैं :

i. जहां इच्छुक पक्षकारों द्वारा पेश की गई उत्पादन प्रक्रियाके परिणामस्वरूप भिन्न उत्पाद होते हैं जहां स्पष्टता और पूर्व निर्धारण से भिन्नता स्थापित की जा सकती है।

ii. चाहे डीआई पीओआई के दौरान ऐसी विशिष्ट मदों के विनिर्माण/आपूर्ति कर रहा है।

iii. चाहे पीओआई के लिए डीआई द्वारा विनिर्मित ग्रेड अलग किए जाने के लिए माने गए ग्रेडों के समान हों ।

iv. इस मामले में इन सिद्धांतों को अपनाकर यह स्पष्ट है कि ग्लास एवं सिरामिक इंसुलेटर समान वस्तुएं नहीं हैं ।

र. डीआई द्वारा उत्पादित न किए गए ग्रेडों को बाहर करने के संबंध में न्यायिक घोषणाए :

i. बिड़ला पेरिक्लेस बनाम डीए (2000 116 ईएलटी 336 ट्रिब्युनल):
''सिन्टर्ड मैनेशिया के साथ अपरिवर्तनीय फ्यूज्ड मैग्नेशिया, अतः समान उत्पाद नहीं''

ii. इंडियन रिफ्रेक्टरी मेकर्स एसोसिएशन बनाम डीए (2000 119 ईएलटी 319 (ट्रिब्युनल):
''यदि पाटित आयात घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने की क्षमता नहीं रखता तो पाटनरोधी शुल्क लगाना जरूरी नहीं है''

iii. ऑक्सो एल्कोहल इंडस्ट्रीज एसो. बनाम डी ए (2001 130 ईएलटी 58 ट्रिब्युनल दिल्ली) :
''सामान्य हैक्सानल घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित या विनिर्मित नहीं किया जाता । अतः इसके आयात से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो सकती । ''

iv. मैग्नेट यूजर्स एसो0 बनाम डीए (2003 157 ईएलटी 150 ट्रिब्युनल दिल्ली) :
'' पाटनरोधी शुल्क लगाने के उद्देश्य से रिंग मैग्नेट के ग्रेडों को शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है जो कि भारत में उत्पादित नहीं किए जाते हैं ।''

v. वीडियोकॉन नर्मदा ग्लास बनाम डीए (2003 151 ईएलटी 80 ट्रिब्युनल दिल्ली) :
''हम यह नहीं मान सकते कि ग्रेन्युलर रूप में आयातित स्ट्रोंनटीएम कार्बोनेट पावडर के रूप में घरेलू तौर पर उत्पादित स्ट्रोंनटीएम कार्बोनेट से वाणिज्यिक प्रतिस्पर्धा में है..... अतः स्पष्ट है कि आयातित वस्तु घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचा सकती''

व. प्राधिकारी ने अपने दिनांक 11 फरवरी, 2014 के पत्र द्वारा सभी इच्छुक पक्षकारों से अनुरोध किया था कि वे 21 फरवरी, 2014 तक पूरक सूचना प्रस्तुत करें । यह पूरक सूचना की आवश्यकता घरेलू उद्योग के साथ विचार–विमर्श के बाद प्राप्त हुई । मै0 नैनजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कंपनी लि0 ने प्राधिकारी के इस अनुरोध पर आपत्ति व्यक्त की और अपना आंकड़ा नियम तारीख तक प्रस्तुत किया जिसमें यह विरोध किया कि वे उसको चुनौती देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं । मै0 नैनजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रप) कं0 लि0 ने निम्नलिखित आधार पर विरोध किया :

i. 10 दिन के कम समय में नए प्रारूप के अनुसार आंकड़े का प्रावधान एक जल्दबाजी की प्रक्रियाहै और इससे इच्छुक पक्षकारों पर दुस्सह भार पड़ता है ।

ii. घरेलू उद्योग ने अब यह स्वीकार कर लिया है कि इसमें शामिल विभिन्न उत्पाद किस्मों के कारण भारित औसतों के आधार पर पाटन मार्जिन एवं क्षति मार्जिन निर्धारित करना उपयुक्त नहीं है । घरेलू उद्योग को अपनी याचिका दायर करते समय इस प्रक्रियाको आदर्श रूप से अपनाना चाहिए था ।

iii. घरेलू उद्योग के आंकड़े पर आधारित जांच की शुरूआत पर ही प्रश्न लग सकता है क्योंकि प्राधिकारी ने अब यह पाया है कि आंकड़े समुचित नही हैं और सभी पक्षकारों से नए सिरे से आंकड़े प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है । इन अनुपयुक्त साक्ष्य के आधार पर पहल में डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के तहत पर्याप्तता और शुद्धता की आवश्यकताएं कम पड़ती हैं ।

iv. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की संशोधित याचिका नहीं दी है जो आंकड़ों के लिए प्राधिकारी के उपर्युक्त अनुरोध के आधार पर प्राधिकारी को पहले ही दायर कर दी गई होती । मै0 नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप कंपनी लि0) संशोधित याचिका का अवलोकन किए बिना अपने आंकड़े देने में असमर्थ हैं क्योंकि उसे समान उत्पाद और प्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्थापनीय उत्पाद के लिए विश्लेषण करने हेतु संशोधित याचिका की आवश्यकता है ।

v. प्राधिकारी को विभिन्न विशेषताओं के अनुसार उत्पादों की पहचान करने के लिए एक पीसीएन प्रणाली तैयार करनी चाहिए थी क्योंकि इस जांच में कई विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं । इस स्तर तक प्राधिकारी ने वह सब नहीं किया है ।

vi. नए सिरे से आंकड़े दिए जाने के लिए प्राधिकारी का अनुरोध नई प्रश्नावली के उत्तर तैयार करने संबंधी है जिसके लिए 40 दिन का समय दिया जाना चाहिए था क्योंकि इसके लिए प्रश्नावली के सभी परिशिष्टों में संशोधन करने और उसे पुनः भरने की आवश्यकता होती है ।

vii. जांच के इस स्तर पर नई एवं दुस्सह प्रक्रियागत आवश्यकताएं शुरू करना स्वाभाविक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है । और मै0 नैंनजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कंपनी लि0 को उचित प्रक्रियासे वंचित करता है ।

viii. वैकल्पिक रूप से प्राधिकारी इस जांच को निरस्त कर सकते हैं और उपयुक्त एवं पर्याप्त तरीके से सही उत्पाद क्षेत्र का पता लगाने के बाद नई जांच शुरू कर सकते हैं ।

कक. 11 फरवरी, 2014 के पत्र के उत्तर में मै0 जिगोंग सेदिवर टफंड कंपनी लि0, मै0 सिदिवर (शंघाई) कंपनी लि0 और सेदिवर एसए (फ्रांस) ने निम्नलिखित रूप में उल्लेख किया है ।

i. निर्यातकों ने बिक्री और लागत संबंधी आंकड़े के भाग के रूप में उत्पाद की किस्म के संबंध में पूरे आंकड़े दायर कर दिए हैं । साथ ही आधारभूत उत्पाद कोड का विस्तृत विवरण भी दे दिया गया है क्योंकि आरंभिक नोटिफिकेशन अथवा निर्दिष्ट प्राधिकारी के पत्र में किसी विशिष्ट पीसीएन का उल्लेख नहीं है ।

ii. जब तक अनुरोध किए गए मानदंडों पर आधारित आयात आंकड़ों, सामान्य मूल्य, लागत, पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और आकस्मिक संपर्क की लेन–देन वार प्रविष्टियां जैसी सूचना घरेलू उद्योग द्वारा नहीं दी जाती, यह उपयुक्त नहीं होगा कि विरोधी पक्षकारों को यह जटिल प्रक्रियाकरने के लिए कहा जा रहा है ।

खख. याचिकाकर्ता इंसुलेटर ≥ 420 केएन का उत्पादन नहीं कर रहे हैं, फिर भी ऐसे सामानों की मांग भारतीय बाजार में बनी हुई है । याचिकाकर्ताओं को इंसुलेटर ≥ 420 केएन का उत्पादन करने की क्षमता वाले उत्पादकों के रूप में नहीं जाना जाता है । वे सामान्य रूप से 70 केएन से 300 केएन की श्रृंखला के इंसुलेटर की आपूर्ति करते हैं । इंसुलेटर ≥ 420 केएन की उपलब्धता न होने के कारण प्रयोक्ताओं को उनका आयात करना होता है ।

गग. चूंकि घरेलू उद्योग में इंसुलेटर ≥ 420 केएन की आपूर्ति घरेलू बाजार में करने की क्षमता नहीं है, अतः घरेलू उद्योग द्वारा दावा की गई इंसुलेटर ≥ 420 केएन के संबंध में हुई क्षति कहां है ।

घघ. कीमतें इंसुलेटर की वास्तविक विशिष्टि पर निर्भर करते हुए बहुत ज्यादा भिन्न हैं । प्रत्येक इंसुलेटर का आदेश बहुत ही खास समारोह के लिए दिया जाता है और एक इंसुलेटर को दूसरे इंसुलेटर के स्थान पर नहीं बदला जा सकता जो कि वास्तव में सभी माइनों में समान नहीं होते जैसे कि ईएंडएम फेलिंग लोड ।

ड.ड. निर्दिष्ट उत्पाद की किस्म के रूप में, यह कि क्या मशीन का आयात किया गया है अथवा उसे घरेलू तौर पर खरीदा गया है, सबसे महत्वपूर्ण बात खरीद के लिए ''तकनीकी योग्यता'' है । इस प्रकार पावरग्रिड कॉर्पोरेशन जैसे केता उस कंपनी को अपनी अपेक्षित तकनीकी विशिष्टियां देंगे जो आदेश में दी गई तकनीकी विशिष्टि के अनुसार इंसुलेटर का विनिर्माण कर सके । गुणवत्ता, सुर्पुदगी कार्यक्रम के

अनुसार विनिर्माण की योग्यता तथा अपेक्षित विशिष्ट इंसुलेटर विनिर्माण करने की उसकी योग्यता महत्वपूर्ण निर्णायक कारक हैं जो खरीददारी के निर्णयों में प्रमुख भूमिका निभाते हैं ।

चच. जब हम इंसुलेटर ≥ 420 केएन की तुलना विचाराधीन उत्पाद से करते हैं तो यह ''समान उत्पाद'' नहीं है क्योंकि इसमें कई अंतर हैं । वास्तव में कोई भी यह नहीं कह सकता कि इंसुलेटर ≥ 420 केएन, 210 केएन के रेटेड ईएंडएम फेलिंग लोड के समान है । अतः इंसुलेटर ≥ 420 केएन को जांच के कार्य क्षेत्र से निकाल देना चाहिए ।

घरेलू उद्योग के विचार

4. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पादों के मुद्दे के संबंध में निम्नलिखित बातें रखी हैं :

क. इंसुलेटर या तो पोर्सलेन/सिरामेक या ग्लास का हो सकता है। पोर्सलेन इंसुलेटर का उत्पादन मिट्टी, सिलिका, एल्युमिना, फ्रेड्सपार और धातु के पुर्जों का प्रयोग कर किया जाता है। जबकि ग्लास इंसुलेटर का उत्पादन सिलिका और धातु के पुर्जों का प्रयोग कर किया जाता है । दोनों एक ही वस्तु हैं यदि इन दोनों किस्मों की विशेषताओं पर विचार किया जाए, इनकी विनिर्माण प्रक्रिया देखा जाए, इनके प्रयोग देखे जाएं या इनकी कीमतें देखी जाएं । वस्तुतः ये उत्पाद प्रौद्योगिकी निष्क्रिय उत्पाद है । पावरग्रिड कार्पोरेशन ने ऐसे इंसुलेटरों की खरीद के लिए निविदाएं जारी की हैं जो ग्लास या पोर्सलेन के हों । कॉर्पोरेशन ने ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स के बीच कोई भेद नहीं रखा है और पूर्णतः कीमतों में अंतर के आधार पर आदेश दिया है । कॉर्पोरेशन ने दोनों उत्पादों के बीच कोई तकनीकी भिन्नता नहीं की है । साथ ही कभी–कभी उत्पाद ग्लास या पोर्सलेन के संदर्भ के बिना आपूर्तिकर्ता द्वारा सूची में दिया जाता है । ग्लास इंसुलेटर के विनिर्माओं के संबंध में उपलब्ध वाणिज्यिक सूची में ग्लास नहीं होता है । विचाराधीन उत्पाद के आात आंकड़ों में भी कई बार ग्लास नहीं लिखा होता ।

ख. पोर्सलेन/सिरामिक तथा ग्लास इंसुलेटर दोनों में निम्नलिखित विशेषताएं हैं ।

i. आयाम/परीक्षण के लिए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मानक समान हैं ।
ii. आयाम समान हैं ।
iii. कैप तथा बॉलपिन सामग्री समान है ।
iv. उत्पादों की शेपिंग, विट्रीफिकेशन (ग्लास जैसे पदार्थ में तब्दील करने के लिए तापन के जरिए अपरिष्कृत इंसुलेटरों को भेजा जाता है) और संयोजन जैसे विनिर्माण में प्रमुख चरण समान हैं ।
v. असेम्बली के लिए प्रयुक्त सीमेंट समान है ।
vi. एसेम्बली प्रक्रियासमान है ।
vii. क्योरिंग प्रक्रियासमान है ।
viii. सभी प्रकार/स्वीकार्यता और नेमी परीक्षण प्रयुक्त कच्ची सामग्री की विशेषता को छोड़कर समान हैं ।
ix. पैकिंग किस्म भी समान है ।
x. इलैक्ट्रिकल/मकेनिकल/थर्मल स्ट्रेस संबंधी आवश्यकताएं समान हैं ।
xi. निष्पादन संबंधी आवश्यकताएं समान हैं ।

ग. ग्लास/पोर्सलेन की विनिर्माण प्रक्रियामें शामिल प्रमुख कदम हैं : कच्ची सामग्री को मिलाना, स्लरी की तैयारी (सिरामिक और पोर्सलिन में) तथा पिघलाना (ग्लास के मामले में), शेप देना, सुखाना, मेटल असेम्बली तथा परीक्षण । ग्लास इंसुलेटर के संबंध में उत्पादन प्रक्रियापोर्सलेन इंसुलेटर के संबंध में उत्पादन प्रक्रियाके समान है । तथापि, इसमें शामिल प्रौद्योगिकी कच्ची सामग्री में अंतर की दृष्टि से कुछ हद तक भिन्न है ।

घ. चीन से निर्यातित विषयगत सामान में और याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा उत्पादित सामान में कोई ज्ञात अंतर नहीं है । घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पोर्सलेन/सिरामिक इंसुलेटर्स तथा चीन से आयातित यही इंसुलेटर समान वस्तुएं हैं तथा भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रियाऔर प्रौद्योगिकी, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विशिष्टियां, कीमत, वितरण एवं विपणन तथा सामान का किराया वर्गीकरण जैसी अनिवार्य उत्पाद विशेषताओं की दृष्टि से समान वस्तुएं एवं तुलनीय हैं । उपभोक्ता इनका इस्तेमाल कर सकते हैं और दोनों को आपस में बदलकर इस्तेमाल कर रहे हैं । दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं ।

ड. जहां तक 765 केवी और एचवीडीसी इंसुलेटर को निकालने का दावा है, यह तथ्य कि घरेलू उद्योग के किसी एक घटक द्वारा किसी विशेष उत्पाद किस्म का उत्पादन नहीं किया जाता, नियमों के तहत पूर्णतः अवास्तविक है । यह उद्योग तब तक संरक्षण का हकदार है, जब तक घरेलू उद्योग के किसी घटक द्वारा इस उत्पाद का उत्पादन किया गया है और आपूर्ति की गई है । घरेलू उद्योग के घटकों में पर्याप्त क्षमता है और देश की मांग को 1200 के.वी. तक पूरा कर सकते हैं । जहां तक 420 के.एन. को हटाने का संबंध है, इन इंसुलेटरों की आपूर्ति घरेलू उद्योग के सभी प्रमुख व्यापारियों द्वारा की गई है ।

च. याचिकाकर्ताओं ने 854620 के लिए आयात आंकड़ों पर पंक्ति दर पंक्ति विचार किया है और उन सभी प्रविष्टियों को अलग कर दिया है जो विचाराधीन उत्पाद में नहीं हैं । याचिकाकर्ताओं ने विचाराधीन गैर उत्पाद को हटाए बिना समरी आंकड़ों को नहीं अपनाया है ।

छ. याचिकाकर्ता ने इस वजह से उत्पाद के लिए 6 अंकीय वर्गीकरण विनिर्दिष्ट किया है कि याचिकाकर्ता ने उस विचाराधीन उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क का अनुरोध किया है जो 6 अंकों के तहत नहीं आते । कई देशों ने अपनी एच एस कोड प्रणालियों में वोल्टेज डेटिंग के आधार पर अलग–अलग उत्पादों को विशिष्ट बनाया है । इस प्रकार भारतीय सीमाशुल्क वर्गीकरण ने वोल्टेज रेटिंग में अंतर का अर्थ यह नहीं है कि अलग–अलग 8 अंकीय एच एस कोड वाले उत्पाद किस्म अलग–अलग उत्पाद हैं ।

ज. निर्यातकों के रूप में सूचीबद्ध किए जा रहे टीवीएचएस और एम डब्ल्यू वी के संबंध में क्रमशः कंडेन्शन बूशिंग और वोल्टेज ट्रांसफार्मर निर्यात करने के बावजूद तथा बीएचईएल एकमात्र घरेलू उत्पादक होने के नाते जो कि उनका विनिर्माणकर्ता है, कंडेंन्शर बुशिंग और ट्रांसफार्मर्स वर्तमान याचिका और जांचों के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं ।

झ. खाली कंपोजिट इंसुलेटर्स होने के नाते वोल्टेज ट्रांसफार्मर में प्रयुक्त इंसुलेटर्स के संबंध में यह स्वीकार किया जाता है कि कंपोजिट इंसुलेटर्स विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं ।

ट. शुद्धि पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के संबंध में विचाराधीन उत्पाद का कार्यक्षेत्र निष्कर्षों में स्पष्ट किया जा सकता है ।

ठ. कंपोजिट इंसुलेटर्स निम्नलिखित कारणों से विशिष्ट रूप से भिन्न वस्तु है :–

i. आईइसी (इंटरनेशनल इलैक्ट्रोटेक्निकल कमीशन) के अनुसार कंपोजिट इंसुलेटर्स ग्लास/पोर्सलेन इंसुलुटर्स से भिन्न श्रेणी में आते हैं तथा पृथक आईइसी मानकों के अध्यधीन हैं ।

ii. कंपोजिट इंसुलेटर्स के लिए कच्ची सामग्री, संघटन, विनिर्माण प्रक्रियाप्रति किलो उत्पाद लागत, बिक्री कीमत महत्वपूर्ण रूप से भिन्न हैं ।

iii. पॉलीमर/कंपोजिट इंसुलेटर प्रौद्योगिकी सापेक्ष रूप से नई है और जहां तक प्रयोग का संबंध है, इन इंसुलेटर्स की कतिपय सीमाएं हैं । पालीमर/कंपोजिट इंसुलेटर्स उच्चतर झुकाव वाली शक्ति की अपेक्षा रखने वाले सब–स्टेशन पोस्ट इंस्टुलेटर्स अनुप्रयोगों के लिए अभी तक विकसित नहीं किए गए हैं । कुछ देशों में पालीमर/कंपोजिट इंसुलेटरों को 230 के वी की वोल्टता और उससे अधिक अथवा उच्च यांत्रिक शक्ति के अनुप्रयोगों के लिए सामान्यतः प्राथमिकता नहीं दी जाती है ।

iv. पावर ग्रिड कार्पोरेशन जैसे उपभोक्ताओं ने निविदाएं जारी की हैं जिनमें उन्होंने परस्पर परिवर्तनीय ग्लास एवं पोर्सलेन इंसुलेटर्स की खरीद की मांग की है परंतु कंपोजिट इंसुलेटर्स के लिए अलग टेंडर जारी किए हैं ।

v. राजस्थान राज्य विद्युत बोर्ड जैसे उपभोक्ताओं ने एक निविदा जारी की है जिसमें ग्लास पोर्सलेन और कंपोजिट इंसुलेटर्स शामिल हैं । कंपोजिट इंसुलेटर्स के बोलीदाताओं ने संपूर्ण मात्रा के लिए दरें दी हैं और उनकी बोली कीमत सबसे कम थी । तथापि, विद्युत बोर्ड ने अपनी कुल निविदा मात्राओं के केवल 10 प्रतिशत के लिए कंपोजिट इंसुलेटर्स का आदेश दिया । 90 प्रतिशत का आदेश सिरामिक इंसुलेटर आपूर्तिकर्ताओं को दिया गया ।

vi. सामान्यतः कंपोजिट इंसुलेटर की कीमत प्रति इंसुलेटर कंपोजिट इंसुलेटर्स की कीमतों की अपेक्षा काफी कम (अधिक से अधिक 30–40 प्रतिशत) है । विरोधाभास से ग्लास इंसुलेटर्स के आपूर्तिकर्ताओं को, यदि आपूर्तिकर्ता आदेश प्राप्त करना चाहें, कंपोजिट इंसुलेटर्स की तुलना में प्रति इंसुलेटर तुलनीय कीमत पेश करनी चाहिए ।

vii. कंपोजिट इंसुलेटर्स की तुलना में अत्यधिक सस्ता होने के बावजूद सिरामिक और कंपोजिट इंसुलेटर्स के लिए प्रयोक्ता अधिमानता के कारण भारतीय उत्पादकों ने कंपोजिट इंसुलेटरों की महत्वपूर्ण अनुपयुक्त क्षमताएं हैं । अतः कंपोजिट इंसुलेटर्स वाणिज्यिक रूप से ग्लास/पोर्सलेन इंसुलेटर का स्थान नहीं ले सकते ।

ड. यद्यपि, विभिन्न प्रकार के ग्लास एवं पोर्सलेन इंसुलेटर एक ही उत्पाद होते हैं, तथापि याचिकाकर्ताओं ने स्वच्छ तुलना के प्रयोजन से अलग–अलग किस्म में विचाराधीन उत्पाद को अलग किए जाने के लिए पहले ही प्रस्ताव कर दिया है । निर्यातकों से अपेक्षा है कि वे अपनी प्रश्नावली के उत्तरों में अलग–अलग उत्पाद किस्म के लिए अलग–अलग सूचना दें ।

ढ. चीन, जापान, कोरिया, ईयू, साउथ अफ्रीका, ताइवान, थाइलैंड और यूएसए से स्टेनलैस स्टील के कोल्ड रॉल्ड फ़लैट स्टील उत्पादों में उत्तरदाता पक्षकार ने विश्वास किया, घरेलू उद्योग द्वारा पेश की गई समान वस्तु का अभाव था । इस मामले में घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्त किए गए उत्पाद की विशिष्टियां समान हैं और उपभोक्ताओं ने किसी भी उत्पाद के लिए किसी भी अंतर वाली कीमत का भुगतान करने से मना कर दिया है ।

ण. वस्तुतः विरोधी इच्छुक पक्षकार द्वारा उल्लिखित मामलों से घरेलू उद्योग के इस आशय को समर्थन मिलता है कि यदि उत्पाद अंतर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग में लाया जाता है और एक–दूसरे के वाणिज्यिक प्रतिस्पर्धा में है तो वह एक ही वस्तु है तथा निर्दिष्ट प्राधिकारी उन दो को एक वस्तु में शामिल करने में औचित्यपूर्ण है ।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

5. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्लास अथवा पोर्सलेन/सिरामिक का इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर है वह चाहे एसेंबल किया हुआ हो या असेंबल न किया हुआ हो । तथापि, (क) 1 के वी तक की वोल्टेज डेटिंग के टेलीफोन अथवा टेलीग्राफ इंसुलेटर, (ख) 1 के वी तक की वोल्टेज डेटिंग के इलैक्ट्रिकल अथवा इलैक्ट्रोनिक उपकरण/डिवाइस इंसंलेटर्स, (ग) कंपोजिट इंसुलेटर्स वर्तमान जांच के कार्यक्षेत्र से हटाए जाते हैं ।

6. याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है कि पोर्सलेन/सिरामिक इंसुलेटर्स (सीमाशुल्क टैरिफ उप शीर्ष 8546.20 के अधीन वर्गीकृत तथा ग्लास इंसुलेटर्स उप शीर्ष 8546.10 के अधीन वर्गीकृत) है । वर्तमान जांच के उद्देश्य से एक ही वस्तु मानी जाती हैं । उन्होंने यह दावा ग्लास इंसुलेटर्स और पोर्सलेन/सिरामिक इंसुलेटर्स की अनिवार्य विशेषताओं, कार्यों तथा प्रयोगों, कीमत, वितरण एवं विपणन, तथा तकनीकी एवं वाणिज्यिक अंतर परिवर्तनीयता के आधार पर किया है ।

7. ''समान वस्तु'' की परिभाषा से संबंधित नियम 2(घ) मे विनिर्दिष्ट है कि समान वस्तु का अभिप्रया उस वस्तु से है जो जांचाधीन वस्तु के संबंध में हर प्रकार से समान अथवा उसी तरह की है अथवा किसी वस्तु के अभाव में दूसरी वस्तु जो जांच के अधीन आने वाली उस वस्तु से बारीकी से समानता वाली विशेषताएं रखती हो ।

8. ''समान वस्तु'' शब्द की उपर्युक्त परिभाषा से यह स्पष्ट है कि समान वस्तु को जांच के अधीन आने वाली वस्तु के हर प्रकार से समान अथवा उसी तरह का होना चाहिए । समान वस्तु शब्द के कार्यक्षेत्र में वे वस्तुएं शामिल होंगी जो समान वस्तुओं अथवा हर प्रकार से उसी तरह की वस्तुओं के अभाव में जांच के अधीन आने वाली वस्तुओं से बारीकी से मिलती–जुलती विशेषताओं वाली हों । अतः ''के अभाव में'' शब्दों का प्रयोग संविधि के तहत समान वस्तु शब्द के निर्वचन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है । इसमें कोई विवाद नहीं है कि ''के अभाव में'' शब्दों को केवल घरेलू उद्योग के संदर्भ में समझा जाना चाहिए । चाहे ''समान वस्तु'' का उत्पादन करने वाला ''घरेलू उद्योग'' विद्यमान हो या न हो । दूसरे शब्दों में यदि समान वस्तु का उत्पादन करने वाला घरेलू उद्योग नहीं है तो कानून इस शब्द के कार्यक्षेत्र में उन वस्तुओं को भी शामिल करने के लिए प्राधिकारियों को अनुमति देता है जो बारीकी से मिलती–जुलती विशेषताओं वाली हों ।

9. जहां तक विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत ग्लास इंसुलेटर्स को शामिल करने और ग्लास तथा पोर्सलेन इंसुलेटर्स को एक वस्तु के रूप में मान्य का संबंध है, प्राधिकारी ने कई मानदंडों पर विचार किया है । यह विवादरहित स्थिति है कि ग्लास से बने इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स भारत में उत्पादित नहीं किए जाते । घरेलू उद्योग ने यह बात रखी है कि ग्लास और पोर्सलेन दोनों से बने इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स सिरामिक इंसुलेटर्स की श्रेणी में आते हैं । प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि केवल इस तथ्य कि ग्लास से बने इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स भारत में उत्पादित नहीं किए जाते, का मतलब यह नहीं होता कि उसे विचराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र में शामिल नहीं किया जा सकता । प्राधिकारी को यह विचार करने की अपेक्षा है कि कि क्या घरेलू उद्योग आयातित उत्पाद के समान वस्तु पेश कर रहा है । अतः प्राधिकारी ने यह विचार किया कि क्या घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित पोर्सलेन के इलैक्ट्रिक इंसुलेटर ग्लास के आयातित इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर के समान वस्तु है । अतः प्राधिकारी ने जांच की कि ग्लास और पोर्सलेन, दोनों के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स समान वस्तु हैं ।

10. (क) यह नोट किया जाता है कि ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स से संबंधित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स के संबंध में विनिर्दिष्ट उत्पाद विशिष्टयों में कोई अंतर नहीं दर्शाते । उत्पाद के क्रेताओं के निविदा दस्तावेज घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं जो यह दर्शाते हैं कि उपभोक्ता ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स में कोई अंतर नहीं देखते । उपभोक्ताओं द्वारा विनिर्दिष्ट ग्लास एवं पोर्सलेन इंसुलेटरों के लिए तकनीकी मानदंड समान हैं । प्राधिकारी ने पोर्सलेन और ग्लास इंसुलेटर के उत्पादन में शामिल उत्पादन प्रक्रिया की जांच की और यह पाया कि यद्यपि, कुछ उत्पादन प्रक्रियाएं भिन्न हैं, तथापि, कुछ प्रक्रियाएं समान हैं । दोनों उत्पादों के बीच सामान प्रक्रियाओं में आकार निर्माण प्रक्रिया, सत्यापन प्रक्रिया, असेम्बली प्रक्रिया, क्योरिंग प्रक्रिया, परीक्षण प्रक्रिया और पैकिंग पद्धति शामिल हैं । तथापि, यह नोट किया जाता है कि कई कच्ची सामग्रियों में और उत्पादन प्रौद्योगिकी के कुछ भाग में अंतर है । ग्लास इंसुलेटर्स के उत्पादन में प्रारंभिक रूप से आकार में मोल्डिंग मोल्टन सिलिका और उसके बाद धातु के हिस्से–पुर्जे जोड़ना शामिल है । पोर्सलेन इंसुलेटर्स के मामले में या तो मिट्टी का मिश्रण अपेक्षित आकार में दबाकर अथवा अपेक्षित आकार में औजारों का प्रयोग करके उसे आकार देकर अपेक्षित आकार में मिट्टी को ढाला जाता है । उसके बाद धातु के पुर्जे जोड़े जाते हैं । तथापि, इन अंतरों के बावजूद उत्पाद गुणधर्मों की दृष्टि से परिणामी उत्पाद समान होता है । प्राधिकारी यह पाते हैं कि उपभोक्ता उत्पाद को एक प्रौद्योगिकी निष्क्रिय उत्पाद के रूप में मानते हैं । घरेलू उद्योग ने यह दर्शाते हुए साक्ष्य दिए कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ने ऐसे इंसुलेटर की खरीद के लिए निविदाएं जारी कीं जो ग्लास अथवा पोर्सलेन के हो सकते हैं और दोनों में कोई अंतर नहीं रखा तथा आदेश देने के लिए पूरा मानदंड कीमत को रखा । अभिलेख में मौजूद सूचना यह दर्शाती है कि ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर समान कार्य करते हैं । उपभोक्ताओं ने इस तथ्य पर कोई विवाद नहीं किया है कि ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स परस्पर परिवर्तनीय रूप से इस्तेमाल किए जाते हैं । यह भी नोट किया जाता है कि दोनों इंसुलेटर्स की कीमतों में कोई अंतर नहीं है । वस्तुतः पावर ग्रिड कार्पोरेशन ने कीमतों के पूर्ण मानदंड पर आदेश दिया है और ग्लास तथा पोर्सलेन इंसुलेटरों के बीच कोई अंतर नहीं किया है । प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि दोनों उत्पाद समान कार्य करते हैं तथा परस्पर परिवर्तनीय रूप से इस्तेमाल किए जाते हैं । पावर ग्रिड ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है और उसने घरेलू उद्योग के इस दावे पर कोई विवाद नहीं किया है कि पोर्सलेन और ग्लास इंसुलेटर्स तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और कंपनी ने इन दोनों का उपयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से किया है ।

(ख) निम्नलिखित तालिका से यह नोट किया जाता है कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान ग्लास इंसुलेटर के आयातों में भारी वृद्धि हुई है । तथापि, आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान पोर्सिलेन इंसुलेटर के आयात में गिरावट आई है । इससे ग्लास इंसुलेटरों और पोर्सिलेन इंसुलेटरों के बीच प्रतिस्थापनीयता की स्पष्ट तौर पर पुष्टि होती है । अतः प्राधिकारी अनंतिम रूप से निर्धारित करते हैं कि ग्लास और पोर्सलेन इंसुलेटर्स समान वस्तु हैं और शुल्क की सिफारिश समग्र इंसुलेटर पर की जाएगी ।

विवरण	इकाई	2009–10	2010–11	2010–11	जांच अवधि
ग्लास इंसुलेटर					
मात्रा	मी.ट.	6,738	12,782	20,063	55,028
पोर्सीलिन इंसुलेटर					
मात्रा	मी.ट.	9,544	13,594	15,718	7,416

11. जहां तक विभिन्न प्रकार के लंपिंग इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स का संबंध एक उत्पाद के रूप में है, प्राधिकारी निम्नलिखित रूप में नोट करते हैं :

क. विभिन्न प्रकार के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स भौतिक उत्पादन टेक्नोलॉजी, विनिर्माण प्रक्रिया, संयंत्र एवं उपस्कर, प्रकार्य एवं प्रयोग आदि सहित अनिवार्य उत्पाद विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं ।

ख. विभिन्न उत्पाद किस्मों, दूसरी कंडेक्टिंग बॉडी से एक कंडेक्टिंग बॉडी में इंसुलेशन का समान सामान्य कार्य करती हैं ।

ग. यद्यपि, अलग–अलग इंसुलेटर्स के भिन्न–भिन्न विशिष्ट अंतिम अनुप्रयोग हैं, तथापि, यह नोट किया जाता है कि सभी इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स अनिवार्य रूप से समान कार्य करते हैं । विभिन्न श्रेणियां/किस्में विभिन्न अंतिम प्रयोग संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करती हैं । इंसुलेटर्स का डिजायन और आकार अंतिम प्रयोग संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार अलग–अलग होता है । उदाहरण के लिए डिस्क इंसुलेटर का प्रयोग पारेषण एवं वितरण लाइन में होता है जबकि खोखले और ठोस कोर का प्रयोग सब स्टेशन में होता है । तथापि, विनिर्माण के लिए प्रचालन एवं आवश्यक मशीनरी सभी प्रकार के इंसुलेटरों के लिए अनिवार्य रूप से समान हैं ।

घ. उत्पादक प्रायः उत्पादन, वितरण अथवा लेखा–जोखा की दृष्टि से विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के बीच भेद नहीं करते । घरेलू उद्योग और चीनी उत्पादकों, दोनों की उनकी सभी विभिन्न प्रकार के श्रेणियों/किस्मों के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के लिए समान विनिमार्ण प्रक्रियाहै । साथ ही सभी प्रकार की श्रेणियों/किस्मों के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के लिए समान वितरण चैनल प्रयोग में लाए जाते हैं ।

ड. प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रश्नावली में निर्यातकों से यह अपेक्षा है कि वह प्रत्येक किस्म के उत्पाद के लिए अलग–अलग सूचना दें । तथापि, यह नोट किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के इंसुलेटर्स के भारित औसत के साथ याचिका आगे बढ़ाने में घरेलू उद्योग के दावे पर विवाद करते हुए किसी भी निर्यातक ने अपने आरंभिक प्रश्नावली के उत्तरों में विभिन्न प्रकार के इंसुलेटर्स के लिए अलग से सूचना नहीं दी है, फिर भी निर्धारित प्रश्नावली में निर्यातकों से अपेक्षा है कि वे प्रत्येक उत्पाद के लिए अलग से सूचना दें । तथापि, बाद में यह सूचना उत्तरदाता निर्यातकों द्वारा प्राधिकारी के अनुरोध पर प्रदान की गई ।

12. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि उत्पाद किस्म, आकार, रेंज, मॉडल आदि के संबंध में सूचना याचिका में उपलब्ध नहीं है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता ने उनके द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद की विभिन्न किस्मों के विवरण प्रदान किए हैं । साथ ही याचिकाकर्ताओं ने अपनी वेबसाइटों का भी उल्लेख किया है । यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा कि इस संबंध में इन कंपनियों की वेबसाइट पर दी गई सूचना उस प्रयोजन के लिए पर्याप्त नहीं है जिसके लिए प्राधिकारी ने आवेदन प्रपत्र में यह सूचना मांगी है । इच्छुक पक्षकारों ने ये बात भी रखी है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित विभिन्न उत्पाद किस्मों से संबंधित सूचना याचिका में उपलब्ध नहीं कराई गई । प्राधिकारी नोट करते हैं कि साक्ष्य की गुणवत्ता और मात्रा में जांच की प्रगति होने से सुधार आया है ।

13. जहां तक इस बात का संबंध है कि याचिकाकर्ताओं को चीनी सीमाशुल्क के अनुसार निर्यात का व्यापार दर व्यापार विवरण देना चाहिए ताकि उत्पाद की समुचित समझ बनाई जा सके, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीनी सीमाशुल्क के अनुसार निर्यात का व्यापार दर व्यापार विस्तृत विवरण

हर हालत में सीमाशुल्क टैरिफ में दिए गए अनुसार विवरण में है । इसके अतिरिक्त निर्यातकों द्वारा प्रश्नावली में दिए गए उत्तरों से यह स्पष्ट होता है कि उत्पाद की कुछ किस्में ही पीओआई के दौरान निर्यात की गई हैं ।

14. जहां तक इस बात का संबंध है, कि याचिकाकर्ताओं द्वारा अपनाए गए सीमाशुल्क आंकड़ों में प्रत्येक किस्म के ग्लास अथवा पोर्सलेन इंसुलेटर शामल हैं, यह नोट किया जाता है कि भारतीय सीमाशुल्क आंकड़ों से प्राप्त की गई आयात सूचना के आधार पर जांचों के भाग में न आने वाले उत्पादों के आयात को अलग कर दिया है । जहां तक इस बात का संबंध है कि अलग किए गए उत्पाद का आंकड़ा पूरा नहीं है, प्राधिकारी ने इस निर्धारण में पीओआई के लिए आंकड़े स्वीकार कर लिए हैं । यह भी नोट किया जाता है कि उत्पाद की अलग की गई श्रेणी के आयात की मात्रा पीओआई के दौरान आयात की गई कुल आयात की मात्रा को देखते हुए ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है ।

15. प्राधिकारी यह मानते हैं कि सभी श्रेणियों/किस्मों के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स की समानताएं उनकी तकनीकी और भौतिक विशेषताओं तथा उनके अनुप्रयोग और अंतिम उपयोग के संदर्भ में इन प्रक्रियाओं, किन्हीं अंतरों के प्रयोजन से उपयुक्त हैं और इसलिए वे समान वस्तुएं हैं । तथापि, पाटन मार्जिन, कीमत कम करने तथा क्षति मार्जिन विश्लेषण और इच्छुक पक्षकारों द्वारा दी गई दलील की दृष्टि से के प्रयोजन से प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को निर्देश दिया कि वे अलग–अलग प्रकार के इंसुलेटर्स के लिए अलग–अलग सूचना दें । घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित मानदंडों पर विचार करते हुए विभिन्न किस्मों में विचाराधीन उत्पाद के श्रेणीकरण का सुझाव दिया।

क. इंसुलेटर का प्रकार – इंसुलेटर डिस्क, खोखला, लंबी रॉड, ठोस कोर, पिन तथा एल टी इंसुलेटर

ख. मकेनिकल स्ट्रेंथ – इंसुलेटर में मेकेनिकल स्ट्रेंथ 4 केएन से 420 के.एन के बीच कहीं भी हो सकती है । 420 के.एन से अधिक के इंसुलेटर्स का अब तक भारत में उपयोग नहीं किया गया है । साथ ही मेकेनिकल स्ट्रेंथ के लिए इंसुलेटर्स को निम्नलिखित समूह में रखा जा सकता है ।

डिस्क इंसुलेटर	क 90 kN तक ख 120 kN – 160 kN ग 210 kN घ 320 kN – 420 kN
खोखला इंसुलेटर	क. 5 kNm तक ख. 5.1 – 10 kNm ग 10.1 – 20 kNm घ. 20.1 kNm – 30 kNm ड. 30.1 kNm – 50 kNm च. 50.1 kNm तथा उससे अधिक
लंबी रॉड	क. 90 kN तक ख 120 kN – 160 kN ग. 210 kN घ. 320 kN – 420 kN
ठोस कोर	क. Upto 4 kN ख 6 kN ग 8 kN घ 10 kN ड. 12.5 kN च 15 kN तथा उससे अधिक
पिन एवं कम तनाव वाले इंसुलेटर	सभी मेकेनिकल स्टेंथ

ग. ध्रुवता – इंसुलेटरों का प्रयोग एसी अथवा डी सी करंट में किया जा सकता है ।

घरेलू उद्योग ने यह बात रखी कि यदि आंकड़े इनसुलेटर, मेकेनिकल स्टेंथ और ध्रुवता की किस्म पर विचार करते हुए अलग किए जाते हैं तो सही तुलना के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के इंसुलेटरों में अंतर करना तथा उन्हे विशिष्ट रूप से दर्शाना पर्याप्त होगा ।

16. प्राधिकारी ने उत्तरदाता निर्यातकों से अनुरोध किया कि वे पूरक सूचना दें तथा अन्य इच्छुक पक्षकारों को उद्योग द्वारा बताई गई बातों की एक प्रति उपलब्ध कराएं । यह सूचना उपलब्ध कराते समय, यद्यपि कुछ इच्छुक पक्षकारों ने पूरक सूचना प्रदान करने के लिए उन्हें दी गई अल्पकालिक अवधि का उल्लेख किया तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसकी भी भी इच्छुक पक्षकार ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित उत्पाद को अलग करने के संबंध में काई आपत्ति नहीं उठाई । इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इच्छुक पक्षकारों ने एक तरह से घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित श्रेणीकरण को स्वीकार कर लिया और संबंधित सूचना दे दी ।

17. जहां तक इच्छुक पक्षकारों के इस तर्क का संबंध है कि प्राधिकारी ने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए जाने के बाद यह सूचना मांगी, सूचना दिए जाने के लिए बहुत कम समय दिया गया, घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई संशोधित याचिका सभी इच्छुक पक्षकारों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए तथा जांच रद्द की जानी चाहिए क्योंकि यह प्रक्रियाप्रारंभिक स्तर पर नहीं की गई थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्धारित प्रश्नावली में निर्यातकों से अपेक्षा की जाती है कि वे प्रत्येक उत्पाद किस्म के लिए अलग से सूचना दें तथा इस प्रकार निर्यातकों को प्रश्नावली के उत्तर दायर करते समय यह सूचना प्रदान करने का अवसर दिया गया था । इसके अतिरिक्त, इच्छुक पक्षकार अपेक्षित सूचना प्रदान करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग कर सकते थे जिस पर प्राधिकारी समुचित रूप से विचार कर सकते थे । किसी भी उत्तरदाता निर्यातक ने अपेक्षित सूचना प्रदान करने के लिए अतिरिक्त समय नहीं मांगा और वस्तुतः सभी उत्तरदाता निर्यातकों ने प्राधिकारी द्वारा दिए गए समय के भीतर अपेक्षित सूचना प्रदान

की । यह स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने कोई संशोधित याचिका दायर नहीं की है । घरेलू उद्योग ने अपने दिनांक 8 फरवरी, 2014 के पत्र द्वारा उत्पाद श्रेणीकरण का सुझाव दिया है जिसकी एक प्रति इच्छुक पक्षकारों को तुरंत उपलब्ध करा दी गई । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि साक्ष्य की गुणवत्ता और मात्रा में जांच की प्रगति के रूप में सुधार आया है । प्राधिकारी ने इच्छुक पक्षकारों के इस तर्क को विधिवत ध्यान में रखा है कि विभिन्न प्रकार के इंसुलेटर्स का भारित औसत विश्लेषण समुचित नहीं है और तदनुसार, इच्छुक पक्षकारों से संगत सूचना मांगी है ।

18. जहां तक ईयू और यूएसए द्वारा माने गए उत्पाद क्षेत्र का संबंध है, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किए गए विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र जरूरी नहीं कि समान हो क्योंकि विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र अन्य प्राधिकारियों द्वारा वैश्विक रूप से माना गया है ।

19. जहां तक विरोधी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए इस तर्क का संबंध है कि उत्पाद के अलग–अलग प्रकार असमान वस्तुएं हैं और जांच अलग–अलग उत्पादों पर अलग से विचार करते हुए करनी होगी । यह नोट किया जाता है कि वर्तमान मामले में प्राधिकारी ने विभिन्न प्रकार के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स को समान वस्तु माना है और इसलिए समूची जांच समग्र इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के लिए की जानी चाहिए ।

20. जहां तक मै. गोल्ड स्टोन इन्फ्राटेक लि0 के उनके द्वारा विनिर्मित किए जा रहे ग्लास फाइबर सिलिकोन रबड, इंसुलेटर्स उत्पाद को इस आधार पर इस वर्तमान जांच में शामिल किए जाने का संबंध है, कि उनका उत्पाद समान है अथवा सिरामिक/पोर्सलेन इंसुलेटर्स के समान हैं, प्राधिकारी यह मानते हैं कि इस उत्पाद किस्म को शामिल करने के लिए विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को बढ़ाना उपयुक्त नहीं होगा । यद्यपि, मै0 गोल्ड स्टोन इन्फ्राटेक लि0 ने यह बात रखी है कि कंपोजिट इंसुलेटर्स और ग्लास/पोर्सलेन इंसुलेटर समान वस्तुएं हैं, तथापि घरेलू उद्योग ने स्वयं कहा है कि ये इंसुलेटर्स विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तुएं नहीं हैं । घरेलू उद्योग ने यह बात भी रखी है कि कंपोजिट इंसुलेटर पोर्सलेन या ग्लास इंसुलेटर्स से बिल्कुल भिन्न हैं तथा कच्ची सामग्री, संगठन, विनिर्माण प्रकिया, उत्पादन लागत, बिक्री कीमत जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर पूर्णतः भिन्न वस्तुऐ हैं । दोनों तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं हैं। कंपोजिट इंसुलेटर ग्लास/पोर्सलेन इंसुलेटरों का स्थान नहीं ले सकते और ग्लास/पोर्सलेन इंसुलेटर्स कंपोजिट इंसुलेटर्स का स्थान नहीं ले सकते । दोनों में कीमतों में भारी अंतर है । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. से ''ग्लास/पोर्सलेन इंसुलेटर्स'' है तथा विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है । अतः कंपोजिट इंसुलेटर्स को शामिल करने के लिए वर्तमान जांचों का क्षेत्र बढ़ाना उपयुक्त नहीं होगा ।

21. ग्लास एवं पोर्सलेन इंसुलेटर्स को सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 85 के तहत सीमाशुल्क शीर्ष 8546 के अधीन वर्गीकृत किया गया है ।

22. **हटाने का अनुरोध :** कुछ इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स को हटाने के संबंध में इच्छुक पक्षकारों ने तर्क दिया है जिनकी निम्नलिखित रूप में नीचे जांच की गई है :

क. जहां तक 765 के वी इंसुलेटर और एचबीडीसी को इस आधार पर हटाए जाने का तर्क है कि घरेलू उद्योग के सभी घटक उसका उत्पादन नहीं करते, प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि इस इंसुलेटर को हटाना औचित्यपूर्ण नहीं है । कानून के तहत ये आवश्यक नहीं है कि घरेलू उद्योग का प्रत्येक घटक विचाराधीन हर प्रकार के उत्पाद का उत्पादन करे । साथ ही घरेलू उद्योग ने वाणिज्यिक बीजक की प्रतियां दी हैं जिनमें घरेलू उद्योग के घटक द्वारा इस इंसुलेटर की बिक्री दर्शायी गई है ।

ख. जहां तक ''रेटेड ई एंड एम फेलिंग लोड ≥ 420 के एन वाली डी सी पारेषण लाइन के लिए डिस्क इंसुलेटर'' को हटाने के अनुरोध का संबंध है, प्राधिकारी मानते हैं कि रिकॉर्ड में उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग के घटकों ने 420 के.एन डिस्क इंसुलेटर्स का उत्पादन और बिक्री की है तथा इसीलिए इस उत्पाद किस्म को उत्पाद क्षेत्र से अलग करना उपयुक्त नहीं होगा।

ग. जहां तक कंडेंशनर बुशिंग और ट्रांसफार्मर को हटाने के अनुरोध का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि कंडेंशनर बुशिंग और ट्रांसफार्मर विचाराधीन उत्पाद क्षेत्र के अंतर्गतग नहीं आते । घरेलू उद्योग ने यह भी कहा है कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में बुशिंग और ट्रांसफार्मर शामिल नहीं हैं । तथापि, प्राधिकारी एतद्द्वारा यह स्पष्ट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र और प्रस्तावित उपाय कंडेशनर बुशिंग और ट्रांसफार्मर को अलग करते हैं । चूंकि प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में बुशिंग को शामिल नहीं किया है, अतः इस संबंध में इच्छुक पक्षकारों के तर्क की विस्तार से जांच नहीं की गई है ।

23. जहां तक उत्पाद क्षेत्र को 6 अंकीय स्तर तक सीमित रखने के अनुरोध का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि इस जांच में विचाराधीन उत्पाद ग्लास का इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर, अथवा सिरामिक्स/पोर्सलेन है, चाहे वह असेम्बल किया हुआ हो अथवा असेम्बल न किया हुआ हो । जिसमें (क) 1 केवी तक की वोल्टेज रेटिंग के टेलीफोन या टेलीग्राफ इंसुलेटर, (ख) 1 केवी तक की वोल्टेज रेटिंग के इलैक्ट्रिकल अथवा इलैक्ट्रोनिक उपकरण/डिवाइस इंसुलेटर, और (ग) कंपोजिट इंसुलेटर शामिल नहीं हैं । विचाराधीन उत्पाद में एक विशिष्ट 6 अथवा 8 अंकीय सीमाशुल्क वर्गीकरण नहीं है । सीमाशुल्क वर्गीकरण का प्रयोजन पाटनरोधी शुल्क के लिए वस्तु का पता लगाना है । निर्दिष्ट प्राधिकारी से उत्पाद का विवरण दिए जाने की अपेक्षा है जो सीमाशुल्क प्रयोजनों के लिए पर्याप्त है । अतः यह आवश्यक है कि 6 अंकीय स्तर पर सीमाशुल्क वर्गीकरण विनिर्दिष्ट किया गया है । सीमाशुल्क वर्गीकरण को विर्निदिष्ट करने का प्रयोजन आयात के समय विचाराधीन उत्पाद का सही पता लगाना है । और इसीलिए यदि विचाराधीन उत्पाद विभिन्न सीमाशुल्क वर्गीकरणों की संख्या में आता है, तो उसे विनिर्दिष्ट किए जाने की आवश्यकता होती है । तथापि, यह स्पष्ट किया जाता है कि एच एस कोड के तहत सूचित कोई आयात केवल इस कारण पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन नहीं रखा जाएगा कि एच एस कोड विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में और पाटनरोधी शुल्क तालिका में निर्दिष्ट किया गया है । यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रस्तावित किया जा रहा पाटनरोधी शुल्क उत्पाद विवरण पर है और न कि एच एस वर्गीकरण पर । विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के भीतर न आने वाले उत्पाद का कोई भी आयात केवल इस कारण पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन न रखा जाए कि एच एस कोड शुल्क तालिका के अधीन निर्दिष्ट किया गया है ।

24. जहां तक इस बात का संबंध है कि प्राधिकारी को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में शुद्धि पत्र जारी करना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है । प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को न तो बढ़ाया है और न ही सीमित किया है । केवल इस तथ्य से कि प्राधिकारी ने अब इस उत्पाद को विभिन्न किस्मों में श्रेणीकृत कर दिया है, शुद्धि पत्र जारी करने की आवश्यकता नहीं मानी जा सकती ।

25. जहां तक स्टेनलैस स्टील के कोल्ड रोल्ड फ्लैट स्टील के उत्पादों के मामले में प्राधिकारी के निर्णय का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उस मामले में सूचीबद्ध व्यापक सिद्धांतों को इस मामले में भी लागू किया गया है । किसी भी इच्छुक पक्षकार द्वारा यह उल्लेख नहीं किया गया है कि कोई उत्पाद किस्म ऐसी है जो उस तरह की वस्तु हो, जिसे घरेलू उद्योग में पेश नहीं किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इंसुलेटर के

गुणधर्म चाहे ग्लास का बना हो अथवा पोर्सलेन का बना हो, समान हैं, जैसा कि पावर ग्रिड कार्पोरेशन द्वारा जारी बोलियों से स्पष्ट स्थापित हो गया है ।

26. जहां तक बिड़ला पेरिक्लेस, इंडियन रिफ्रैक्ट्री मैन्युफैक्चर एसो0, ऑक्सो एल्कोहल इंडस्ट्री एसो0, मैग्नेट यूर्जस एसो0 और वीडियोकॉन नर्मदा ग्लास के मामले में सेस्टेट के निर्णय का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद से बहुत बारीकी से मिलती—जुलती विशेषताओं वाला उत्पाद पेश किया है । वस्तुतः पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ने माना है कि ग्लास और पोर्सलेन से बने इंसुलेटर समान विशिष्टियों वाले होंगे ।

27. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर तथा इच्छुक पक्षकारों द्वारा दी गई दलीलों पर विचार करते हुए प्राधिकारी मानते हैं कि भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित विषयगत वस्तुओं और विषयगत देश से आयातित वस्तुओं में कोई खास अंतर नहीं है । दोनों वस्तुओं की भौतिक एवं तकनीकी विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रियाऔर प्रौद्योगिकी, प्रकार्य एवं उपयोग, उत्पाद विशिष्टियों, कीमत, वितरण एवं विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से तुलनीय हैं । दोनों तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं । उपभोक्ता दोनों का प्रयोग परस्पर परिवर्तनीय रूप से करते हैं । घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि उपभोक्ता विचाराधीन उत्पाद के तकनीकी मानदंडों को विनिर्दिष्ट करने के बाद आदेश देते हैं, जहां आपूर्ति किए गए उत्पाद तकनीकी विशिष्टियों को पूरा करने तक घरेलू उद्योग अथवा चीनी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आपूर्ति की जा सकती हैं । इस प्रकार आपूर्तिकर्ता क्रेता द्वारा निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप उत्पाद की बिक्री करते हैं । उत्तरदाता निर्यातकों द्वारा दर्ज किए गए प्रश्नावली के उत्तरों से यह बात सामने आती है कि उन्होंने उन्हीं ग्राहकों को आपूर्ति की है जिनको घरेलू उद्योग ने अपना उत्पाद बेचा है।

28. प्राधिकारी अनंतिम रूप से यह निष्कर्ष निकालते हैं कि आवेदकों द्वारा विनिर्मित उत्पाद विषयगत देश से भारत में आयातित किए जा रहे संबंधित सामान के समान वस्तु हैं ।

<u>उत्पाद क्षेत्र संबंधी निष्कर्ष</u>

29. इन बातों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान जांच तथा प्रस्तावित उपायों के प्रयोजन से विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र ग्लास के इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स अथवा पोर्सलेन/सिरामिक है, चाहे वे असेम्बल्ड हो या असेम्बल न किए हुए हों । तथापि, (क) 1 केवी तक की वोल्टेज रेटिंग के टेलीफोन अथवा टेलीग्राफ इंसुलेटर्स, (ख) 1 केवी तक की वोल्टेज रेटिंग के इलैक्ट्रिकल या इलैक्ट्रोनिक उपकरण/डिवाइस इंसुलेटर्स तथा (ग) कंपोजिट इंसुलेटर्स विचाराधीन जांच के क्षेत्र से हटाए गए हैं । साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि बुशिंग्स तथा वोल्टेज ट्रांसफार्मर विचाराधीन उत्पाद एवं प्रस्तावित उपायों के क्षेत्र से अलग हैं ।

ख. घरेलू उद्योग का क्षेत्र तथा आधार

30. पाटनरोधी नियमावली का नियम 2 (ख) घरेलू उद्योग की परिभाषा निम्नलिखित रूप में करता है :

(ख) ''घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परंतु जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' शब्द का अर्थ केवल शेष उत्पादकों के उल्लेख के रूप में निकाला जाएगा ।''

31. विषयगत सामानों के घरेलू उद्योग के रूप में आदित्य बिड़ला नोवो लि0 (आदित्य बिड़ला), भारत हैवी इलैक्ट्रिल्स लि0 (बीएचईएल), इंसलेटर्स एंड इलैक्ट्रिकल कंपनी (आईइसी), मॉडर्न इंसुलेटर्स लि0 (मॉर्डन) और डब्ल्यू एस इंडस्ट्रीज (इंडिया) लि0 (डब्ल्यूएसआई) (इसके बाद जिन्हें ''आवेदक'' कहा जाएगा, द्वारा आवेदन पत्र दायर किया गया था । शुरूआत के बाद आवेदक को इंडियन इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स मैन्यु0 एसो0, श्रीजी पावर एंड इंसुलेटर प्रा0 लि0, बीकानेर कंपनीज प्रा0 लि0, ए.के. इंडिया सिरामिक्स प्रा0 लि0, बीकानेर पोर्सलिन प्रा0 लि0, एलाइड सिरामिक्स प्रा0 लि0, तरूणा डिकोम प्रा0 लि0, प्राइम इंसुलेटर्स सरवाना ग्लोबर एनर्जी लि0, जयपुरिया ब्रदर्स, जनरल पावर कंपनी प्रा0 लि0, हिंदुस्तान केमिकल्स, राष्ट्रीय इलैक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कार्पो0 (इसके बाद जिन्हें समर्थक कहा जाएगा) का समर्थन मिला है । साथ ही आवेदकों और समर्थकों के अलावा कई अन्य उत्पादक हैं ।

<u>निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य इच्छुक पक्षकारों के विचार</u>

32. इच्छुक पक्षकारों ने अन्य बातों के साथ—साथ निम्नलिखित बातें कही :

क. घरेलू उद्योग ने समग्र घरेलू उद्योग की पूरी तस्वीर नहीं दी है । यह तर्क दिया जाता है कि बाजार आसूचना, जिसके आधार पर घरेलू उद्योग ने याचिका में सूचना प्रस्तुत की है, अत्यधिक स्वेच्छाचारी और विषयगत मानदंड वाली है जो कि डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के तहत अपेक्षित ''सकारात्मक साक्ष्य'' की दहलीज पर खरी नहीं उतरती ।

ख. आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) तथा डब्ल्यू टी ओ करार के तहत घरेलू उद्योग में नहीं आते क्योंकि भारत में विषयगत उत्पादों के कई अन्य उत्पादक हैं जिनका काफी उत्पादन है जिसका याचिका में कोई उल्लेख नहीं है । इच्छुक पक्षकार रिलायंस को चीन जन.गण. से लोहा अथवा स्टील फास्नर संबंधी डीएस 397 —यूरोपियन समुदाय — परिभाषीय पाटनरोधी उपायों में डब्ल्यूटीओ की अपीलीय निकाय रिपोर्ट में रखते हैं, जिसमें समग्र रूप से ''घरेलू उद्योग'' उप वाक्य का अभिप्राय स्पष्ट किया गया है । अपीलीय निकाय ने यह माना कि :

''413. कुल घरेलू उत्पादन का बड़ा अनुपात यह सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए कि इस आधार पर परिभाषित घरेलू उद्योग ऐसे पूरे आंकड़े प्रदान करने में सक्षम है जो शुद्ध क्षति विश्लेषण सुनिश्चित कर सके ।

419. 'अनुच्छेद 4.1 के तहत ''बड़ा अनुपात'' शब्द का सही निर्वचन यह अपेक्षा रखता है कि इस आधार पर परिभाषित घरेलू उद्योग उत्पादकों को वहां रखता है जिनका सामूहिक उत्पादन अपेक्षाकृत रूप से अधिक अनुपात में हो । जो कुल घरेलू उत्पादन को पर्याप्त रूप से दर्शाता हो । यह सुनिश्चित करता है कि क्षति निर्धारण घरेलू उत्पादकों के संबंध मे व्यापक सूचना पर आधारित है और उसे तोडा—मरोडा नहीं गया है ।

ग. विषयगत उत्पादों के लगभग सभी उत्पादक एसोसिएशन आईईईएमए के सदस्य हैं जो सभी विनिर्माताओं की सूची अपनी वेबसाइट पर देती है । आईईईएमए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची को देखने से ही यह बात सामने आती है कि याचिका में दी गई सूची में दर्शाए गए उत्पादकों की अपेक्षा विषयगत उत्पाद के कई और अधिक उत्पादक हैं । जिन कतिपय घरेलू उत्पादकों के नाम गायब हैं, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

i. पावर एंड कंट्रोल ट्रांसफार्मस इंडिया प्रा. लि.

ii. रेचेम आरपीजी प्रा. लि.

घ. विषयगत उत्पादों के अन्य प्रमुख विनिर्माता निम्नलिखित हैं :–

i. राष्ट्रीय इलैक्ट्रिकल एंड इंजीनियरी कॉर्पोरेशन

ii. प्रणय एसोसिएट्स

iii. हिंदुस्तान कैमिकल्स

iv. जनरल पावर कंपनी प्रा. लि.

v. सतराज सिरेमिक्स

vi. प्राइम इंसुलेटर्स प्रा. लि.

vii. जयपुरिया ब्रदर्स इलैक्ट्रिकल्स प्रा. लि.

ड. उपर्युक्त उत्पादकों के पास प्रत्येक आवेदक की तुलना में पर्याप्त उत्पादन क्षमता है । उदाहरण के लिए मै0 बीकानेर सिरामिक्स प्रा. लि. के पास 9000 मी. ट. इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स की उत्पादन क्षमता है परंतु इस तथ्य को याचिकाकर्ताओं द्वारा नहीं दर्शाया गया है।

च. घरेलू उद्योग का आधार उपर्युक्त सूचना के आलोक में जांचा जाना चाहिए और केवल तभी प्राधिकारी निर्धारित कर सकते हैं कि वे जांच जारी रखें या नहीं ।

छ. मै0 डब्ल्यूएसआई को ''घरेलू उद्योग'' के कार्य क्षेत्र से अलग किया जाए क्योंकि उन्होंने पीओआई के दौरान विषयगत उत्पाद का आयात किया । डब्ल्यूएसआई को विषयगत उत्पाद से संबंधित पिछली जांच में भी हटाया गया था । वैकल्पिक रूप से यह तर्क दिया जाता है कि यदि डब्ल्यू एस आई को नहीं हटाया गया तो विशाखापट्टनम में एसईजैड के तहत उनकी एक यूनिट से संबंधित उनका आंकड़ा जांच के कार्यक्षेत्र से हटाया जाना चाहिए । रिलायंस को डी जी सेफगार्डस के दिनांक 27 सितंबर, 2012 द्वारा जारी अंतिम निष्कर्षों में रखा गया है जिसमें डब्ल्यूएसआई की एसईजैड यूनिट हटा दी गई थी ।

ज. इसके अतिरिक्त यह तर्क दिया जाता है कि मै0 सरवाना ग्लोबल एनर्जी लि0 और श्री जी पावर एंड इंसुलेटर्स प्रा0 लि0 इस याचिका का समर्थन नहीं करते जैसा कि याचिकाकर्ताओं ने उल्लेख किया है क्योंकि उनके प्राधिकार पत्र जिनमें उन्होंने समर्थन दर्शाया है, याचिका में नहीं दिए गए हैं ।

झ. बड़ा अनुपात पद का अभिप्राय सभी उत्पादकों को संगठित क्षेत्र में तथा लगभग सभी को असंगठित क्षेत्र में शामिल करने से है ।

ट. पीजीसीआईएल की कीमत बोलियों की समीक्षा यह दर्शाती है कि घरेलू उत्पादक एक दूसरे की कीमतों को काट रहे हैं और उसका प्रभाव आयात पर नहीं पड़ सकता । ऐसी स्थिति में प्राधिकारी अन्य उत्पादकों के आंकड़ों के बिना सार्थक जांच कैसे कर सकता है । इसे यह कहकर नहीं नकारा जा सकता कि अन्य उत्पादक याचिकाकर्ताओं से कम कीमतों पर बिक्री कर रहे हैं फिर उन्हें क्षति सूचना प्रदान करने के लिए पहले स्थान पर होना चाहिए ।

ठ. ''बड़ा अनुपात'' शब्द का कोई भी निर्वचन होने का अभिप्राय एक बड़ा अनुपात से अधिक हो सकता है जो कि तर्कसंगत है और निर्दिष्ट प्राधिकारी से अनुरोध किया गया कि वे वित्तीय सूचना प्रदान करने के लिए सभी उत्पादकों को निर्देश दें ।

ड डब्ल्यू एस आई द्वारा आयात की कोई गोपनीय समरी याचिका में नहीं दी गई है ।

ढ. डब्ल्यू एस आई को अपरिष्कृत आयातों तथा भारत में किए गए मूल्यवर्धन और भारत एवं विदेश में इन उत्पादों की बिक्री के संबंध में आंकड़े देने चाहिए ।

ण. जो घरेलू उत्पादक सूचना नहीं देते, उनका पाटनरोधी जांच में कोई आधार नहीं है ।

त. मै0 डब्लयू एस आई इंडस्ट्रीज (इंडिया) लि0, जो घरेलू उद्योग का हिस्सा है, 9 अप्रैल, 2012 को उल्लिखित इसी उत्पाद के संबंध में पिछली जांच से सिद्ध विषयगत उत्पाद के आयातक हैं । इसी प्रकार का निष्कर्ष वर्तमान जांच के आरंभिक नोटिस में निकाला गया है परंतु प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) का उल्लंघन करते हुए वर्तमान जांच में पात्र घरेलू उद्योग के रूप में डब्ल्यूएसआई के संबंध में विचार करने में गलती की ।

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

33. घरेलू उद्योग ने आधार के मुद्दे पर निम्नलिखित बातें रखी हैं :

क. आवेदकों के उत्पादन में कुल भारतीय उत्पादन का बड़ा अनुपात है और इसीलिए इस याचिका को घरेलू उद्योग की ओर से की गई याचिका माना जाए ।

ख. जो अन्य भारतीय उत्पादक आवेदन पत्र का हिस्सा नहीं हैं, उनका सामूहिक उत्पादन बहुत कम है । चूंकि उनके उत्पादन के संबंध में कोई प्रकाशित सूचना नहीं है, अतः आवेदकों ने आईईईएमए के पत्र पर विश्वास किया है ।

ग. डब्ल्यू एस आई को छोड़कर किसी भी आवेदक द्वारा जांच अवधि के दौरान चीन से विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं हुआ । डब्ल्यूएसआई ने चीन जन.गण. से अपरिष्कृत उत्पाद का आयात किया और भारतीय बाजार में बेचने के लिए फिर उसका प्रसंस्करण किया।

घ. घरेलू उद्योग के क्षेत्र में डब्ल्यू एस आई को शामिल करने का विवेकाधिकार प्राधिकारी को है । यद्यपि, उसी उत्पाद के लिए पिछली जांचें शुरू करते समय इस मामले के संबंध में कुछ अनिश्चितता थी, तथापि, कलकत्ता और मद्रास उच्च न्यायालय में दोनों ने यह स्पष्ट रूप मानते हुए आदेश जारी कर दिए हैं कि निर्दिष्ट प्राधिकारी को नियम 2(ख) के तहत पूरा विवेकाधिकार है ।

साथ ही निम्नलिखित कारणों से डब्ल्यू एस आई को पात्र घरेलू उद्योग माना जाए :

i. डब्ल्यू एस आई चीनी उत्पाद की बहत कम कीमत को देखते हुए विचाराधीन उत्पाद का अंतिम स्तर पर अपरिष्कृत वस्तुओं का आयात कर रहा था । और उच्च स्तर के उत्पाद किस्मों के उत्पादन तक सीमित रहा ।

ii. डब्ल्यू एस आई ने केवल व्यापारी के रूप में कार्य नहीं किया अपितु आयातित उत्पाद का महत्वपूर्ण प्रसंस्करण भी किया है जिसमें सभी वस्तुओं का 100 प्रतिशत निरीक्षण, ग्राहक अनुमोदित आरेख के अनुसार रिपैकिंग और कुछ मामलों में वस्तुओं में धातु की फिटिंग की असेम्बली भी शामिल है ।

iii. डब्ल्यू एस आई का व्यवहार अन्य प्रमुख भारतीय उत्पादकों की तुलना में भिन्न नहीं है । डब्ल्यू एस आई सहित सभी घरेलू उत्पादकों के विभिन्न आर्थिक कारकों की प्रवृत्तियां समान हैं । अतः यह नहीं कहा जा सकता कि डब्ल्यू एस आई विषयगत देश से पाटन के कारण लाभ उठा रहा है ।

iv. डब्ल्यू एस आई का जोर अपने उत्पादन पर बना हुआ है न कि आयात पर । डब्ल्यू एस आई का उत्पादन काफी महत्वपूर्ण है । डब्ल्यू एस आई की अधिकतर बिक्री उत्पादन से है ।

v. प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क संबंधित आपूर्तिकर्ता द्वारा किए गए निर्यात पर लागू होगी । डब्ल्यू एस आई ने इस आपूर्तिकर्ता के लिए उसे हटाए जाने की मांग नहीं की है । एक बार पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने पर डब्ल्यू एस आई द्वारा किया गया कोई भी आयात पाटनरोधी शुल्क के अध्यधीन होगा ।

vi. डब्ल्यू एस आई ने चीन से उत्पाद के आयात को पहले ही रोक दिया है ।

vii. आयातित उत्पाद डब्ल्यू एस आई द्वारा आगे प्रसंस्कृत किए जाने के बाद बाजार में काफी उच्चतर कीमत पर बेचा गया है । डब्ल्यू एस आई उत्पादों की पुनः बिक्री की कीमत से भारतीय उत्पादकों को कोई क्षति नहीं हुई होती ।

ङ. अन्य किसी भी कंपनी को नियम 2 (ख) के अभिप्राय के अंतर्गत अपात्र समझा जाना चाहिए ।

च. डब्ल्यू एस आई को पात्र घरेलू उद्योग माना जाए या न माना जाए, आवेदकों का उत्पादन भारतीय उत्पादन का अधिकतम हिस्सा है ।

छ. डब्ल्यू एस आई द्वारा किए गए आयात से संबंधित सूचना सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है । इसमें व्यापार संबंधी संवेदनशील आंकड़े हैं जिनको प्रकटन करना कंपनी के लिए हानिकारक हो सकता है ।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

34. विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उद्योग के रूप में आदित्य बिड़ला, बीएचईएल, आईईसी, मॉर्डन और डब्ल्यू एस आई द्वारा आवेदन पत्र जारी किए गए हैं । साथ ही जांच आरंभ करने के बाद इंडियन इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रोनिक्स मैन्यु0 एसो0, श्रीजी पावर एंड इंसुलेटर्स प्रा0 लि0, बीकानेर सिरामिक्स प्रा0 लि0, ए0 के0 इंडिया सिरामिक्स प्रा0 लि0, बीकानेस पोर्सलेन प्रा0 लि0, एलाइड सिरामिक्स प्रा0 लि0, तरूणा डिपोंग प्रा0 लि0, प्राइम इंसुलेटर्स सरवाना ग्लोबल एनर्जी लि0, जयपुरिया ब्रदर्स, जनरल पावर कंपनी प्रा0 लि0, हिंदुस्तान कैमिकल्स, राष्ट्रीय इलैक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग कार्पो0, (इसके बाद जिन्हें ''समर्थक'' कहा जाएगा) द्वारा आवेदक का समर्थन किया गया है । साथ ही आवेदकों और समर्थकों के अलावा, कई अन्य उत्पादक भी हैं ।

35. प्राधिकारी मानते हैं कि किसी भी आवेदक को घरेलू उद्योग के क्षेत्र से बाहर किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि डब्ल्यूएस इडस्ट्रीज को छोड़कर उनमें से किसी ने भी जांच की अवधि में विषयगत देश से विषयगत सामान का आयात नहीं किया है और न ही वे विषयगत सामान के किसी निर्यातक या आयातक से संबंध रखते हैं । यह नोट किया जाता है कि डब्ल्यू एस आई ने चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद का आयात किया है ।

36. जहां तक डब्ल्यू एस आई का संबंध है, प्राधिकारी मानते हैं कि डब्ल्यू एस आई को निम्नलिखित कारणों से पात्र घरेलू उद्योग के रूप में माना जाए –

क. कंपनी का ध्यान उत्पादन पर बना हुआ है । डब्ल्यू एस आई मुख्य रूप से विषयगत सामानों का व्यापारी नहीं है ।

ख. डब्ल्यू एस आई भी पाटन के प्रभावों से पीड़ित रहा है ।

ग. कंपनी ने हाल की अवधि में विचाराधीन उत्पाद का आयात धीरे–धीरे कम किया है । साथ ही, फरवरी, 2013 में आयातों की बहुत कम मात्रा को छोड़कर अक्टूबर, 2012 के बाद विचाराधीन उत्पाद का कोई आयात नहीं हुआ है ।

	आयात मात्रा (मी.ट.)
2009-10	***
2010-11	***
2011-12	***
अप्रैल-12	***
मई-12	***
जून-12	***
जुलाई-12	***
अगस्त-12	***
सितंबर-12	***
अक्टूबर-12	***
नवंबर -12	***
दिसंबर-12	***
जनवरी-13	***

फरवरी-13	***
मार्च -13	***
कुल	***

घ. कंपनी ने उल्लेख किया है कि भविष्य में सामग्री का आयात करने की कोई योजना नहीं है । कंपनी ने इस संबंध में एक प्रमाण पत्र दिया है कि वह भविष्य में इस उत्पाद का आयात नहीं करेगी।

ड. डब्ल्यू एस आई द्वारा किए गए आयात में पीओआई के दौरान भारत में उत्पाद का उपयोग शामिल है ।

37. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (ख) में प्राधिकारी को कतिपय स्थितियों में पर्याप्त एवं उचित आधारों पर घरेलू उत्पादक को शामिल करने या निकालने के विवेकाधिकार का प्रावधान है । उपर्युक्त के आलोक में और मामले के तथ्यों की दृष्टि से प्राधिकारी सभी याचिकाकर्ता कंपनियों को पात्र घरेलू उद्योग के रूप में मानना उचित समझते हैं ।

iii. मशीनरी तथा इलैक्ट्रोनिक उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए वाणिज्य मंडल (''सीसीसीएमई'') ने तर्क दिया है कि विचाराधीन उत्पाद के 9 अन्य भारतीय उत्पादक हैं जिनकी याचिकाकर्ताओं ने पहचान नहीं की है । इच्छुक पक्षकारों ने अन्य भारतीय उत्पादकों के नामों के लिए आईईईएमई की वैबसाइट पर विश्वास किया है । प्राधिकारी ने भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय से भारतीय उत्पादकों और उनके उत्पादन आंकड़ों के संबंध में सूचना मांगी । विभाग ने इसके बदले अन्य भारतीय उत्पादकों के नाम और उत्पादन के लिए आईईईएमए की सूचना प्रदान की । अतः आईईईएमए द्वारा दी गई सूचना पर विश्वास करना उचित पाया गया । आईईईएमए ने घरेलू उद्योग के आधार की जांच के लिए सतराज कैमिकल्स को छोड़कर विरोधी इच्छुक पक्षकारों द्वारा उल्लिखित कंपनियों के ब्यौरे उनके उत्पादन, बिक्री आदि सहित प्रदान किए । आईईईएमए ने अन्य उत्पादकों के उत्पादन के संबंध में इच्छुक पक्षकारों के विरोध में अपना उत्तर दिया और यह उल्लेख किया कि इन उत्पादकों के उत्पादन बहुत कम हैं । पावर एंड कंट्रोल ट्रांसफार्मर इंडिया प्रा0 लि0 तथा रेचम आरपीजी प्रा0. लि0 के संबंध में आईईईएमए ने स्पष्ट किया है कि वे इलैक्ट्रिकल इंसुलेटर्स के उत्पादक नहीं हैं ।

38. प्राधिकारी आईईईएमए द्वारा दी गई सूचना के अनुसार नोट करते हैं कि भारत में विचाराधीन उत्पाद के कई लघु उत्पादक हैं । तथापि, इन उत्पादकों का सामूहिक उत्पादन बहुत कम है । आवेदकों का उत्पादन भारतीय उत्पादन के 50 प्रतिशत से अधिक है तथा आवेदकों का उत्पादन भारत में समान वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का बड़ा अनुपात है ।

39. जहां तक डब्ल्यूएसआई द्वारा किए गए आयात की मात्रा प्रकटन करने का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि ऐसी सूचना गोपनीय आधार पर दी जाती है तथा इसकी जांच गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में की जाती है । संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता संबंधी दावों को स्वीकार किया और यह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा अन्य इच्छुक पक्षकारों को नहीं बताई गई है ।

40. यह तर्क दिया गया है कि डब्ल्यू एस आई की एसईजैड इकाई को पात्र घरेलू उद्योग के रूप में न माना जाए । यह नोट किया जाता है कि यह मानना किसी वास्तविक एवं कानूनी आधार के बिना है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि विदेश व्यापार नीति में यह प्रावधान है कि यद्यपि, एसईजैड यूनिटें सीमाशुल्क टैरिफ क्षेत्र से बाहर विशेष रूप से निर्धारित क्षेत्र हैं, अतः वे भारत के राष्ट्रीय भौगोलिक क्षेत्र से संबंधित हैं । एसईजैड अधिनियम और एसईजैड नियमावली डीटीए में अपने उत्पाद बेचने के लिए एसईजैड यूनिटों को अनुमति देती है । नियम 2 (ख) में यह प्रावधान है कि एसईजैड यूनिट को घरेलू उत्पादक/घरेलू उद्योग के भाग के रूप में न माना जाए । घरेलू बाजार में बेचा गया एसईजैड यूनिट का उत्पादन डीटीए के उत्पादों तथा आयातित सामानों के साथ प्रतिस्पर्धा करता है । डब्ल्यू एस युनिवर्सिटी का वैजाग स्थित एसईजैड संयंत्र पात्र घरेलू उद्योग के रूप में माना गया है और घरेलू उद्योग तथा आधार के प्रयोजन से घरेलू बिक्री तथा संबंधित क्षति मानदंडों पर विचार किया गया है ।

41. उपर्युक्त के आलोक में तथा उचित जांच के बाद प्राधिकारी मानते हैं कि आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं । आवेदक नियमावली के अधीन आधार की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं । साथ ही, आवेदक नियम 2(ख) के अभिप्राय के अंतर्गत घरेलू उद्योग में आते हैं ।

<u>अन्य मुद्दे</u>

<u>निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं और अन्य इच्छुक पक्षकारों के विचार</u>

42. इच्छुक पक्षकारों ने निम्नलिखित तर्क दिए हैं :

क. एक प्रतिनिधि देश के रूप में कनाडा में सामान्य मूल्य गलत है क्योंकि कनाडा एक विकसित देश होने के नाते चीन की तरह विकास के उसी स्तर पर नहीं है । इसके अतिरिक्त, निर्मित सामान्य मूल्य गलत है क्योंकि यू एन कॉमरेड की वैबसाइट विषयगत उत्पाद के लिए 2670 अम.डा. पर प्रति मी. ट. की निर्यात कीमत दर्शाती है जबकि याचिका में निर्मित सामान्य मूल्य कनाडा से निर्यात की कीमत याचिका के पृष्ठ 158 पर 3643 प्रति मी0ट0 की दर पर है। निर्मित सामान्य मूल्य में भारी अतिश्योक्ति है । जिसे प्राधिकारी स्वीकार नहीं कर सकते । साथ ही निर्मित सामान्य मूल्य कुछ क्रय आदेशों, बीजकों पर आधारित है जिस पर प्राधिकारी विश्वास नहीं कर सकते क्योंकि इसमें पर्याप्तता और शुद्धता परीक्षण नहीं है । (रिलायंस को मैक्सिको से पोर्टलैंड सीमेंट के संबंध में डी एस 60 ग्वाटेमाला–पाटनरोधी जांच में डब्ल्यूटीओ पैनल रिपोर्ट में रखा गया है) ।

ख. हटाए गए उत्पादों के आंकड़े अपूर्ण हैं क्योंकि ये पीओआई के अनुकूल भी नहीं हैं । अतः ऐसे अपूर्ण आंकड़ों पर विश्वास नहीं किया जा सकता । यू एन कॉमरेड डाटा यह दर्शाता है कि ग्लास इंसुलेटर्स का भारत से पुनः निर्यात किया जा रहा है जबकि यह एक स्वीकृत तथ्य है कि घरेलू उद्योग उसका विनिर्माण नहीं करता । यह याचना की जाती है कि चीन से आयात और भारत के बाजार आकार को ऐसे आयातित सामानों के पुनः निर्यात के लिए समायाजन करने के बाद ही निर्धारित किया जाए ।

ग. याचिका में इसके समर्थन में कोई व्यवस्था नहीं है कि 3 प्रतिशत कमीशन, 0.5 प्रतिशत पत्तन व्यय, 1 प्रतिशत अंतरदेशीय भाड़ा, 0.5 प्रतिशत बैंक प्रभार, भाड़े के निमित्त 50 अमरीकी डॉलर प्रति टन तथा बीमा के निमित्त 5 प्रतिशत के रूप में कतिपय मूल्यों के समायोजन के बाद निर्यात कीमत और कुल भारित कीमत कैसे लगाई गई । ये मूल्य किसी साक्ष्य के बिना स्वेच्छाचारी रूप से लगाए गए हैं । ऐसे मूल्यों पर

विश्वास नहीं किया जा सकता और प्राधिकारी याचिकाकर्ताओं को निदेश दे सकते हैं कि वे इसका आधार बताएं कि इन मूल्यों का किस आधार पर प्रयोग किया गया है ।

घ. 1.27 का परिवर्तन कारक अवैज्ञानिक है और याचिकाकर्ताओं ने इसे ग्लास इंसुलेटरों की निर्यात कीमत को विकृत करने हेतु मनमाने ढंग से प्रयोग किया है जिससे एफओबी कीमत में कमी (याचिका का पृष्ठ 161 और 162) आ गई है । ऐसा परिवर्तन कारक लागू करने के बाद ग्लास इंसुलेटरों की निर्यात कीमत काफी अधिक घटकर 1039 अम.डा. से 1319 अम.डा. हो गई है । परिवर्तन कारक लागू किए जाने के परिणामस्वरूप (याचिका का पृष्ठ 174 और 176) कीमत कटौती वर्ष 2011–12 में बढ़कर 20 से 40 प्रतिशत और जांच अवधि में वर्ष 2011–12 में 0–20 प्रतिशत से बढ़कर 30–50 प्रतिशत और जांच अवधि में 20–40 प्रतिशत हो गई है ।

ड. याचिकाकर्ताओं ने याचिका के खंड 1 के पृष्ठ 15 पर दिए गए प्रश्न 9 में आयातकों को उपयोक्ताओं के साथ बराबर रखा है । उल्लिखित नाम वास्तविक प्रयोक्ता नहीं हैं । संबद्ध वस्तु के प्रयोक्ता राज्य सरकार के निगम/कंपनियां हैं जो विद्युत पारेषण लाइनें बिछाने और विद्युत केन्द्र स्थापित करने का कार्य करती हैं ।

च. आंकड़ों में विसंगति है क्योंकि याचिकाकर्ता ने आयात के आंकड़ों के लिए चीन के सीमाशुल्क पर भरोसा किया है और अपवर्जिन उत्पादों के लिए उसने डीजीसीआईएंड एस पर भरोसा किया है । यह तथ्य न्यायोचित नहीं है कि इस आंकड़े पर रक्षोपाय संबंधी जांच परिणामों में भरोसा किय गया था और इससे भी अधिक तथ्य यह है कि प्रयुक्त आंकड़े जांच अवधि के आंकड़े नहीं थे ।

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

43. अन्य मुद्दों पर आवेदकों के अनुरोध निम्नानुसार हैं :–

क. विश्लेषण के प्रयोजनार्थ आयात के आंकड़े निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त किए गए हैं :

i. चीन से आयातों के बारे में सूचना चीन के सीमाशुल्क से प्राप्त की गई है ।

ii. अन्य देशों से हुए आयातों के लिए डीजीसीआईएंड एस के प्रकाशित आंकड़े स्वीकार किए गए हैं ।

iii. अपवर्जित उत्पादों के लिए डीजीसीआईएंड एस के सौदेवार आंकड़े स्वीकार किए गए हैं ।

ख. चीन से हुए आयातों के लिए डीजीसीआईएंड एस के आंकड़े निम्नलिखित कारणों से स्वीकार नहीं किए गए है :

i. आयातों की मात्रा और मूल्य के निर्धारण हेतु उपलब्ध विकल्प हैं : (i) भारतीय सीमाशुल्क के आंकड़े, (ii) चीन के सीमाशुल्क के आंकड़े, (iii) उपभोक्तावार आयात के आंकड़े । विचाराधीन उत्पाद के आयात 2 श्रेणियों में होते हैं– (i) अध्याय 98 के अंतर्गत परियोजना आयात और (ii) अध्याय 85, शीर्ष 8546 के अंतर्गत परियोजना श्रेणी से इतर ।

ii. विचाराधीन उत्पाद के सभी आयात आर्डरों पर किए जाते हैं । इनमें से कुछ इंसुलेटरों का निर्माण उपभोक्ताओं की विशिष्ट डिजाइन और ड्राइंग के अनुसार किया जाता है । अतः इन उत्पादों का कोई मानक भार नहीं होता है । इसके अलावा, चीन के उत्पादकों ने भारत में ग्राहकों की विशिष्ट जरूरतों पर वस्तु का उत्पादन किया है और उसकी आपूर्ति की है, चीन से वस्तु का निर्यात भारत में आकस्मिक खपत के लिए किया गया है । तीसरे देशों में आकस्मिक खपत हेतु चीन से भारत को वस्तु का निर्यात नहीं किया गया होगा । इसके अलावा, भारत से हुए निर्यातों से संबंधित सौदेवार आंकड़ों से स्पष्टतः इस बात की पुष्टि होती है कि भारत से निर्यात ग्लास इंसुलेटरों के नहीं हुए हैं । मात्र यह तथ्य कि यू एन कॉमट्रेड के आंकड़ों से सीमाशुल्क वर्गीकरण के अंतर्गत निर्यातों का पता चलता है, इस अभिप्राय का द्योतक नहीं है कि भारत से ग्लास इंसुलेटरों का निर्यात किया गया है ।

iii. गौण स्रोतों द्वारा प्रदत्त सूचना इस कारण से अपर्याप्त है कि उसमें मुन्द्रा पत्तन जैसे विभिन्न सीमाशुल्क पत्तनों पर सूचित आयात के आंकड़े निहित नहीं हैं । मुन्द्रा पत्तन पर विचाराधीन उत्पाद की भारी मात्रा सूचित की गई है ।

iv. चूंकि यह जांच चीन से हुए आयातों के बारे में है, इसलिए इस बात का कोई कारण नहीं है कि चीन सरकार के आंकड़े अविश्वसनीय क्यों होने चाहिए ।

v. प्राधिकारी ने विगत में कई जांचों में निर्यातक देश के व्यापार आंकड़ों को स्वीकार किया है ।

vi. इसी उत्पाद से संबंधित रक्षोपाय जांच में महानिदेशक (रक्षोपाय) ने चीन के सीमाशुल्क के आंकड़ों को स्वीकार किया है । इसके अलावा, महानिदेशक (रक्षोपाय) द्वारा अधिसूचित अंतिम जांच परिणामों को रक्षोपाय बोर्ड और वित्त मंत्रालय द्वारा स्वीकार किया गया था ।

vii. जहां तक अपर्याप्त सूचना के तर्क का संबंध है, याचिकाकर्ताओं ने याचिका के अनुबंध 2.3 में घरेलू उद्योग के प्रत्येक घटक द्वारा उत्पादित किए जा रहे विचाराधीन उत्पाद की उत्पाद रेंज और उनके विर्निदेशन मुहैया कराए हैं ।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

44. जहां तक घरेलू उद्योग द्वारा दायर किए गए आवेदन में उसके द्वारा प्रदत्त अपर्याप्त सूचना के तर्क का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि आवेदन में जांच की शुरूआत के प्रयोजनार्थ समस्त संगत सूचना निहित थी । प्राधिकारी ने इस बात की संतुष्टि के उपरांत कि जांच की शुरूआत को न्यायोचित ठहराने के लिए आवेदन में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है, वर्तमान जांच शुरू करने का निर्णय लिया । इसके अलावा, जांच की शुरूआत के बाद आवेदक से आवश्यक समझी गई सीमा तक सूचना मांगी गई है और आवेदक ने वर्तमान जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ उसे उपलब्ध कराया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि जैसे–जैसे जांच आगे बढ़ती है, साक्ष्य की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार होता रहता है ।

45. यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिवादी निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन का निर्धारण उनके आंकड़ों के आधार पर किया गया है और जहां तक पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन और संस्तुत किए जाने के लिए प्रस्तावित पाटनरोधी शुल्क की मात्रा का संबंध है, ये प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा प्रदत्त सूचना और साक्ष्य पर आधारित हैं । प्राधिकारी ने केवल क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ चीन के सीमाशुल्क के आंकड़ों को स्वीकार किया है ।

46. क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी के लिए आयात की मात्रा और कीमत में प्रवृत्तियों पर विचार करना अपेक्षित होता है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयतों की मात्रा और कीमत का निर्धारण करने के लिए प्रतिवादी निर्यातकों ने वर्तमान जांच अवधि हेतु सूचना प्रदान नहीं की है और इसलिए क्षति विश्लेषण चीन के प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा प्रदत्त सूचना का प्रयोग करते हुए किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता है ।

47. प्राधिकारी यह मानते हैं कि वर्तमान मामले में चीन के सीमाशुल्क के आंकड़ों को स्वीकार करना उचित है । सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अंतर्गत माप की निर्धारित इकाई भार है । तथापि, डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों के अनुसार आयातों की सूचना माप की कई अन्य इकाइयों अर्थात किग्रा., एलओटी, मी.ट., एन ओ, नग, सैट आदि में दी गई है । उत्पाद के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए भारतीय सीमाशुल्क के आंकड़ों से आयातों की मात्रा का स्पष्ट निर्धारण करना कठिन होगा जबकि आयात के इन सौदों में माप की इकाई भार नहीं है । यद्यपि, उत्पाद की आकस्मिक खपत संख्या में की जाती है, तथापि, संख्याओं के आधार पर आयात की मात्रा और कीमत का निर्धारण संख्याओं के अनुसार आकलन किए जाने पर उत्पाद के विभिन्न प्रकारों की लागत और कीमत में भारी अंतर को ध्यान में रखते हुए अत्यंत भ्रामक होगा । अतः प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ माप की इकाई के रूप में उत्पाद के भार पर विचार किया है जो सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित इकाई भी है । यह भी नोट किया जाता है कि जिन मामलों में इंसुलेटरों का निर्माण ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुसार किया जाता है, कोई मानक भार नहीं होता है और यदि आयात भार के आधार पर सूचित नहीं किए गए हैं, उन मामलों में उन खेपों के भार का सही निर्धारण नहीं किया जा सकता, चीन के सीमाशुल्क के मामले में यह नोट किया जाता है कि चीन के सीमाशुल्क में माप की निर्धारित इकाई भी भार है और चीन से हुए निर्यातों की सूचना चीन के सीमाशुल्क में केवल भार के आधार पर प्रदान की गई है । पूर्वोक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी यह मानते हैं कि आयातों की मात्रा और मूल्य का विश्लेषण करने के लिए चीन के सीमाशुल्क को स्वीकार करना उचित होगा ।

48. इसके अलावा, चूंकि यह जांच संबद्ध देश के रूप में चीन से संबंधित है, इसलिए चीन के सीमाशुल्क के आंकड़ों को स्वीकार करना उचित नहीं होगा । यह भी नोट किया जाता है कि उत्पाद का उत्पादन मुख्यतः विशिष्ट आर्डरों पर किया जाता है और इसलिए भारत को निर्यात हेतु बीजकबद्ध वस्तु भारत में खपत के लिए नियत थी ।

49. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि भारती सीमाशुल्क आंकड़ों से ग्लास इंसुलेटरों की श्रेणी के अंतर्गत निर्यातों का पता चलता है । तथापि, चूंकि भारत में ग्लास इंसुलेटरों का उत्पादन नहीं होता है, इसलिए इसका आशय भारत में आयातित वस्तु के पुनः निर्यात से है । याचिकाकर्ताओं ने भारतीय सीमाशुल्क (आईबीआईएस) के अनुसार सौदेवार निर्यात आंकड़े उपलब्ध कराए हैं जिनके विश्लेषण से यह पता चलता है कि इन निर्यातों में उत्पाद विवरण से यह प्रदर्शित नहीं होता है कि ये निर्यात ग्लास इंसुलेटरों के हुए थे ।

50. जहां तक अपवर्जित मदों का संबंध है, प्राधिकारी निम्नानुसार नोट करते हैं :–

क. किसी भी प्रतिवादी निर्यातक ने किसी अपवर्जित मद का निर्यात नहीं किया है ।

ख. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि अपवर्जित मदों के आयात की मात्रा काफी कम रही है ।

क. चूंकि चीन का सीमाशुल्क उत्पाद का पूर्ण विवरण निर्दिष्ट नहीं करता है और उसमें संगत एच एस कोड में उल्लिखित विवरण ही होता है, इसलिए अपवर्जित मद के अभिज्ञान हेतु चीन के सीमाशुल्क के विस्तृत आंकड़ों का प्रयोग नहीं किया जा सकता।

ख. डीजीसीआईएंड एस के आंकड़ों में आयातित उत्पाद का विस्तृत विवरण निहित होता है और डीजीसीआईएंड एस के आंकड़ों में अपवर्जित मदों के आयातों की पहचान करना संभव है ।

ग. प्रतिवादी पक्षकारों ने चीन से भारत को हुए अपवर्जित उत्पादों के निर्यात के बारे में कोई उचित अथवा पर्याप्त सूचना उपलब्ध नहीं कराई है ।

51. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी यह मानते हैं कि अपवर्जित मदों की मात्रा और मूल्य का निर्धारण करने के लिए डीजीसीआईएंड एस के आंकड़ों को स्वीकार करना उचित रहेगा ।

52. विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जांच करने के बाद अनंतिम रूप से यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि चीन से हुए आयातों की मात्रा और मूल्य का निर्धारण करने हेतु चीन सीमाशुल्क तथा अपवर्जित उत्पादों के आयातों की मात्रा और मूल्य का निर्धारण करने के लिए डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों पर विचार करना उचित होगा । यह भी नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों की मात्रा और मूल्य का निर्धारण करने में महानिदेशक (रक्षोपाय) ने भी यही कार्यप्रणाली अपनाई थी ।

53. जहां तक कनाडा पर उचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के रूप में विचार किए जाने का संबंध है, प्राधिकारी ने वर्तमान जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ चीन में सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु कनाडा को उचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के रूप में स्वीकार नहीं किया है ।

54. जहां तक याचिका में निवल कारखाना निर्यात कीमत के निर्धारण का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह याचिका सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर आधारित है । प्राधिकारी ने अब प्रत्येक मामले में निर्यात कीमत के निर्धारण हेतु प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा दायर किए गए प्रश्नावली के उत्तरों को स्वीकार किया है।

55. जहां तक ग्लास इंसुलेटरों के सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु याचिका में परिवर्तन कारक को अपनाने का संबंध है, प्राधिकारी ने वर्तमान निर्धारण के प्रयोजनार्थ इस संबंध में आगे की जांच लंबित रहने तक परिवर्तन का कोई कारक लागू नहीं किया है ।

56. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि याचिकाकर्ताओं ने प्रयोक्ताओं को आयातकों के बराबर रखा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क दिया है कि चीन से अधिकांश आयात पावर ग्रिड कार्पोरेशन, जो आयातक और उपभोक्ता दोनों हैं, द्वारा किया जाता है । बहरहाल प्राधिकारी ने एक अधिसूचना जारी की है जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया है । भारत में उत्पाद के उपभोक्ताओं से यह उम्मीद की जाती है कि वे वर्तमान कार्रवाई से वाकिफ हैं ।

57. जहां तक आयातों की मात्रा और उनकी कीमत के निर्धारण हेतु सूचना के अलग स्रोत को अपनाने का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते है। कि याचिकाकर्ताओं ने इस बारे में उपलब्ध सर्वोत्तम सूचना प्रदान की है । कोई भी हितबद्ध पक्षकार सूचना का ऐसा कोई अन्य स्रोत प्रदान करने या उसका संकेत करने में समर्थ नहीं हुआ है जिसे इस प्रयोजनार्थ स्वीकार किया जा सके ।

घ. पाटन मार्जिन

1. सामान्य मूल्य :

58. धारा 9क(1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है :

(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रियामें समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:—

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा ।

<u>निर्यातकों, आयातकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

59. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के बारे में हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :

<u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

60. सामान्य मूल्य के संबंध में आवेदकों द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं :

क. प्राधिकारी द्वारा पूर्ववर्ती मामलों में और दूसरे देशों में जांच प्राधिकारियों द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण के अनुरूप चीन को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाना चाहिए । सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु चीन के उत्पादकों की लागत और कीमत पर विश्वास नहीं किया जा सकता ।

ख. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि निम्नलिखित प्रत्येक शर्त को पूरा नहीं किया जाता है :

i. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा उस स्थिति में प्रदान नहीं किया जा सकता जिसमें प्रमुख शेयरधारकों में से एक शेयरधारक राज्य की स्वामित्व वाला/नियंत्रित कंपनी है।

ii. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि चीन के प्रतिवादी निर्यातक यह सिद्ध नहीं करते हैं कि प्रमुख निविष्टियों की कीमतों में बाजार मूल्यों का पर्याप्त प्रदर्शन नहीं होता है ।

iii. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि प्रतिवादी निर्यातक यह सिद्ध नहीं करता है कि उनकी बहियों की लेखा परीक्षा अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानकों के अनुरूप की जाती है ।

iv. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा उस स्थिति में प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि

v. बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे की पुष्टि करने हेतु सिद्ध करने का भार/दायित्व चीन के प्रतिवादी निर्यातकों पर है न कि निर्दिष्ट प्राधिकारी
पर ।

vi. बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि प्रतिवादी कंपनी और उसका समग्र समूह यह दावा न करे ।

vii. ऐसी स्थिति में जहां वर्तमान शेयरधारकों में स्वयं अपनी उत्पादन सुविधाएं स्थापित नहीं की हैं परंतु उन्हें किसी अन्य पक्षकार से प्राप्त किया है, वहां बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा तब तक प्रदान नहीं किया जा सकता जब तक कि दस्तावेजी साक्ष्य के जरिए रूपांतरण की प्रक्रियापूर्णतः स्थापित नहीं हो जाती है ।

ग. उत्पाद के उत्पादन के लिए अपेक्षित प्रमुख निविष्टियां धातु के कलपुर्जे और प्राकृतिक गैस, एलपीजी के रूप में ईंधन अथवा मिट्टी तेल, भट्टी तेल आदि जैसे तरल ईंधन है। चीन में इस्पात की कीमतों में बाजार मूल्य का पर्याप्त प्रदर्शन नहीं होता है । चीन की इस्पात कंपनियां सरकारी सब्सिडी से अत्यधिक लाभान्वित होती हैं । जहां तक ईंधन का संबंध है, इसकी कीमतों में चीन में बाजार मूल्य का प्रदर्शन नहीं होता है ।

घ. विशिष्ट उद्योग से संबंधित कच्ची सामग्री हेतु सब्सिडी के अलावा, समस्त औद्योगिक राज्य स्वामित्व वाले उद्यमों (एसओई) ने ऊर्जा सब्सिडी प्राप्त की । सरकार के हस्तक्षेप द्वारा आई विकृतियों से अधिक क्षमता का सृजन हुआ है ।

ड. आवेदकों ने संबद्ध वस्तु की परिकलित उत्पादन लागत के आधार पर पोर्सीलेन/सिरेमिक इंसुलेटर का सामान्य मूल्य निर्धारित किया है ।

च. आवेदकों ने पोर्सीलेन/सिरेमिक तथा ग्लास इंसुलेटरों के लिए पृथक सामान्य मूल्य का निर्धारण किया ।

छ. आवेदकों ने ग्लास इंसुलेटरों के लिए सामान्य मूल्य तीन अलग—अलग तरीकों से निर्धारित किया :

i. बजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश (कनाडा) में प्रचलित कीमतें

ii. ग्लास इंसुलेटरों की लागत हेतु आवेदकों द्वारा प्राप्त लागत के सर्वोत्तम अनुमान ।

iii. भार में अंतर हेतु विधिवत समायोजित पोर्सीलेन इंसुलेटरों के सामान्य मूल्य के आधार पर

ज. आवेदकों ने आयात आंकड़ों के आधार पर भारित औसत आयात कीमत निर्धारित की । निर्यात कीमतों में कमीशन, पत्तन व्यय, अंतदेशीय भाड़े और बैंक प्रभारों के लिए समायोजन किया गया है।

झ. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए वैब अनुसंधान से यह पता चलता है कि जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 और सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 की सभी संबद्ध कंपनियों ने विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन किया परंतु उन्होंने वर्तमान जांच में उत्तर नहीं दिया है ।

ट. यह सिद्ध करने के लिए निर्यातक ने कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है कि प्राप्त निविष्टियों की कीमतों में बाजार मूल्य का पर्याप्त प्रदर्शन होता है ।

ठ. जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 और सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर में अंतराल प्रश्नावली के उत्तर में प्रमुख दोषों के रूप में है और निर्यातक ने सावधानीपूर्वक संगत सूचना प्रदान न करने का निर्णय लिया है । इस

प्रकार निर्दिष्ट प्राधिकारी प्रश्नावली के उत्तरों में इन दोषों को इंगित करने के लिए बाध्य नहीं हैं । प्रश्नावली का पूर्ण उत्तर दायर करने के लिए कमियों को स्पष्ट करने अथवा उनमें सुधार करने के अवसरों का प्रयोग नहीं किया जा सकता ।

ड शंघाई सेविस ग्लास कंपनी लि0 ग्लास सैलों का निर्माण करती है और जिगोंग सफाम कास्ट आयरन कं0 लि0 द्वारा जिगोंग सेडीवर एवं सेडीवर शंघाई के लिए इनसुलेटरों के कैप तैयार किए जाते हैं । ग्लास इंसुलेटर के शामिल उत्पादन की मूल प्रक्रियाग्लास सैलों के निर्माण में निहित है । वस्तुतः ग्लास सैलों का निर्माण किए जाने के बाद जो एकमात्र उत्पादन प्रक्रियाबचती है, वह है धातु के पुर्जों को लगाना, जो एक स्क्रू ड्राइवर प्रौद्योगिकी है । उत्पादन की मूलभूत प्रौद्योगिकी, संयंत्र एवं उपकरण, विनिर्माण प्रक्रियाऔर निवेश ग्लास सैलों के निर्माण में होता है । ग्लास सैलों के चरण तक की लागत में ग्लास इंसुलेटर की अधिकांश उत्पादन लागत आ जाती है । इस प्रकार के विनिर्माण कार्यकलाप शंघाई सेविस ग्लास कंपनी लि0 द्वारा किए जाते हैं । इस प्रकार मूलभूत विनिर्माण कार्यकलाप ऐसी एक कंपनी द्वारा किए जाते हैं जो प्राधिकारी के समक्ष नहीं हैं । ग्लास सैलों और ग्लास इंसुलेटरों के लिए कैपों का निर्माण करने वाली इन कंपनियों से प्रश्नावली के उत्तरों के अभाव में प्राधिकारी के लिए ग्लास इंसुलेटरों के उत्पादन और बिक्री में शामिल उत्पादन एवं उत्पादन लागत का सत्यापन करना संभव नहीं होगा । अतः प्रश्नावली का उत्तर सर्वथा अपूर्ण है और सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु अपर्याप्त है । याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि जहां तक सामान्य मूल्य के निर्धारण का संबंध है, यह एकमात्र तथ्य समूची प्रक्रियाको रद्द करने के लिए पर्याप्त है ।

<u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

61. प्राधिकारी ने निर्धारित प्रपत्र में और ढंग से सूचना प्रदान करने की सलाह देते हुए संबद्ध देश के ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावलियां भेजी । निम्नलिखित पक्षकारों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर दायर किए है :

i. ननजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कंपनी लि0
ii. जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0
iii. सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कंपनी लि0
iv. डेलियन इंसुलेटर ग्रुप कंपनी लि0
v. लिलिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टैक्नोलॉजी कंपनी लि0
vi. लिलिंग हुआचैंग इंसुलेटर्स कंपनी लि0
vii. सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कंपनी लि0
viii. चेंगडू ग्लोबल स्पेशन–ग्लास मैन्यु कंपनी लि0
ix. सेडीवर एसए (फ्रांस)

62. निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर के अलावा संबद्ध देश की निम्नलिखित कंपनियों ने बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं ।

i. जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0
ii. सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कंपनी लि0

<u>बाजार अर्थव्यवस्था के दावों की जांच</u>

63. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पिछले तीन वर्षों के दौरान डब्ल्यू टी ओ के अन्य सदस्यों द्वारा पाटनरोधी जांचों में चीन जन.गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है । अतः पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैरा 8 (2) के अनुसार चीन जन.गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माना गया है जो उपर्युक्त नियमों के अनुसार निर्यातक देश द्वारा अथवा अलग–अलग निर्यातकों द्वारा उपर्युक्त अनुमान के खंडन के अधीन है ।

64. यथा–संशोधित पाटनरोधी नियमावली के पैरा–8, अनुबंध–1 के अनुसार गैर–बाजार अर्थव्यवस्था के अनुमान का उस स्थिति में खंडन किया जा सकता है यदि चीन का निर्यातक पैरा 8 के उप पैरा (3) में विनिर्दिष्ट मानदंडों के आधार पर सूचना और पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करता है और इसके प्रतिकूल सिद्ध करता है । चीन0 जन0 गण0 से संबद्ध वस्तु के सहयोगी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार संबंधी प्रश्नावली के उत्तर में पैरा 8 के उप पैरा (3) में किए गए उल्लेख के अनुसार आवश्यक सूचना/पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तत करना अपेक्षित है ताकि निर्दिष्ट प्राधिकारी निम्नलिखित मानदंडों पर विचार कर सकें कि क्या :–

क. कच्ची सामग्रियों सहित कीमत; लागत और निविष्टि तथा श्रम लागत, उत्पादन, बिक्रियां और निवेश के बारे में चीन.जन.गण. में संबंधित फर्मों का निर्णय ऐसे बाजारी संकेतों के अनुसार किया जाता है जिसमें आपूर्ति और मांग परिलक्षित होती है और इस बारे में राज्य का अधिक हस्तक्षेप नहीं होता है और क्या प्रमुख निविष्टियों की लागत में बाजार मूल्य पर्याप्त रूप से प्रदर्शित होते हैं;

ख. इस प्रकार की फर्मों की उत्पादन लागत और वित्तीय स्थिति विशेषकरर परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खातों, वस्तु विनिमय–व्यापार और ऋणों की प्रतिपूर्ति के माध्यम से भुगतान के संदर्भ में पूर्ववर्ती गैर–बाजार अर्थव्यवस्था वाली प्रणाली से हुई महत्वपूर्ण विकृतियों के अध्यधीन हैं;

ग. इस प्रकार की फर्में दिवालियापन और संपत्ति कानूनों के अध्यधीन हैं जो फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता और स्थिरता की गारंटी देते हैं; और

घ. विनिमय दर का परिवर्तन ब्याज की दर पर किया जाता है ।

65. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. की जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 और सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 ने प्राधिकारी द्वारा जारी की गई जांच शुरूआत संबंधी सूचना के बाद बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे से संबंधित प्रश्नावली और निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है तथा गैर बाजार अर्थव्यवस्था के अनुमान का खंडन किया है । संबद्ध वस्तु के प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों के सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु प्रतिवादी उत्पादकों तथा निर्यातकों के प्रश्नावली के उत्तरों तथा बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी उत्तरों की जांच की गई थी ।

66. प्राधिकारी ने बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली के उत्तरों के आधार पर और निर्यातक प्रश्नावली की विभिन्न परिशिष्टों के संबंध में भी सहयोगी निर्यातक जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 के अनुरोधों की जांच की है । उत्तरों की जांच करने के बाद प्राधिकारी

ने यह पाया है कि जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 की स्थापना चीन के कानूनों के अंतर्गत वर्ष 1993 में की गई थी । यह एक संयुक्त उद्यम सीमित दायित्व वाली कंपनी है । कंपनी के 98 प्रतिशत शेयर सेविस एसपीए के स्वामित्व में हैं और कंपनी के 2 प्रतिशत शेयर जिगोंग चुआन शेंग इलक्ट्रिका पोर्सिलेन इंसुलेटर कंपनी के स्वामित्व में हैं । कंपनी का प्रमुख शेयरधारक सेविस एसपीए द्वारा चीन में कई कंपनियों पर नियंत्रण/स्वामित्व रखा जाता है जो संबद्ध पण्य वस्तु का उत्पादन/निर्यात करती हैं । तथापि, चीन जन.गण. से संबद्ध उत्पाद के इन उत्पादकों में वर्तमान जांच में उत्तर नहीं दिया है । यद्यपि, यह दावा किया जाता है कि इन कंपनियों ने जांच अवधि के दौरान भारत को इंसुलेटरों का निर्यात नहीं किया था ।

67. चूंकि एमईटी मानदंड का अनुरोध और उसकी पूर्ति एक ही समूह की सभी कंपनियों के लिए की जानी चाहिए, इसलिए इस बात की पुष्टि नहीं की गई है कि एमईटी का दावा पूर्ण है। इसके अलावा सेविस ग्रुप मैन्युफैक्चर्स पोर्सिलेन इंसुलेटर्स की एक कंपनी पीपीसी वूक्सी इंसुलेटर कं0 लि0 ने वर्तमान जांच में उत्तर नहीं दिया है । जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 की ग्लास इंसुलेटरों की घरेलू बिक्री के आधार पर उसके सामान्य मूल्य का निर्धारण पर्याप्त नहीं होगा क्योंकि संबंधित पक्षकार पीपीसी वूग्सी इंसुलेटर कं0 लि0 जो कि चीन में पोर्सीलेन इंसुलेटरों की एक उत्पादक है, द्वारा भी पोर्सिलेन की घरेलू बिक्री की जाती होगी और इसलिए उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। किसी भी स्थिति में बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार के दावे को तब तक पूर्ण नहीं माना जा सकता जब तक कि विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री में शामिल सभी कंपनियां प्रश्नावली के उत्तर के जरिए प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं होती हैं । घरेलू उद्योग ने भी सेलीवर की वैबसाइट से यह प्रदर्शित करने के लिए साक्ष्य उपलब्ध कराया है कि कुछ संबद्ध कंपनियों द्वारा विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए अपेक्षित निविष्टियों का उत्पादन किया जा रहा है और इस कंपनी समूह ने बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है । कंपनी ने यह भी स्वीकार किया है कि वह संबंधित कंपनियों से निविष्टि की खरीद कर रही है परंतु वह प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हुई है क्योंकि उसने उत्तर दायर नहीं किया है ।

68. इसके अलावा, उत्पाद के उत्पादन के लिए अपेक्षित प्रमुख निविष्टि अर्थात धातु एवं ईंधन के संदर्भ में निर्यातक ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है कि इन निविष्टियों की कीमतों में बाजार मूल्यों का पर्याप्त प्रदर्शन होता है ।

69. यह भी नोट किया जाता है कि चीन में ग्लास एवं पार्सिलेन इंसुलेटरों के ऐसे अन्य निर्यातक हैं जिन्होंने प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है और बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का दावा नहीं किया है । ऐसी स्थिति में जहां चीन में विचाराधीन उत्पाद के अन्य प्रमुख उत्पादकों ने बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का ही दावा नहीं किया है, इस बात की पुष्टि अपक्षित है कि चीन में निर्यातक की लागत और कीमत से बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का उसका दावा न्यायोचित ठहरता है ।

70. अतः घरेलू उद्योग द्वारा रिकॉर्ड में रखे गए तथ्यों को ध्यान में रखते हुए और बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार के दावे की आगे जांच तथा सूचना के सत्यापन तथा बाजार अर्थव्यवस्था के दावों और अलग–अलग व्यवहार के दावों के बारे में चीन जन.गण. के निर्यातक एवं उत्पादक द्वारा किए गए दावों के सत्यापन के लंबित रहने तक प्रारंभिक जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने इस चरण पर उक्त कंपनी को बाजार अर्थव्यवस्था का व्यवहार प्रदान नहीं किया है और उन्होंने नियमावली के अनुबंध–1 के पैरा 7 के अनुसार सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु परिकलित सामान्य मूल्य को अनंतिम रूप से स्वीकार किया है ।

71. यह भी नोट किया जाता है कि सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कंपनी लि0 ने भी बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली का उत्तर दिया है । सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कंपनी लि0 ('कंपनी') की स्थापना चीन के कानूनों के अंतर्गत वर्ष 2007 में की गई थी । यह 100 प्रतिशत विदेशी स्वामित्वाधीन सीमित दायित्व वाली कंपनी है । कंपनी ने पिछले तीन वर्षों में कोई ढांचागत परिवर्तन नहीं किया है । यह 162338 मिनले रोड, स्पार्क जोन, शंघाई, चीन–201319 पर पंजीकृत है । कंपनी सेविस एसपीए के 100 प्रतिशत स्वामित्व में है । सेविस एसपीए की चीन में संबंधित कंपनियां हैं जो संबद्ध पण्य वस्तु की बिक्री से जुड़ी हुई हैं । घरेलू उद्योग ने सेलीवर की वैबसाइट से साक्ष्य भी उपलब्ध कराया है ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि कुछ संबद्ध कंपनियां विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए अपेक्षित निविष्टियों का उत्पाद कर रही हैं और इस कंपनी समूह ने बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है । कंपनी ने यह भी स्वीकार किया है कि वह संबंधित कंपनियों से निविष्टि प्राप्त कर रही है परंतु ये प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हैं क्योंकि उन्होंने उत्तर दायर नहीं किया है । पूर्व में स्पष्ट की गई स्थिति को ध्यान में रखते हुए वर्तमान जांच परिणाम हेतु बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कंपनी को प्रदान नहीं किया जा सकता क्योंकि जिगोंग सेडीवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कंपनी लि0 तथा सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 का स्वामित्व सेविस एसपीए के पास है और इस प्रकार ये संबंधित कंपनियां हैं ।

72. सेडीवर एस ए फ्रांस ने सेडीवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 द्वारा उत्पादित विचाराधीन उत्पाद का भारत को निर्यात किया है और उसने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है ।

क. लीलिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टैक्नोलॉजी कं0, लि0 तथा लिलिंग हुआचेंग इंसुलेटर कं0, लि0

73. इस प्रश्नावली का उत्तर लीलिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टैक्नोलॉजी कं0, लि0 (''लीलिंग हुआक्सिन अथवा ''कंपनी'') और उसकी सहायक कंपनी लिलिंग हुआचेंग इंसुलेटर कं0, लि0 (''लीलिंग हुआचेंग'') द्वारा प्रदान किया गया है । लिलिंग हुआक्सिन संबद्ध पण्य वस्तु की एक निर्यातक उत्पादक है जो उत्पादन, घरेलू बिक्री और भारत तथा अन्य तीसरे देशों को निर्यात बिक्री का कार्य करती है । इसकी सहायक कंपनी लिलिंग हुआचेंग संबद्ध पण्य वस्तु की एक उत्पादक है जो केवल घरेलू बिक्री करती है । कंपनी और उसकी संबद्ध कंपनी लिलिंग हुआचेंग ने इस जांच में बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार के लिए आवेदन नहीं किया है । दोनों कंपनियों ने एक समेकित प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है । कंपनी ने यह दावा किया है कि जहां तक उसकी जानकारी है, चीन और अन्य देशों में संबद्ध वस्तु के उत्पादन और बिक्री में संलग्न कोई अन्य संबद्ध कंपनी नहीं है । इसके अलावा, उन्होंने दावा किया है कि कंपनी को संबद्ध उत्पाद के लिए सरकार द्वारा किसी भी रूप में ऐसा कोई प्रोत्साहन प्रदान नहीं किया जाता है । हुआचेंग के पास उत्पाद विवरिणका नहीं है और हुआक्सिन के साथ ऐसे ही उत्पाद कोड की हिस्सेदारी नहीं है । कंपनी ने दावा किया है कि घरेलू बाजार में सौदेबाजी और बिक्री प्रक्रिया तथा भारत को निर्यात की प्रक्रिया आम तौर पर समान है । कंपनी दोनों बाजारों में बिक्री हेतु ऐसी कीमत सूचियां जारी नहीं करती है । बिक्री पर बातचीत सौदा आधार पर की जाती है ।

ख. सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कंपनी तथा चेंगडू ग्लोबल स्पेशल ग्लास मैन्युफैक्चिंग कं0, लि0

74. इस प्रश्नावली का उत्तर सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कंपनी लि0 (''यीबिन ग्लोबल'' अथवा ''कंपनी'') और उसकी सहायक कंपनी चेंगडू ग्लोबल स्पेशल–ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कं0, लि0 (''चेंगडू ग्लोबल'') द्वारा प्रदान किया गया है । यीबिन ग्लोबल संबद्ध वस्तु की एक निर्यातक

है जो भारत और अन्य तीसरे देशों, दोनों के लिए घरेलू और निर्यात बिक्रियां करती है । इसकी सहायक कंपनी चेंगडू ग्लोबल संबद्ध वस्तु की एक उत्पादक है । चेंगडू ग्लोबल द्वारा विनिर्मित सभी उत्पादों की सर्वप्रथम बिक्री यीबिन ग्लोबल का की जाती है और उसकी आगे बिक्री यीबिन ग्लोबल द्वारा सभी बाजारों में की जाती है । इस कंपनी और इसकी सहायक कंपनी चेंगडू ग्लोबल ने इस जांच में बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार हेतु आवेदन नहीं किया है । दोनों कंपनियों ने एक समेकित प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है । पेपर कंपनी के रूप में तियानवो ट्रेडिंग कंपनी लि0 द्वारा चेंगडू ग्लोबल और यीबिन ग्लोबल के बीच संबद्ध वस्तु की बिक्री की जाती है । कोई वास्तविक बिक्री तथा उत्पादन कार्यकलाप नहीं किया जाता है और ऐसा केवल लेखा के प्रयोजन हेतु किया जाता है । कंपनी ने दावा किया है कि जहां तक उसकी जानकारी है, ऐसी कोई अन्य संबंधित कंपनी नहीं है जो चीन और अन्य देशों, दोनों के लिए संबद्ध वस्तु का उत्पादन कर उसकी बिक्री करती है । इसके अलावा, यह दावा किया गया है कि उसे सरकार द्वारा संबंधित उत्पाद के लिए किसी भी रूप में ऐसा कोई प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है और सभी देशों में कोई अन्य सहायक कंपनी अथवा अन्य संबद्ध कंपनी संबद्ध उत्पाद के उत्पादन, बिक्री अथवा कच्ची सामग्री की आपूर्ति में शामिल नहीं है । कंपनी ने दावा किया है कि घरेलू बाजार में और भारत को निर्यात हेतु सौदेबाजी तथा निर्यात प्रक्रियाआम तौर पर समान है । कंपनी द्वारा दोनों बाजारों में बिक्री हेतु ऐसी कीमत सूचियां जारी नहीं की जाती हैं । बिक्रियों पर बातचीत सौदा आधार पर की जाती है ।

ग. डालियान इंसुलेटर ग्रुप कं0, लि0

75. कंपनी की स्थापना *** आर एमबी की पंजीकृत पूंजी के साथ एक सीमित दायित्व वाली कंपनी के रूप में डालियान इंसुलेटर कं0, लि0 के नाम से 16 जुलाई, 2003 को की गई थी और उसने उसी वर्ष 15 नवंबर, को व्यापार लाइसेंस प्राप्त किया था । 19 फरवरी, 2009 को कंपनी का नाम बदलकर डालियान इंसुलेटर ग्रुप कं0, लि0 कर दिया गया था । 13 अगस्त, 2009 को कंपनी की लेखा परीक्षित निवल परिसंपत्ति को *** शेयरों में तब्दील कर दिया गया था और कंपनी को परिवर्तित कर शेयरों द्वारा सीमित एक कंपनी बना दिया गया था । 5 अगस्त, 2011 को यह कंपनी शेनझेन स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई बोर्ड में व्यापार हेतु सूचीबद्ध किया गया था । उपर्युक्त के अलावा, कंपनी के व्यापार क्षेत्र और पंजीकरण के अन्य विवरण परिवर्तित नहीं हुए थे । कंपनी का निर्यातित उत्पाद चीन की सरकार द्वारा निर्धारित निर्यातों पर मूल्यवर्धित कर आय की नियुक्ति के अंतर्गत है । संबद्ध वस्तु के लिए वैट आय दर 17 प्रतिशत है । कंपनी ने दावा किया है कि उसका कोई वित्तीय अथवा संविदागत संबंध नहीं है और अनुसंधान तथा विकास, उत्पादन, बिक्री, लाइसेंसिंग, संबद्ध उत्पाद हेतु तकनीकी एवं पेटेंट करारों के बारे में किसी अन्य कंपनी के साथ कोई संयुक्त उद्यम नहीं है । कंपनी ने यह दावा किया है कि वह भारतीय और घरेलू ग्राहकों को सीधे बिक्री करती है । डालियान इंसुलेटर और उसके ग्राहक वस्तु की बिक्री की शुरूआत में सामान्य सूचना हेतु एक दूसरे से संपर्क करते हैं और करार होने तक कीमत, गुणवत्ता, डिलीवरी की तारीख तथा भुगतान की शर्त पर बातचीत जारी रखते हैं । संविदा निष्पादित होने के बाद दोनों पक्षकार संविदा के अनुसार अपनी जिम्मेवारियां निभाते हैं । उन्होंने आगे दावा किया है कि उनके पास घरेलू बाजार तथा भारत को निर्यात हेतु बिक्रियों की कोई कीमत सूची नहीं है । बिक्री कीमत का निर्धारण हमारी उत्पादन लागत, एस ए एंड जी तथा उचित लाभ पर विचार करते हुए दोनों पक्षकारों द्वारा बातचीत द्वारा किया जाता है जिसमें बाजार में आपूर्ति और मांग के सिद्धांत का पालन किया जाता है । उत्पादक/निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का दावा नहीं किया है ।

घ. नानजिंग इलेक्ट्रिक (ग्रुप) कं0, लि0

76. नानजिंग इलेक्ट्रिक (ग्रुप) कं0, लि0 (''उत्पादक/निर्यातक'') की स्थापना चीन के कंपनी कानून के अंतर्गत एक सीमित दायित्व वाली कंपनी के रूप में दिसंबर, 1997 में की गई थी और उसे संख्या 63, ताइक्सिन रोड, नानजिंग, 210038, जियांगशु, चीन पर पंजीकृत किया गया था । वर्ष 2004 से नानजिंग इलेक्ट्रिक (ग्रुप) कं0, लि0 का 100 प्रतिशत नियंत्रण बैयुन इलैक्ट्रो ग्रुप के पास है । नानजिंग इलेक्ट्रिक (ग्रुप) कं0, लि0 के वर्तमान दो शेयरधारक बैयुन इलैक्ट्रिक ग्रुप कंपनी लि0 और उसकी सहायक कंपनी गुआंगझू बैयून इलैक्ट्रिक इन्वेस्टमेंट कंपनी लि0 हैं । नानजिंग इलेक्ट्रिक (ग्रुप) कं0, लि0 बैयुन ग्रुप के भीतर इलैक्ट्रिकल इंसुलेटरों की एकमात्र उत्पादक है । उत्पादक/निर्यातक द्वारा केवल टफंड ग्लास इंसुलेटरों तथा कंपोजिट इंसुलेटरों एवं हाई वोल्टेज पार्सिलेन इंसुलेटरों का सीमित मात्रा में उत्पादन किया जाता है । जांच अवधि के दौरान उत्पादक/निर्यातक ने भारत को केवल ''कैप और पिन प्रकार के टफंड ग्लास इंसुलेटरो'' ' का निर्यात किया। उत्पादक/निर्यातक द्वारा बोली प्रक्रियाके जरिए भारतीय बाजार में अंतिम प्रयोक्ताओं को सीधी बिक्री की जाती है उत्पादक/निर्यातक की एक ही सहायक कंपनी है जो अभी भी अपनी आरंभिक प्रक्रियामें है और उसका कोई व्यापारिक कार्यकलाप नहीं है । यह सहायक कंपनी विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण नहीं करती है । उत्पादक/निर्यातक ने बाजार अर्थव्यवस्था के व्यवहार का दावा नहीं किया है ।

साधारण मूल्य के निर्धारण के लिए पद्धति

77. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य का निर्धारण प्रारंभिक जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ अनुबंध–1 के पैरा 7 के मद्देनजर किया है । चीन जन.गण. से भारत में आयातित संबद्ध उत्पाद हेतु सामान्य मूल्य का परिकलन घरेलू उद्योग के लिए अनुमत स्तरों पर घरेलू उद्योग की कीमत, परिवर्तन लागत, ब्याज, एस जी ए आदि के अनुसार प्रमुख कच्ची सामग्री, क्वाट्ज की अंतर्राष्ट्रीय कीमत, अन्य कच्ची सामग्री की लागत हेतु घरेलू उद्योग के ईष्टतम खपत मानकों पर विचार करते हुए किया गया है । उचित लाभ हेतु ब्याज को छोड़कर बिक्री लागत के 5 प्रतिशत की अनुमति प्रदान की गई है ।

78. वर्तमान प्रारंभिक जांच परिणामों के प्रयोजनार्थ और आगे की जांच लंबित रहने पर प्राधिकारी ने ग्लास इंसुलेटरों के लिए पृथक सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया है । यद्यपि, याचिकाकर्ताओं ने यह तर्क दिया है कि भार के अनुसार निर्धारित किए जाने पर ग्लास इंसुलेटरों का सामान्य मूल्य पोर्सिलिन इंसुलेटरों के सामान्य मूल्य से काफी अधिक होगा । याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि ग्लास इंसुलेटरों का सामान्य मूल्य काफी अधिक माना जाना चाहिए जो कम से कम ग्लास और पोर्सिलेन इंसुलेटरों के बीच भार में अंतर तक होना चाहिए । ग्लास इंसुलेटरों का सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी के लिए ग्लास इंसुलेटर की निविष्टि की खपत और परिवर्तन लागत संबंधी आंकड़ों की जरूरत है । चूंकि घरेलू उद्योग ग्लास इंसुलेटर का उत्पादन नहीं कर रहा है, इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा ये आंकड़े प्रदान नहीं किए जा सकते । मै0 सैडीवर ने ग्लास इंसुलेटर की लागत संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराए हैं परंतु उन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि उन्हें प्रारंभिक जांच परिणाम, सत्यापन लंबित रहने तक एमईटी प्रदान नहीं किया गया है और इसकी वजह संबद्ध पक्षकारों से निविष्टियों की खरीद से जुड़े स्पष्टीकरण भी हैं । यह भी नोट किया जाता है कि ग्राहक कीमत आधार पर ग्लास तथा पोर्सिलेने इंसुलेटर की खरीद कर रहे हैं । ग्लास इंसुलेटरों के किसी भरोसेमंद और सत्यापनीय आंकड़ों की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने उसी स्तर के पोर्सिलेन तथा ग्लास इंसुलेटर के सामान्य मूल्य पर विचार किया है । यद्यपि, घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि भार के

अनुसार निर्धारित किए जाने पर ग्लास इंसुलेटरों का सामान्य मूल्य पोर्सिलिन इंसुलेटरों के सामान्य मूल्य से काफी अधिक होगा । चीन जन. गण के लिए निर्धारित परिकलित सामान्य मूल्य पाटन मार्जिन शीर्ष के अंतर्गत निम्नलिखित पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है ।

2. निर्यात कीमत

जिगोंग सेडिवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कं0 लि0

79. जिगोंग सेडिवर टफंड ग्लास इंसुलेटर कं0 लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की सीधी बिक्री भारत में ग्राहकों को की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल टफंड ग्लास इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 70 के एन, 120 केएन, 160 केएन, 210 केएन और 420 केएन के एसी तथा डी सी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने विदेशी व्यय, विदेशी बीमा और ऋण लागत हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0

80. सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की सीधी बिक्री भारत में ग्राहकों को की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल ग्लास डिस्क इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 120 केएन, 160 केएन, 210 केएन के एसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने अंतरदेशीय भाड़े, विदेशी भाड़े, विदेशी बीमा और ऋण लागत हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

सेडिवर एस.ए (फ्रांस) (निर्यातक) के जरिए सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 (उत्पादक)

81. सेडिवर एस.ए (फ्रांस) (निर्यातक) के जरिए सेडिवर इंसुलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0 (उत्पादक) ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की बिक्री सेडिवर एस ए के जरिए भारत में सीधे ग्राहकों को की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल ग्लास डिस्क इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 120 केएन, 160 केएन, 210 केएन के एसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने बीमा, निकासी एवं हैंडलिंग प्रभारों सहित अंतरदेशीय भाड़े, अंतर्राष्ट्रीय भाड़े, अंतर्राष्ट्रीय बीमा, कमीशन तथा बैंक प्रभारों हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

(क) लीनिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं0, लि0 तथा लीलिंग हुआचेंग इंसुलेटर्स कं0 लि0,

82. लीनिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं0, लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की बिक्री भारत में ग्राहकों को सीधे की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल हॉलो पार्सिलेन इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, जांच अवधि के दौरान कंपनी ने यांत्रिक क्षमता 5.1—10 केएन, 10.1—20 केएन, 20.1—30 केएन, 30.1—50 केएन और 50. 1 केएन के एसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को की गई बिक्री सीआईएफ आधार पर है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के निर्यातक ने अंतरदेशीय परिवहन, पत्तन अनुषंगी शुल्क, विदेशी परिवहन और बीमा तथा ऋण लागत हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

(ख) चेंगडू ग्लोबल स्पेशल—ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कं0, लि0 तथा सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कं0 लि0

83. सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कं0 लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की सीधी बिक्री भारत में ग्राहकों को की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल ग्लास डिस्क इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 120 केएन, 160 केएन और 210 केएन के एसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने अंतरदेशीय भाड़े तथा पत्तन व्यय, समुद्री भाड़े एवं समुद्री बीमा हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

(ग) डालियान इंसुलेटर ग्रुप कं0 लि0

84. डालियान इंसुलेटर ग्रुप कं0 लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल डिस्क और सॉलिड कोर इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 120—160 केएन, 210 केएन और 320—420 केएन के एसी तथा डीसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है। भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ तथा सीएफआर आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने समुद्री भाड़े, बीमा, हैंडलिंग, फ़्यूमिगेशन निरीक्षण, सीएचए, सीमाशुल्क निकासी और बैंक प्रभारों हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है ।

(घ) नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कं0 लि0

85. नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कं0 लि0 ने जांच अवधि के दौरान भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात करने की सूचना दी है । वस्तु की सीधी बिक्री भारत में ग्राहकों को की गई है । जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत में केवल ग्लास डिस्क इंसुलेटरों का निर्यात किया है । इसके अलावा, कंपनी ने जांच अवधि के दौरान यांत्रिक क्षमता 120 केएन, 160 केएन और 210 केएन के एसी इंसुलेटरों का निर्यात किया है । भारतीय ग्राहकों को बिक्री सीआईएफ आधार पर की जाती है । कारखाना निर्यात कीमत निकालने के लिए निर्यातक ने अंतरदेशीय परिवहन, हैंडलिंग एवं लदान प्रभारों, समुद्री भाड़े, बीमा, ऋण लागत, बैंक प्रभारों और निर्यात पैकिंग हेतु समायोजनों का दावा किया है । उपर्युक्त निर्यातक के लिए प्राधिकारी ने निर्यात कीमत *** अम.डा. प्रति किग्रा. निर्धारित की है।

3. पाटन मार्जिन

86. पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए भारत हेतु निर्यात कीमत (निर्यातक द्वारा दावा किए गए और प्राधिकारी द्वारा अनंतिम रूप से स्वीकार किए गए सभी समायोजनों को छोड़कर) की तुलना सामान्य मूल्य के साथ की गई है । भारत को निर्यातित प्रत्येक प्रकार के इंसुलेटर के लिए सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत निर्धारित की गई है । जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश के सभी निर्यातकों/उत्पादकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्धारित किया गया है।

क्र.सं.	उत्पादक	निर्यातक	सामान्य मूल्य	निवल नियात कीमत	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन	पाटन मार्जिन
			अम.डा./मी.ट.	अम.डा./मी. ट.	अम.डा./मी.ट.	%	%
1	नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कं0 लि0	नानजिंग इलैक्ट्रिक (ग्रुप) कं0 लि0	***	***	***	***	105-115%
2	जिगोंग सेडिवर थुंगहैंग्ड इंसुलेटर कं0 लि0	जिगोंग सेडिवर थुंगहैंग्ड इंसुलेटर कं0 लि0	***	***	***	***	40-50%
3	सेडिवार इंसंलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0	सेडिवार इंसंलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0	***	***	***	***	40-50%
4	सेडिवार इंसंलेटर्स (शंघाई) कं0 लि0	सेडिवर एस ए	***	***	***	***	25-35%
	भारित औसत (2+3+4)		***	***	***	***	40-50%
5	डेलियान इंसंलेटर ग्रुप कं0 लि0	डेलियान इंसंलेटर ग्रुप कं0 लि0	***	***	***	***	80-90%
6	लीलिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं0, लि0	लीलिंग हुआक्सिन इंसुलेटर टेक्नोलॉजी कं0, लि0	***	***	***	***	10-20%
7	चेंगडू ग्लोबल स्पेशल–ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कं0 लि0	सिचुआन यीबिन ग्लोबल ग्रुप कं0 लि0	***	***	***	***	110-120%

<u>संबद्ध देश के अन्य उत्पादकों तथा निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत तथा पाटन मार्जिन</u>

87. प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रश्नावली का उत्तर चीन से विचाराधीन उत्पाद के केवल कुछ ही निर्यातकों द्वारा दायर किया गया है । निर्धारित प्रपत्र में और ढंग से संगत सूचना प्रदान करने में चीन के अन्य निर्यातकों ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है । चीन में अन्य उत्पादकों तथा निर्यातकों के संबंध में भारत के लिए सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत का निर्धारण सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर किया गया है । इस प्रयोजनार्थ प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा प्रदत्त सूचना को स्वीकार किया गया है । इस प्रकार से निकाला गया पाटन मार्जिन निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित है :

विवरण	अम.डा./मी.ट.
सामान्य मूल्य	***
निर्यात कीमत	***
पाटन मार्जिन	***
पाटन मार्जिन %	***
पाटन मार्जिन % रेंज	200-210

88. यह देखा जाता है कि विचाराधीन उत्पाद के चीन के सभी उत्पादकों–निर्यातकों द्वारा किए गए निर्यातों के संबंध में पाटन मार्जिन काफी अधिक है और सह नियमों में निर्धारित सीमा से ज्यादा है।

ड. क्षति

आयातकों, निर्यातकों, प्रयोक्ताओं तथा अन्य प्रयोक्ता एसोसिएशनों के अनुरोध

89. हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध संक्षेप में निम्नानुसार हैं :

क. पीजीसीआईएल की कीमत बोलियों की समीक्षा से यह पता चलेगा कि घरेलू उत्पादकों द्वारा एक दूसरे की कीमतों में कटौती की जा रही है और इसका कारण आयातकों को नहीं माना जा सकता ।

ख. डब्ल्यू टी ओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.4 में यह अधिदेश है कि घरेलू उद्योग के लिए बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट को प्रदर्शित करना अपेक्षित है । घरेलू

उद्योग न केवल कुछेक कारकों में वास्तविक गिरावट को प्रदर्शित करने में विफल रहा है अपितु उसने किसी भी कारक में संभावित गिरावट भी प्रदर्शित नहीं की है ।

ग. जांच अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन में केवल मामूली गिरावट आई है । यह गिरावट हाई वोल्टेज रेटिंग इलैक्ट्रिकल इंसुलेटरों के उत्पादन हेतु अपनी क्षमताएं उन्नत करने के लिए घरेलू उद्योग की अक्षमता के कारण आई है । इस मांग की पूर्ति आयातों द्वारा की जाती है ।

घ. डब्ल्यू एस आई को छोड़कर जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है जो एक अस्थायी गिरावट है । डब्ल्यू एस आई को शामिल करते हुए लाभ में गिरावट का पता चलता है जिसका तात्पर्य यह है कि केवल डब्ल्यू एस आई को घाटा हुआ है ।

ड. घरेलू उद्योग ने उस समय लाभ में भारी गिरावट का दावा किया है जब कीमत कटौती की रेंज स्थिर (20–40 प्रतिशत) है ।

च. घरेलू उद्योग की क्षति का दावा जांच अवधि में उत्पादन तथा लाभप्रदता में अस्थायी गिरावट पर आधारित है जबकि अपनी वार्षिक रिपोर्टों में उन्होंने इसके विपरीत उल्लेख किया है । मै0 मॉर्डन इंडस्ट्रीज ने वर्ष 2012–13 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लाभ की सूचना दी है और मै0 आदित्य बिड़ला नूवोली ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2012–13 में आगे यह सूचना दी है कि रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के कारण घरेलू विनिर्माताओं के क्षमता उपयोग तथा उत्पादकता में सुधार होगा ।

छ. क्षति अवधि में क्षमता उपयोग में एक सतत अनुकूल प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है और जांच अवधि में इसमें केवल 9 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई है । इसका वास्तविक कारण यह है कि घरेलू उद्योग हाई वोल्टेज रेटिंग इलैक्ट्रिकल इंसुलेटरों, जिनकी भारतीय प्रयोक्ताओं द्वारा भारी मांग की जाती है, के विनिर्माण हेतु अपनी क्षमताएं बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है ।

ज. घरेलू उद्योग ने निवेश पर आय की सूचना उसी रेंज (0–20 प्रतिशत) में दी है । चूंकि क्षमता उपयोग में गिरावट आई है और निवेश पर आय सकारात्मक है, इसलिए इससे लाभ मार्जिन में वृद्धि का पता चलता है । इसके अलावा, बिक्री कीमत बढ़ी है जबकि लागत में गिरावट आई है जिससे लाभ मार्जिन में बढ़ोत्तरी हुई है ।

झ. घरेलू उद्योग उत्पादकता के संबंध में बेहतर निष्पादन कर रहा है । जांच अवधि में कर्मचारियों की संख्या 102 सूचीबद्ध बिन्दुओं पर थी । प्रति कर्मचारी उत्पादकता काफी अधिक रही है । समूची क्षति अवधि में बिक्री अधिक रही है जिससे केवल 10 प्रतिशत की मामूली गिरावट का पता चलता है और इसका कारण आयातों को नहीं माना जा सकता ।

ट. जांच अवधि में घरेलू उद्योग अत्यंत उच्च कीमत पर अपनी वस्तुओं को बेचने में सफल रहा है । एबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई सूचना के अनुसार बिक्री मात्रा में गिरावट विद्युत क्षेत्र में प्रवृत्ति के कारण आई है । हिन्दुस्तान विद्युत की वार्षिक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि उत्पाद की मांग में वृद्धि होने की संभावना है अतः बिक्री में गिरावट अस्थायी है । व्यापार प्रचालनों में 10 प्रतिशत के भीतर घट–बढ़ सामान्य है ।

ठ. घरेलू उद्योग केवल 89 प्रतिशत मांग को ही पूरा करने में समर्थ होगा । परंतु अपनी अक्षमता के कारण घरेलू उद्योग केवल 52 प्रतिशत मांग को ही पूरा करने में समर्थ है और इसकी वजह आयातों को नहीं माना जा सकता ।

ड क्षति और पाटन के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है । निम्नलिखित तथ्य प्रासंगिक हैं :

i. बिक्री कीमत में वृद्धि के बावजूद लाभप्रदता में गिरावट आई है ।

ii. एबीआई ने प्रतिस्पर्धा के समान स्तर को स्वीकार किया है और मॉडर्न ने रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने के कारण उत्साहजनक परिस्थितियों का उल्लेख किया है ।

iii. हिंदुस्तान विद्युत ने भी एन टी पी सी तथा पी जी सी आई एल द्वारा निवेश बढ़ाए जाने के कारण बिक्री में वृद्धि होने की सूचना दी है ।

iv. हिंदुस्तान विद्युत के कथनानुसार लाभ में गिरावट उपभोक्ता का अधिमान बदलकर पॉलीमर इंसुलेटर किए जाने के कारण आई है ।

v. चूंकि यह उद्योग ऑर्डर आधारित उद्योग है, इसलिए सभी घरेलू उत्पादक अपनी कीमत कम करने में व्यस्त रहते हैं ताकि निविदाएं और ऑर्डर प्राप्त किए जा सकें और न कि आयातों के कारण । बाजार में पारस्परिक प्रतिस्पर्धा क्षति का कारण है क्योंकि यह ऑर्डर आधारित उद्योग है और बल्क क्रेताओं की संख्या बहुत कम है ।

vi. क्षमता का कम उपयोग हाई वोल्टेज इंसुलेटरों का उत्पादन करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता का उन्नयन करने हेतु घरेलू उद्योग की अक्षमता ऐसे कारक हैं जो केवल घरेलू उद्योग में ही निहित हैं ।

ड. सार्वजनिक हित : पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से घरेलू उद्योग को उस स्थिति में कोई लाभ होने वालो नहीं है जब कीमत में कटौती पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के कारण हो रही है न कि आयातों के कारण । पाटनरोधी शुल्क से कीमत में वृद्धि होगी जो उपभोक्ताओं के प्रतिकूल है ।

<u>घरेलू उद्योग के अनुरोध</u>

90. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि :

क. समूची क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग सकारात्मक रही है ।

ख. इस अवधि के दौरान संबद्ध देश से हुए आयातों में समग्र रूप में भारी वृद्धि प्रदर्शित हुई है । चीन से हुए आयातों की मात्रा भारत में हुए आयातों की समग्र मात्रा बन गई। चीन से पाटित आयातों में भारत में विचाराधीन उत्पाद की खपत और उसके उत्पादन की तुलना में वृद्धि हुई है ।

ग. भारित औसत उत्पाद कीमत (मूल सीमाशुल्क को शामिल करने के बाद) घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम रही है जिसके परिणामस्वरूप कीमत में अत्यधिक कटौती हुई है । क्षति मार्जिन काफी अधिक है ।

घ. समूची क्षति अवधि के दौरान आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से काफी कम रही है । आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों पर अत्यधिक न्यूनकारी प्रभाव पड़ा है । पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण समूची क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत के बीच अंतर कम रहा है और घरेलू उद्योग लागत में हुई वृद्धि के अनुपात में अपनी कीमत बढ़ाने में असमर्थ रहा है जिससे भारी घाटा हुआ है ।

ड. वर्ष 2010–11 में घरेलू उद्योग की क्षमताओं में वृद्धि हुई । वर्ष 2010–11 के बाद घरेलू उद्योग के उत्पादन में गिरावट आई है । पूर्ववर्ती वर्ष के साथ तुलना करने पर जांच अवधि में इसमें भारी गिरावट आई है । घरेलू बिक्रियों में यही प्रवृत्ति देखी गई है । क्षमता उपयोग में वर्ष 2010–11 में वृद्धि हुई परंतु उसके बाद उसमें भारी गिरावट आई ।

च. क्षति अवधि में निर्यात बिक्री में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है ।

छ. जांच अवधि के दौरान अत्यधिक वृद्धि के साथ मालसूची में समूची क्षति अवधि के दौरान भारी वृद्धि प्रदर्शित हुई है ।

ज. वर्ष 2010–11 के बाद समूची क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के लाभ में गिरावट आई है। घरेलू उद्योग को वर्ष 2011–12 से घाटा हो रहा है, जिसमें जांच अवधि के दौरान पर्याप्त वृद्धि हुई है । लाभप्रदता और नकद लाभ में यही प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है । पीबीआईटी तथा लगाई गई पूंजी पर आय में यही प्रवृति प्रदर्शित हुई है जो जांच अवधि में नकारात्मक बन गए हैं ।

झ. समूची क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है जबकि पाटित आयातों के बाजार हिस्से में क्षति अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है ।

ट. घरेलू उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान भारी संख्या में ऑर्डर गंवाए हैं ।

ठ. रोजगार के स्तर में वर्ष 2010–11 में वृद्धि हुई और उसके बाद गिरावट आई । क्षति अवधि में प्रदत्त मजदूरी में वृद्धि हुई है परंतु यह देश में मजदूरी में संभावित वृद्धि के अनुरूप है ।

द. उत्पादकता में उत्पादन के समान उतार–चढ़ाव रहा है ।

ध. यद्यपि, घरेलू उद्योग के निष्पादन पर डब्ल्यू एस आई को छोड़कर विचार किया जाता है, तथापि यह देखा जाएगा कि निष्पादन में भारी गिरावट आई है ।

ण. आयातों की मात्रा में अत्यधिक वृद्धि, चीन के उत्पादकों के पास बेशी क्षमताओं और उनके निर्यात अभिमुखीकरण, कीमत में अत्यधिक कटौती तथा कीमत ह्रास, घरेलू उद्योग के पास बढ़ती हुई मालसूची, पाटित आयातों के बाजार हिस्से, पीजीसीआईएल द्वारा चीन के उत्पादकों को दिए गए ऑर्डरों, चीन में मांग में कमी और चीन के उत्पादकों को प्राप्त कीमत लाभों के कारण आगे और वास्तविक क्षति होने का खतरा है ।

त. जहां तक इस तर्क का संबंध है, कि घरेलू उत्पादक एक–दूसरे की कीमत में कटौती कर रहे हैं, घरेलू उत्पादकों के बीच कीमत कटौती से बिक्री मात्रा में गिरावट नहीं आएगी । इससे केवल विभिन्न घरेलू उत्पादकों के बीच बिक्री का पुनसर्मायोजन होगा । इसके अलावा, चीन से हुई खरीद में वृद्धि और भारत से खरीद में आई गिरावट से स्पष्ट तौर पर इस बात की पुष्टि होती है कि चीन के उत्पादकों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई है ।

प्राधिकारी द्वारा जांच

91. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों को नोट किया है । प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच पाटनरोधी नियमों के अनुसार और हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों पर विचार करते हुए की है ।

92. नियमों के अंतर्गत प्राधिकारी के लिए मात्रात्मक तथा कीमत, दोनों प्रकार की जांच द्वारा क्षति की जांच करना अपेक्षित है । क्षति के निर्धारण में (क) पाटित आयातों की मात्रा और घरेलू बाजार में समान वस्तुओं की कीमत पर पाटित आयातों के प्रभाव, एवं (ख) ऐसी वस्तुओं के घरेलू उतपादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव, दोनों की तथ्यपरक जांच शामिल होती है । जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई है । जहां तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कीमत में पर्याप्त कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमत में काफी अधिक मात्रा में अन्यथा गिरावट आई है अथवा होने वाली इस वृद्धि में रुकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक स्तर तक बढ़ गई होती।

93. जहां तक घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध–।। के पैरा (IV) में निम्नानुसार उल्लेख है :

> "संबंधित घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में स्वाभाविक और संभावित गिरावट, सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता को प्रभावित करने वाले कारकों का मूल्यांकन शामिल होगा । "

94. क्षति के सभी मापदंडों में गिरावट का प्रदर्शन होना आवश्यक नहीं है । हालांकि कुछ मापदंड गिरावट प्रदर्शित कर सकते हैं, तथापि, कुछ सुधार दर्शा सकते हैं । निर्दिष्ट प्राधिकारी को समस्त क्षति मापदंडों पर विचार करना चाहिए और उसके बाद यह निष्कर्ष निकालना चाहिए कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति हुई है ।

95. अनुरोधों में दिए गए तथ्यों और तर्कों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने क्षति मापदंडों की तथ्यपरक जांच की है ।

96. जहां तक डब्ल्यू एस इंडस्ट्रीज को छोड़कर क्षति विवरण पर आधारित तर्कों का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि चूंकि प्राधिकारी ने डब्ल्यू एस को पात्र घरेलू उद्योग माना है, इसलिए क्षति विश्लेषण डब्ल्यू एस इंडस्ट्रीज को छोड़कर किया गया है । डब्ल्यू एस इंडस्ट्री के वैजाग स्थित एसईजैड संयंत्र को पात्र घरेलू उद्योग माना गया है और केवल क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू मापदंडों पर विचा किया गया है ।

97. जहां तक कुछ याचिकाकर्ता कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए विवरणों से जुड़े तर्कों का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए इन सार्वजनिक विवरणों से यह निष्कर्ष नहीं बदलता है कि उत्पाद के पाटन की वजह से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है । प्राधिकारी के लिए यह अपेक्षित है कि वह समग्र घरेलू उद्योग के निष्पादन पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण करे । इस प्रयोजनार्थ अलग–अलग कंपनी का निष्पादन प्रासंगिक नहीं है ।

98. जहां तक मांग–आपूर्ति में अंतर के तर्क का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि यदि निर्यातक भारतीय बाजार में जरूरत को पूरा करने के लिए वस्तु की आपूर्ति करना चाहते थे तो ऐसा सामान्य मूल्य के समतुल्य मूल्य पर जरूरतों के निर्यात द्वारा किया जा सकता था न कि पाटित मूल्य पर और बाजार पर कब्जा जमाने के लिए । इसके अलावा, हितबद्ध पक्षकारों ने यह प्रदर्शित नहीं किया है कि मांग–आपूर्ति मे अंतर विद्यमान है ।

99. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि उत्पादन और क्षमता उपयोग में कमी घरेलू उद्योग की अक्षमता के कारण आई है क्योंकि वे हाई वोल्टेज का उत्पादन करने की अपनी सुविधाओं का उन्नयन करने में असमर्थ हैं, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने हाई वोल्टेज इंसुलेटरों की आपूर्ति की है । इस बात की पुष्टि नहीं की गई है कि उत्पादन और क्षमता उपयोग में कमी घरेलू उद्योग की संभावित अक्षमता के कारण आई है ।

100. यह नोट किया जाता है कि जांच अवधि के दौरान कीमत कटौती में वृद्धि हुई है । भले ही, कटौती का प्रतिशत समान है, तथापि इसका तात्पर्य यह है कि घरेलू उद्योग की कीमतों में भी आयात कीमतों के अनुरूप गिरावट आई है और इसका तात्पर्य यह नहीं है कि बिक्री लागत और बिक्री कीमत की प्रवृत्ति में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

101. हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि बिक्री में गिरावट अस्थायी है क्योंकि मांग में वृद्धि होने की संभावना है । यह नोट किया जाता है कि मांग में वृद्धि के बावजूद घरेलू उद्योग वर्ष 2011–12 से अपनी बिक्री को बढ़ाने मे असमर्थ है । वस्तुतः घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट आई है।

102. जहां तक कारणात्मक संबंध से जुड़े तर्क का संबंध है, निम्नलिखित प्रासंगिक है :

i. बिक्री कीमत में वृद्धि लागत में वद्धि के कारण हुई है । तथापि, बिक्री कीमत में वृद्धि होने के बावजूद पाटित आयातों द्वारा घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती की जा रही है ।

ii. लगाए गए किसी पाटनरोधी शुल्क में मौजूदा रक्षोपाय शुल्क का ध्यान रखा जाएगा ताकि दोहरा संरक्षण न दिया जा सके ।

iii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि लाभ में गिरावट पालीमर इंसुलेटर के प्रति उपभोक्ता अधिमान में आए परिवर्तन के कारण आई है, यह नोट किया जाता है कि मांग की सकारात्मक प्रवृत्ति का समर्थन उपभोक्ता अधिमान में आए परिवर्तन के तर्क द्वारा नहीं किया गया है ।

iv. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग ने हाई वोल्टेज इंसुलेटरों की आपूर्ति की है ।

103. जहां तक पारस्परिक प्रतिस्पर्धा के तर्क का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि इंसुलेटर उद्योग मुख्यतः ऑर्डर पर आधारित है और ऑर्डर आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित सबसे कम कीमतों के आधार पर दिए जाते हैं । अतः पाटन का प्रभाव काफी अधिक बनता है । चीन के उत्पादकों द्वारा उत्तरोत्तर सबसे कम कीमतें उद्धृत की जा रही हैं और उनसे घरेलू उद्योग की कीमतों में भारी कटौती हो रही है जिससे घरेलू उद्योग के इस तर्क की पुष्टि होती है कि घरेलू उद्योग को क्षति पाटन के कारण हुई है । पारस्परिक प्रतिस्पर्धा का प्रश्न तब उठता जब अधिकांश निविदाएं भारतीय उत्पादकों को प्रदान की गई होती ।

मांग का निर्धारण

104. संबद्ध वस्तु की मांग का निर्धारण घरेलू समान उत्पाद की घरेलू बिक्री को सभी देशों से हुए संबद्ध वस्तु के आयातों में जोड़कर किया गया है । वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने चीन के सीमाशुल्क से प्राप्त आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तु की मांग में क्षति अवधि के दौरान भारी वृद्धि हुई है जैसा कि निम्नलिखित तालिका से देखा जा सकता है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
निर्धारित मांग	मी.ट.	1,18,840	1,56,964	1,37,321	1,44,636
संबद्ध देश आयात– चीन जन.गण.	मी.ट.	16,282	26,376	35,782	62,444
अन्य देश–आयात	मी.ट.	517	405	573	687
घरेलू उद्योग की बिक्री	मी.ट.	75,081	84,856	75,315	64,211
अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री	मी.ट.	26,960	45,327	25,650	17,294

105. उपर्युक्त तालिका से यह देखा जाता है कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान उत्पाद की मांग में अत्यधिक वृद्धि प्रदर्शित हुई है । प्रतिवादी निर्यातक ने यह तर्क दिया है कि आयातों में वृद्धि अपेक्षित प्रौद्योगिकी के उन्नयन तथा हाई वोल्टेज इंसुलेटरों की जरूरत हेतु घरेलू उद्योग की अक्षमता के कारण हुई है । अतः प्राधिकारी ने प्रतिवादी निर्यातकों के प्रश्नावली के उत्तरों पर विचार करते हुए आयातों का विश्लेषण किया है । यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग ने इंसुलेटरों के उन प्रकारों का उत्पादन और बिक्री की है जिनका भारत में आयात किया गया है । चूंकि घरेलू उद्योग ने चीन से आयातित इंसुलेटरों के प्रकारोां का उत्पादन और बिक्री की है, इसलिए इस बात की पुष्टि नहीं की जाती है कि आयात अपेक्षित प्रौद्योगिकी का उन्नयन करने और हाई वोल्टेज इंसंलेटरों की जरूरत हेतु घरेलू उद्योग की अक्षमता के कारण किए गए हैं ।

घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव और घरेलू उद्योग पर उसका प्रभाव

आयात मात्रा तथा संबद्ध देश का हिस्सा

106. जहां तक पाटित आयातों की मात्रा का संबंध है, प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है । संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा का विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है :

आयात की मात्रा	इकाई	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	जांच अवधि
संबद्ध देश चीन जन.गण.	मी.ट.	16,282	26,376	35,782	62,444
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*162*	*220*	*384*
अन्य देश	मी.ट.	517	405	573	687
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*78*	*111*	*133*
कुल आयात	मी.ट.	16,799	26,781	36,356	63,131
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*159*	*216*	*376*
भारतीय उत्पादन	मी.ट.	1,16,340	1,44,213	1,14,052	95,625

घरेलू उत्पादन की तुलना में संबद्ध देश से आयात	%	14.00%	18.29%	31.37%	65.30%
मांग	मी.ट.	1,18,840	1,56,964	1,37,321	1,44,636
खपत की तुलना में संबद्ध देश से आयात	%	13.70%	16.80%	26.06%	43.17%
कुल आयातों में संबद्ध देशों से आयात का हिस्सा	%	97%	98%	98%	99%

आयात आंकड़ों का स्रोत : चीन के लिए : चीन सीमाशुल्क और अन्य देशों के लिए डीजीसीआईएंड एस ।

107. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया जाता है कि :

क. चीन से हुए आयातों में समग्र रूप में भारी वृद्धि हुई है । जांच अवधि के दौरान आयातों में वृद्धि काफी अधिक है ।

ख. चीन से हुए आयात जांच अवधि में हुए कुल आयातों के 99 प्रतिशत बनते हैं ।

ग. उत्पादन की तुलना में चीन से हुए आयात वर्ष 2009–10 के दौरान 14.00 प्रतिशत से बढ़कर जांच अवधि में 65.30 प्रतिशत हो गए हैं ।

घ. कुल मांग की तुलना में चीन से हुए आयात वर्ष 2009–10 के दौरान 13.70 प्रतिशत से बढ़कर जांच अवधि में 43.17 प्रतिशत हो गए हैं ।

ड. समूची क्षति अवधि के दौरान भारत में उत्पादन एवं खपत की तुलना में चीन जन.गण. से हुए आयातों में सतत रूप से वृद्धि हुई है ।

108. अतः यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि चीन जन.गण. से हुए आयातों में समग्र रूप में और भारत में उत्पादन तथा खपत की तुलना में, दोनों प्रकार से वृद्धि हुई है ।

घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

109. जहां तक कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव का संबंध है, नियमावली के अनुबंध ।। (ii) में निम्नानुसार निर्धारित है :

"नियम 18 के उप नियम (2) में यथा उल्लिखित कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी यह विचार करेंगे कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की जा रही है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में अत्यधिक मात्रा में कमी करना है या ऐसी कीमत को रोकना है जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती ।"

110. इस बात की जांच की गई है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत में पाटित आयातों द्वारा अत्यधिक कटौती की गई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमत में अन्यथा काफी स्तर तक गिरावट आई है अथवा होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक सीमा तक बढ़ गई होती । घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है ।

कीमत कटौती

111. इस बात का निर्धारण करने के लिए कि क्या आयातों से बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही है, प्राधिकारी ने आयातों की पहुंच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के साथ की है । इस संबंध में उत्पाद के पहुंच मूल्य और सभी रिबेटों और करों को छोड़कर घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत के बीच व्यापार के समान स्तर पर तुलना की गई है । घरेलू उद्योग की कीमत का निर्धारण कारखाना स्तर पर किया गया है । तुलना से यह पता चला कि जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश के मूल की संबद्ध वस्तु का भारतीय बाजार में आयात उस कीमत पर किया गया था जो घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम थी । अतः यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के आयातों के कारण घरेलू कीमतों में कटौती हो रही थी और कटौती मार्जिन निम्नलिखित तालिका के अनुसार दर्शाया गया है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
सीआईएफ निर्यात कीमत	रू./मि.ट.	81,507	97,006	95,710	81,415
आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मि.ट.	88,682	105,544	104,135	88,581
घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत	रू./मि.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	रू./मि.ट.	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***
कीमत कटौती	श्रेज	20-30	10-20	15-25	30-40

112. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि कीमत कटौती की रेंज असंगत होने की स्थिति में घरेलू उद्योग को हुए भारी घाटे का मिलान करना कठिन है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान कीमत कटौती में वृद्धि हुई है ।

कम कीमत पर बिक्री

113. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. से हुए आयातों के कारण घरेलू उद्योग द्वारा की गई कम कीमत पर बिक्री की भी जांच की है । इस प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित क्षति रहित कीमत की तुलना आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है । घरेलू उद्योग की भारित औसत क्षति रहित कीमत की आयातों की भारित औसत पहुंच कीमत के साथ तुलना से निम्नानुसार पता चलता है :

विवरण	यूओएम	जांच अवधि
भारित औसत–क्षतिरहित कीमत	रू./मि.ट.	***
प्लुंच कीमत	रू./मि.ट.	88,581
कम कीमत पर बिक्री	रू./मि.ट.	***
कम कीमत पर बिक्री	%	***
कम कीमत पर बिक्री	% रेंज	55-65%

114. यह देखा जाता है कि चीन से संबद्ध वस्तु की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग के लिए निर्धारित क्षतिरहित कीमत से काफी कम थी ।

कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

115. इस बात का निर्धारण करने के लिए कि क्या पाटित आयातों के कारण घरेलू कीमतों में ह्रास अथवा न्यूनीकरण हो रहा है और क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में काफी अधिक सीमा तक ह्रास हुआ है अथवा होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक मात्रा में बढ़ गई होती, प्राधिकारी ने क्षति अवधि के दौरान लागत और कीमत में परिवर्तनों पर विचार किया है । स्थिति निम्नलिखित तालिका के अनुसार दर्शायी जाती है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
बिक्री की लागत (घरेलू)	रू./मि.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	123	134
बिक्री मूल्य (घरेलू)	रू./मि.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	111	114

116. यह देखा जाता है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागत और बिक्री कीमत, दोनों में वृद्धि हुई है । तथापि, बिक्री कीमत में वृद्धि लागत में हुई वृद्धि की तुलना में काफी कम है । इस प्रकार आयातों के कारण बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत का ह्रास हो रहा था और कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई थी जिसमें अन्यथा वृद्धि हो गई होती ।

घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

117. नियमावली के अनुबंध–।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के विश्लेषण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । जहां तक ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव का संबंध है, नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले कारकों, पाटन मार्जिन की मात्रा; नकद प्रवाह, माल सूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित ऋणात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर नीचे चर्चा की गई है :

उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग तथा बिक्री

118. उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता एवं क्षमता उपयोग के बारे मे घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार था :–

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
क्षमता	मी.ट.	114,489	114,489	115,239	117,789
उत्पादन	मी.ट.	89,380	98,886	88,402	78,331
क्षमता उपयाग	%	78%	86%	77%	67%
घरेलू बिक्री	मी.ट.	75,081	84,856	75,315	64,211

119. उपर्युक्त तालिका से यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2011–12 और जांच अवधि में क्षमता में वृद्धि की । क्षति अवधि के दौरान देश में विचाराधीन उत्पाद की मांग में भारी वृद्धि हुई है ।

120. घरेलू उद्योग के उत्पादन में 2010–11 में वृद्धि हुई । तथापि, पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में उत्पादन में भारी गिरावट आई और वर्ष 2011–12 तथा जांच अवधि में आगे और गिरावट आई । जांच अवधि में घरेलू उद्योग का उत्पादन वर्ष 2009–10 में हुए उत्पादन की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत कम रहा था जबकि इसी अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

121. घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग उत्पादन के समान ही रहा है । क्षमता उपयाग में 2010–11 में वृद्धि हुई और उसके बाद 2011–12 और जांच अवधि में भारी गिरावट आई । जांच अवधि के दौरान क्षमता उपयोग 2009–10 के क्षमता उपयोग की तुलना में 11 प्रतिशत कम रहा था ।

122. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि क्षमता उपयोग में कमी घरेलू उद्योग की अक्षमता के कारण आई है क्योंकि वह हाई वोल्टेज इंसुलेटरों के उत्पादन हेतु अपनी क्षमताएं उन्नत करने में असमर्थ था । यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने इंसुलेटर के उन प्रकारों का उत्पादन और बिक्री की है जिन्हें जांच अवधि के दौरान भारत में आयात किया गया है ।

123. घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की बिक्री में 2010–11 में वृद्धि हुई और उसके बाद गिरावट आई । वर्ष 2009–10 की तुलना में जांच अवधि में घरेलू बिक्री में 14 प्रतिशत और 2010–11 की तुलना में 24 प्रतिशत की गिरावट आई ।

124. यह तर्क दिया गया है कि याचिकाककर्ताओं ने बिक्री में संभावित गिरावट प्रदर्शित नहीं की है । यह नोट किया जाता है कि आंकड़ों में बिक्री में वास्तविक गिरावट प्रदर्शित की गई है जिससे घरेलू उद्योग को हुई क्षति की स्वतः पुष्टि होती है । प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण पाटनरोधी नियमों और प्राधिकारी की स्थापित परंपरा के अनुसार किया है ।

125. यह तर्क दिया गया है कि बिक्री में गिरावट अस्थायी है क्योंकि मांग में सुधार होने की संभावना है । यह नोट किया जाता है कि मांग में वृद्धि होने के बावजूद घरेलू उद्योग 2010–11 से अपनी बिक्री को बढ़ाने मे अक्षम है । वस्तुतः घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट आई है ।

126. अतः यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि देश में उत्पाद की मांग में वृद्धि होने के बावजूद घरेलू उद्योग के उत्पादन, घरेलू बिक्री और क्षमता उपयोग में भारी गिरावट आई है ।

लाभ, लाभप्रदता, निवेश पर आय तथा नकद लाभ

127. घरेलू उद्योग की बिक्री लागत, बिक्री कीमत, लाभ/हानि, नकद लाभ और निवेश पर आय का विश्लेषण निम्नानुसार किया गया है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
लाभ/हानि	रू./मि.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*160*	*(272)*	*(543)*
ब्याज पूर्व लाभ	रू./मि.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*133*	*2*	*(72)*
नकद लाभ	रू./मि.ट.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*126*	*(54)*	*(162)*
सकल लाभ/हानि	लाख रू0	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*181*	*(272)*	*(464)*
पीबीआईटी	लाख रू0	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*150*	*2*	*(62)*
नकद लाभ	लाख रू0	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*143*	*(54)*	*(138)*
आरओसीई	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*136*	*1*	*(48)*

128. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष में घरेलू उद्योग ने लाभ कमाया है । वर्ष 2010–11 में स्थिति में सुधार हुआ और घरेलू उद्योग ने उस वर्ष में लाभ कमाया । तथापि, उसके बाद घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में भारी गिरावट आई और घरेलू उद्योग को 2011–12 और उसके बाद जांच अवधि में वित्तीय घाटा हुआ । इसके अलाव, जांच अवधि में लाभप्रदता में भारी गिरावट आई ।

129. क्षति अवधि के दौरान निवेश में आय की प्रवृत्ति लाभ जैसी प्रदर्शित हुई है । ब्याज एवं कर पूर्व लाभ (पीबीआईटी) में 2010–11 में वृद्धि हुई और उसके बाद गिरावट आई और यह जांच अवधि में नकारात्मक बन गया । घरेलू उद्योग हेतु निवेश पर आय में 2010–11 में सुधार हुआ और वह 2011–12 तक सकारात्मक रहे । तथापि, जांच अवधि में निवेश पर आय नकारात्मक बन गई ।

130. नकद लाभ में भी लाभ के समान प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है । नकद लाभ में 2010–11 में सुधार हुआ और उसके बाद उसमें गिरावट आई । इसके अलावा, जांच अवधि में अत्यधिक गिरावट के साथ नकद लाभ 2011–12 से नकारात्मक रहा ।

बाजार हिस्सा

131. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभावों की जांच निम्नानुसार की गई है :

बाजार हिस्सा	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
मांग	मी.ट.	1,18,840	1,56,964	1,37,321	1,44,636
घरेलू उद्योग का हिस्सा	%	63.18%	54.06%	54.85%	44.39%
अन्य उत्पादक का हिस्सा	%	22.69%	28.88%	18.68%	11.96%
संबद्ध देश का हिस्सा	%	13.70%	16.80%	26.06%	43.17%
अन्य आयातों का हिस्सा	%	0.43%	0.26%	0.42%	0.48%

132. उपर्युक्त तालिका से यह देखा जाता है कि समूची क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है और चीन के हिस्से में लगातार वृद्धि हुई है । आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बाजार हिस्से में 19 प्रतिशत की गिरावट आई । सकारात्मक कीमत कटौती और चीन के बाजार हिस्से में हुई वृद्धि पर विचार करते हुए यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि चीन जन.गण. से हुए पाटित आयातों के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है ।

रोजगार, उत्पादकता तथा मजदूरी

133. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित स्थिति निम्नानुसार है :

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	जांच अवधि
श्रोजगार	सं0	8,686	9,230	9,027	8,825
प्रति दिवस उत्पादकता	प्रति दिवस	257	285	254	226
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	प्रति मि.ट.	10	11	10	9
मजदूरी	लाख रू0	***	***	***	***

134. यह नोट किया जाता है कि वर्ष 2010–11 में घरेलू उद्योग के पास रोजगार में वृद्धि हुई और इस वर्ष विभिन्न आर्थिक मापदंडों में सुधार हुआ तथा क्षमता में वृद्धि हुई । घरेलू उद्योग के पास रोजगार में उसके बाद गिरावट आई । क्षति अवधि में प्रदत्त मजदूरी में वृद्धि हुई है । उत्पादकता में 2010–11 में वृद्धि हुई और उसके बाद उत्पादन की प्रवृत्ति के अनुरूप गिरावट आई ।

मालसूची

135. संबद्ध वस्तु की मालसूची से संबंधित आंकड़े निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए हैं :

विवरण	**इकाई**	2009-10	2010-11	2011-12	**जांच अवधि**
औसत स्टॉक	MT	8,212	8,568	9,055	10,038

136. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की मालसूची में समूची क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान मालसूची में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है ।

वृद्धि

विवरण	माप की इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
उत्पादन	वर्ष/ वर्ष		11%	-11%	-11%
घरेलू बिक्री	वर्ष/ वर्ष		13%	-11%	-15%
बिक्री की लागत	वर्ष/ वर्ष		***	***	***
बिक्री प्रकिया	वर्ष/ वर्ष		***	***	***
लाभ/(हानि)	वाई/वाई		***	***	***
आरओआई	वर्ष/ वर्ष		***	***	***

137. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्ष 2010–11 में उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता उपयोग, लाभ, निवेश पर आय, नकद लाभ के बारे में घरेलू उद्योग की वृद्धि सकारात्मक थी । तथापि, देश में उत्पाद की मांग में सकारात्मक वृद्धि के बावजूद इन मापदंडों में वृद्धि नकारात्मक बन गई है । कुल मिलाकर क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की वृद्धि नकारात्मक रही है ।

विवरण	**इकाई**	2009-10	2010-11	2011-12	**जांच अवधि**
मंग	मी.ट.	1,18,840	1,56,964	1,37,321	1,44,636
उत्पादन	मी.ट.	89,380	98,886	88,402	78,331
क्षमता उपयोग	%	78%	86%	77%	67%
घरेलू बिक्री	मी.ट.	75,081	84,856	75,315	64,211
घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा	%	63.18%	54.06%	54.85%	44.39%
लाभ/(हानि)	लाख रूपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*181*	*(272)*	*(464)*
नकद लाभ	लाख रूपए	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*143*	*(54)*	*(138)*
निवेश पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	*100*	*136*	*1*	*(48)*

निवेश जुटाने की क्षमता

138. प्राधिकारी नोट करते हैं कि देश में उत्पाद की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग ने क्षमता बढाने के लिए निवेश किए हैं । तथापि, इन निवेशों के बावजूद घरेलू उद्योग के निष्पादन में भारी गिरावट आई है ।

पाटन तथा पाटन मार्जिन का स्तर

139. यह नोट किया जाता है कि देश में संबद्ध देश से आयात पाटित कीमतों पर हो रहे हैं और यह कि पाटन मार्जिन काफी अधिक है ।

140. संबद्ध देश से आयात कीमतों, लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा और पाटित आयातों से इतर कारकों, जिनसे घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं आदि की जांच से यह पता चलता है कि संबद्ध देशों से आयातित सामग्री का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत एवं क्षतिरहित कीमत से कम है जिसकी वजह से भारतीय बाजार में कीमत में अत्यधिक कटौती तथा कम कीमत पर बिक्री हो रही है । इस प्रकार, घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला करक संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का पहुंच मूल्य है ।

क्षति के बारे में निष्कर्ष

141. इस प्रकार यह देखा जाता है कि संबद्ध देश से पाटित आयातों की मात्रा में समग्र रूप में भारी वृद्धि हुई है । आयातों में भारत में उत्पाद की खपत और इसके उत्पादन की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है । इस प्रकार आयातों में समग्र रूप में और भारत में उत्पादन तथा खपत की तुलना में वृद्धि हुई है । पाटित आयातों द्वारा बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती की जा रही है । पाटित आयातों का कीमत ह्रास के रूप में अत्यधिक प्रतिकूल कीमत प्रभाव पड़ा है । पाटित आयातों के प्रभाव के कारण कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है जिसमें अन्यथा काफी अधिक मात्रा में वृद्धि हो गई होती । आयातों की वजह से घरेलू उद्योग लागत में हुई वृद्धि के अनुपात में अपनी कीमत को बढ़ाने से वंचित हुआ है । घरेलू उद्योग द्वारा अत्यधिक कम कीमत पर बिक्री की जा रही है । प्राधिकारी द्वारा निर्धारित पाटन मार्जिन काफी अधिक है । जहां तक घरेलू उद्योग

